संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण को संबोधन के दौरान।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 223 पृष्ठः 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com

हरियाणा संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'शिवराज' में खुले रोजगार के द्वार'

- तीन वर्षों में 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए मप्र सरकार बधाई की पात्रः पीएम मोदी, शिक्षक विद्यार्थियों की चिंता करें, शिक्षकों की चिंता करना मेरा दायित्वः शिवराज, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नवनियुक्त 5 हजार 580 शिक्षकों को प्रदान किए नियुक्ति बधाई पत्र

**जिम्मेदारी**

**आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारीः पीएम**

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में नियुक्त होने वाले 5 हजार 500 से अधिक शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि आप पर भारत की भावी पीढ़ी को गढ़ने, उन्हें आधुनिकता में ढालने और नई दिशा देने की जिम्मेदारी है। पिछले तीन वर्षों में हुई लगभग 50 हजार शिक्षकों की भर्ती के लिए राज्य सरकार बधाई की पात्र है। प्रधानमंत्री मोदी नवनियुक्त शिक्षकों के प्रशिक्षण-सह-उन्मुखीकरण तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपने के लिए शासकीय महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को हुए कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़कर नवनियुक्त शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी नवनियुक्त शिक्षकों को प्रेरित किया तथा उन्हें बधाई पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मंत्री जनजातीय कार्य विभाग मीना सिंह एवं स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार उपस्थित थे।



### 'मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर हुए विशेष प्रयास'

**प्रधानमंत्री** मोदी ने कहा कि नव नियुक्त शिक्षक राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं। विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने में राष्ट्रीय शिक्षा नीति का प्रभावी योगदान है। इसमें पारम्परिक ज्ञान से लेकर भविष्य की टेक्नालॉजी को समान रूप से महत्व दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी नया पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। मातृ भाषा में पढ़ाई को लेकर विशेष प्रयास हुए हैं। सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंग्रेजी न जानने वाले छात्रों के लिए उनकी मातृ भाषा में पढ़ाई की व्यवस्था की गई है।

**शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं हैः** मुख्यमंत्री चौहान ने नव नियुक्त शिक्षकों से कहा कि शिक्षकों का काम विद्यार्थियों को बेहतर ज्ञान और बेहतर मनुष्य बनने के संस्कार देना है। शिक्षक बनना कोई साधारण नौकरी नहीं है, शिक्षक इंसान गढ़ने का काम करते हैं।

आप विद्यार्थियों की चिंता करिए आप सभी के भविष्य की चिंता करना मेरा काम है। मुख्यमंत्री ने नव नियुक्त शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सब मेरे भांजे-भांजियाँ हैं और हमारा प्रेम व स्नेह का नाता है। शिक्षक अर्थात गुरू का दायित्व ग्रहण करने से मेरे मन में आपके प्रति आदर भाव है। गुरू का अर्थ अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाना है। गुरू वह कुम्हार है जो माटी से जैसी चाहे मूर्ति बना दे। जैसा आप बच्चों को गढ़ना चाहेंगे गढ़ देंगे। आप पर ही आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गढ़ने की जिम्मेदारी है।

### योग, व्यायाम, ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएंः शिवराज



**मुख्यमंत्री** ने कहा कि नवनियुक्त शिक्षक लगातार बेहतर करने और अपने कार्य में नवाचार का निरंतर प्रयास करें। सदा प्रसन्न रहें, तनाव रहित रहें, प्रातः काल योग,व्यायाम, ध्यान को दिनचर्या का अंग बनाएं। इससे कार्यक्षमता बढ़ेगी और आप अपने पारिवारिक और शासकीय कार्यों में संतुलन बनाते हुए बेहतर परिणाम देंगे तथा आपका जीवन भी अधिक आनंदमय बनेगा।

**आदि शंकराचार्य, स्वामी विवेकानंद और भगवद गीता के प्रसंगों से किया प्रेरितः** मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि आदिपुरूष शंकराचार्य जी ने कहा था जो मुक्ति दिलाए, वही शिक्षा है। मुक्ति का अर्थ है जो इस लोक में हमें रहने के लायक बना दे अर्थात हमें ज्ञान, कौशल और नागरिकता के संस्कार दे, वही शिक्षा है। मेरी प्रेरणा स्वामी विवेकानंद रहे हैं। वे कहते थे शिक्षा वह है जो मुनष्य को मनुष्य बना दे।

मनुष्य का अर्थ है चरित्रवान, ईमानदार, शालीन, कर्मठ, देशभक्त और परोपकारी तथा जो दुनिया को बेहतर बनाए, वही मनुष्य है। मुख्यमंत्री ने नवनियुक्त शिक्षकों से श्रीमद भगवद गीता में उल्लेखित सात्विक कार्यकर्ता के गुणों के अनुरूप अपना व्यक्तित्व विकसित करने का आहवान किया।

**'नवनियुक्त शिक्षक पूरी मेहनत और सम्पर्ण से कार्य करें': मंत्री** जनजातीय कार्य विभाग मीना सिंह ने नवनियुक्त शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री इन्दर सिंह परमार ने कहा कि समाज, देश और प्रदेश के निर्माण में शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है।



राष्ट्रपति मुर्मू एक मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित करते हुए।

## भाजपा ने कर्नाटक में किसानों की स्थिति पर सरकार को घेरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**जनता** पार्टी (भाजपा) ने कर्नाटक में किसानों की खराब होती स्थिति पर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा नेता राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कर्नाटक में कृषि क्षेत्र पूरी तरह बर्बाद हो गया है। यह स्थिति किसानों के लिए चुनौतीपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कई जिले सूखे की मार झेल रहे हैं और मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री तथा राज्य के कृषि मंत्री बेंगलुरु से बाहर नहीं निकले हैं। उनकी यात्रा केवल बेंगलुरु और दिल्ली के बीच सीमित है। मंत्रियों को किसानों की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

## हमारी बुद्धिजीवियों पर से केस हटाएंः कुकी संगठन




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कुकी** संगठन कुकी इन्पी मणिपुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि हमारे एकेडमीशियंस पर लगे केस वापस लिए जाएं। पीएम को भेजे मेमोरेंडम में कहा कि हमारे कई स्कॉलर्स, लेखक और समुदाय के नेताओं को लगातार धमकी मिल रही है और उनका हैरेसमेंट किया जा रहा है। वहीं मणिपुर मामले पर तीन महिला जजों की कमेटी ने 3 रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट से कहा कि लोगों के जरूरी डॉक्यूमेंट्स खो गए हैं, उन्हें फिर से जारी किया जाए।

**दो कुकी असिस्टेंट प्रोफेसर और रिटायर्ड कर्नल को गिरफ्तार किया गयाः** कुकी संगठन ने ये भी कहा कि कुकी समुदाय के लोगों पर किए गए केस से रिसर्च वर्क, एकेडमिक एक्टिविटीज और अभिव्यक्ति की आजादी प्रभावित हो रही है। मणिपुर पुलिस ने जवाहर लाल नेहरू के दो कुकी असिस्टेंट प्रोफेसरों और एक रिटायर्ड कर्नल को गिरफ्तार किया है। इन लोगों ने एक किताब एंग्लो-कुकी वॉर 1917-19 को लिखा है। संगठन का ये भी कहना है कि हमारे पढ़े-लिखे लोगों पर लगाए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। कुकी नेता, हमारे सोशल एक्टिविस्ट्स और स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन जो कई मंचों पर हमारी बातें रखते हैं, उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। ये एक तरह से हमारी आवाज दबाने की कोशिश है।

कोलकाता में 16 अगस्त को एक म्यूजिकल प्रोग्राम हुआ था। इसमें कुकी और मैतेई दोनों समुदाय के गायक-संगीतकार शामिल हुए थे।

**अपील**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि हमारे एकेडमीशियंस पर लगे केस वापस लिए जाए**

## सीबीआई के 6841 केस कोर्ट में पेंडिंगः सीवीसी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने 2022 की एनुअल रिपोर्ट जारी की है। जिसमें कहा गया है कि सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने भ्रष्टाचार के जिन मामलों की जांच पूरी कर ली है, उनमें से 6841 मामले कोर्ट में पेंडिंग हैं, यानी इन पर अभी तक कोई फैसला नहीं आ सका है। इनमें से 313 मामले तो ऐसे हैं, जिन्हें कोर्ट में पहुंचे 20 साल से ज्यादा समय हो गया है। सीवीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 दिसंबर 2022 तक सीबीआई के पास 692 केस पेंडिंग थे, जिनकी जांच सीबीआई को करनी थी। इनमें से 42 केस ऐसे हैं, जिनकी जांच शुरू हुए 5 साल से ज्यादा वक्त बीत चुका है। जबकि सीबीआई को एक साल के भीतर जांच पूरी करनी होती है। 2022 में कुल 946 केस दर्ज किए। इनमें से 829 रेग्युलर केस थे और बाकी 117 प्राइमरी इन्क्वायरी केस थे। 946 मामलों में से 107 संवैधानिक अदालतों के आदेश पर उठाए गए और 30 मामले राज्य सरकारों ने हैंड ओवर किए थे।

### आयोग ने जांच में देरी के कारण भी गिनाए

**सीवीसी** ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि कुछ मामलों में जांच पूरी करने में देरी हुई है। रिपोर्ट में कहा है कि देरी के कुछ कारणों में वर्कलोड के कारण जांच में देरी, मैन पावर की कमी और दूर रहने वाले गवाहों का पता लगाने में लगने वाला समय जैसी बातें शामिल हैं।

सीवीसी ने 11 अगस्त को एनुअल रिपोर्ट जारी की है। जिसमें सभी विभागों के खिलाफ मिली शिकायतों और उनके निवारण की जानकारी है।

## 370 हटाने को सही ठहराने की मांग, याचिका खारिज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें यह घोषणा करने की मांग की गई थी कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के आर्टिकल 370 को निरस्त करना, संवैधानिक रूप से वैध था। याचिका को गलत बताते हुए चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि आर्टिकल 370 को निरस्त करने की संवैधानिक वैधता का मुद्दा पहले से ही शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के समक्ष लंबित है।

## चंद्रमा पर चंद्रयान-2 ने चंद्रयान-3 का किया स्वागत

**संचार**

**23 अगस्त शाम 5.45 मिनट पर चंद्रयान-3 चांद पर कदम रखेगा, संचार स्थापित किया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**चंद्रयान-3** इतिहास रचने के महज कुछ ही घंटों की दूरी पर है। चांद पर लैंडिंग की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। 23 अगस्त शाम 5.45 मिनट पर चंद्रयान-3 चांद पर कदम रखेगा। इस बीच सोमवार को चंद्रयान-2 ने चंद्रयान -3 का औपचारिक स्वागत किया। दोनों के बीच दोतरफा संचार स्थापित हो गया है। इससे पहले इसरो ने यान द्वारा ली गई चंद्रमा की कुछ तस्वीरें भी साझा की। सोमवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ट्वीट करके कहा कि चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल का स्वागत किया। दोनों के बीच द्विपक्षीय संपर्क स्थापित किया गया है। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में भारत ने अपना मिशन चंद्रयान-2 लॉन्च किया था लेकिन सॉफ्ट लैंडिंग में गड़बड़ी हो गई थी। चंद्रयान-2 क्रैश हुआ लेकिन इसने अपना काम किया था। चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर पिछले 4 साल से चांद के इर्द-गिर्द चक्कर लगा रहा है और अपना काम कर रहा है।

## सनी देओल का बंगला नीलामी आदेश 24 घंटे में वापस

**बैंक ने सोमवार को अखबारों में खंडन जारी कर कहा- यह नोटिस तकनीकी कारणों से वापस लिया जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई** एक्टर **सनी** देओल के जुहू स्थित बंगले की नीलामी का नोटिस बैंक ऑफ बड़ौदा ने 24 घंटे में वापस ले लिया। बैंक ने सोमवार को अखबारों में खंडन जारी कर कहा- यह नोटिस तकनीकी कारणों से वापस लिया जा रहा है। सनी देओल की प्रॉपर्टी की नीलामी नहीं होगी। इससे पहले रविवार को पब्लिश हुए नोटिस के मुताबिक सनी ने 56 करोड़ रुपए लोन लिया था, जिसे उन्होंने चुकाया नहीं। लोन न चुका पाने पर 25 सितंबर को बंगले की नीलामी की तारीख भी दी गई थी। बैंक ने सनी से लोन रिकवरी के नोटिस का विज्ञापन भी छपवाया था।

## ओबीसी महासम्मेलनः स्वामी प्रसाद मौर्या पर जूता फेंका

**हमलावर काबू**

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**मऊ में** स्याही कांड के बाद अब लखनऊ में जूता कांड हुआ है। सोमवार को सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या को वकील की ड्रेस पहनकर आए युवक ने जूता फेंककर मारा। स्वामी प्रसाद सपा के पिछड़ा वर्ग के महासम्मेलन में शामिल होने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान पहुंचे थे। कार से उतरकर वह अंदर जा रहे थे, तभी युवक ने जूते से उन पर हमला कर दिया। जूता स्वामी प्रसाद को छूता हुआ दूर गिरा। सपा कार्यकर्ताओं ने हमलावर युवक को पकड़ लिया। उसको पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पुलिस उसे बचाने का प्रयास करती रही।



**वकील की ड्रेस में आया युवक, कार्यकर्ताओं ने जमकर पीटा; अखिलेश बोले- बीजेपी कार्यकर्ता होगा**

लेकिन सपा कार्यकर्ता बार-बार पुलिस से छुड़ाकर उसको पीटते रहे। बमुश्किल युवक को पुलिस ने सपा कार्यकर्ताओं से छुड़ाया। दरअसल, ओबीसी महासम्मेलन में अखिलेश यादव को भी आना था। अखिलेश के पहुंचने से पहले 11.30 बजे स्वामी प्रसाद मौर्या पहुंचे। तभी यह घटना हुई। इस सम्मेलन में मौर्या, कुशवाहा, शाक्य, सैनी और बिंद समाज के पूर्व मंत्रियों, विधायक, पूर्व विधायकों, पूर्व सांसदों और पूर्व राज्यसभा सांसदों को बुलाया गया था। जूता कांड के बाद महासम्मेलन में पहुंचे अखिलेश ने बीजेपी पर निशाना साधा। कहा, "बीजेपी चुनाव से पहले क्या-क्या करेगी।

यह किसको पता है। कुछ भी हो सकता है। ये सरकार एक कंपनी को हायर करके अपने झूठ को सच बनाना चाहती है।"

**चर्चा** — प्रत्येक सप्ताह मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित होगी मंडे मीटिंग

## योजनाओं को समयबद्ध पूरा करेः सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, बजट घोषणाओं और इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर की गई घोषणाओं की प्रगति पर सभी प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक सचिव राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं और अन्य घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करने की दिशा में उचित कार्रवाई करें, ताकि प्रदेशवासी इन योजनाओं से शीघ्र लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सभी विभागों को लम्बित फाइलों का शीघ्र निपटारा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि लोगों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में आधुनिक तकनीक का समावेश कर सेवाओं को और अधिक सुलभ किया गया है और इससे विभागीय कार्य प्रणाली में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण, लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए यूवी तकनीक का उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा देने और अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी आरम्भ करने सहित अन्य परियोजनाओं को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में संबंधित विभाग समयसीमा तय कर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आईजीएमसी शिमला और चमियाना तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधाएं शीघ्र आरम्भ जा रही हैं और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग शीघ्र सभी औपचारिकताएं पूरी करें।

**कार्रवाई**

**सभी फ्लैगशिप योजनाओं और अन्य घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करने की दिशा में उचित कार्रवाई करें**



## एशिया कप के लिए भारतीय टीम घोषित

**टीम गठित**

**टीम में चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की वापसी हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भारतीय** क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को पाकिस्तान और श्रीलंका की मेजबानी में खेले जाने वाले एशिया कप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। टीम में चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर और केएल राहुल की वापसी हुई है, जबकि संजू सैमसन को स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में रखा गया है। युजवेंद्र चहल को टीम में शामिल नहीं किया गया है। इसके अलावा हार्दिक पांड्या को टीम का उपकप्तान बनाया गया है। तेज गेंदबाजी की जिम्मेदारी जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और प्रसिद्ध कृष्णा के ऊपर होगी, जबकि स्पिन विभाग का जिम्मा कुलदीप यादव के ऊपर होगी। हरफनमौला खिलाड़ी के रूप में अक्षर पटेल, रवींद्र जडेजा और शार्दुल ठाकुर पर होगा।



**एशिया कप के लिए भारतीय टीम इस प्रकार है-** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, केएल राहुल, ईशान किशन, हार्दिक पांड्या (उपकप्तान), रवींद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा।

ACTION INDIA
करनाल, 22 अगस्त 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# बीपीएल कार्ड काटने के विरोध में आप का प्रदर्शन

## सरकार को नींद से जगाने और प्रदेश के मुद्दे बताने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया/बाढडा/चरखी दादरी**
**आम** आदमी पार्टी के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदेश में बढ़े हुए बिजली के बिल ना भर पाने के कारण गरीब लोगों के बीपीएल कार्ड काटने के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने कहा कि शायद सीएम खट्टर चादर तान कर सोए हुए हैं उनको नींद से जगाने के लिए और प्रदेश के मुद्दे सरकार को बताने के लिए ज्ञापन सौंपा गया है। इसके बाद उन्होंने किसानों के धरने को समर्थन दिया। पत्रकारों से बातचीत में अनुराग ढांडा ने कहा कि खट्टर सरकार की नीतियों के चलते प्रदेश का कोई ऐसा वर्ग नहीं है जो परेशान न हो। गरीबों की पेंशन, बीपीएल कार्ड, प्रॉपर्टी आईडी या फैमिली आईडी हो, हर मुद्द को लेकर लोग दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनियां 1200 करोड़ रुपए बीमा क्लेम का दबाए बैठी है और सरकार कुछ बोलने को तैयार नहीं है। इसका मतलब बीमा कंपनियों के साथ सरकार की मिली भगत है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने लोगों से जुड़ी समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है और सरकार तक बात पहुंचाने की कोशिश की है। ये एक ज्ञापन नहीं सरकार को चेतावनी है यदि सरकार ने इन मुद्दों पर काम करना शुरू नहीं किया तो आम आदमी पार्टी प्रदेश की जनता के साथ सड़कों पर उतरेगी। उन्होंने खट्टर सरकार से इन मुद्दों पर जल्द काम करने की मांग की। उन्होंने कहा कि सीएम खट्टर क्लर्कों का 35400 वेतन नहीं दे सकते, महिलाओं को सुरक्षा नहीं दे सकते, कर्मचारियों को ओपीएस नहीं दे सकते, सरपंचों को उनके अधिकार नहीं दे सकते और किसानों को बीमा क्लेम नहीं दे सकते। तो सीएम खट्टर कुर्सी से चिपके क्यों बैठे हैं।

**विरोध**

**बीपीएल कार्ड, प्रॉपर्टी आईडी या फैमिली आईडी हो, हर मुद्द को लेकर लोग दफ्तरों के चक्कर काटने को मजबूर हैं**

उन्होंने कहा कि अब लोग भाजपा से परेशान हो चुके हैं।
आम आदमी पार्टी ने 6000 से ज्यादा गांवों में जाकर लोगों की राय जानी है। प्रदेश के लोगों का स्पष्ट मत है कि कांग्रेस और भाजपा को बहुत देख लिया। अब लोग बदलाव चाहते हैं और इसलिए लोग 2024 में आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएंगे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि खट्टर सरकार पहले भी सामाजिक सौहार्द को बचाए रखने में नाकाम रही है और हरियाणा में धार्मिक हिंसा का तो इतिहास ही नहीं है।

# चौधरी रणदीप सिंह बने कार्य समिति के सदस्य: स्वीटी रंगा



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ शाहाबाद (दलबीर मलिक)**
चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला राष्ट्रीय महासचिव और सांसद को कर्नाटक और मध्य प्रदेश के प्रभारी होने के बाद अब चीफ वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी का सदस्य बनाए जाने पर कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी हल्का शाहाबाद लड्डू बांटकर खुशी मनाते हुए । स्वीटी रंगा ने कहा कि केंद्रीय नेतृत्व ने चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला पर विश्वास जताते हुए उनको यह बडी जिम्मेदारी दी गई। जिससे केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार बनाने में भरपूर सहयोग मिलेगा। स्वीटी रंगा ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय मल्लिकार्जुन खड़गे , सोनिया गांधी राहुल गांधी , प्रियंका गांधी , का बहुत-बहुत धन्यवाद किया। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकताओं ने चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला को कार्यसमिति का सदस्य बनाए जाने पर आपस में एक दूसरे को बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया।

# अंबाला में जिला फुटबॉल प्रतियोगिता चैंपियनशिप आयोजित

**प्रतिभा**

**खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी को चकित करने का काम किया**





**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**जिला** फुटबाल एसोसिएशन अम्बाला द्वारा आयोजित की जा रही हरियाणा सीनियर स्टेट मैन फुटबाल चैम्पियनशिप फाईनल राउंड प्रतियोगिताओं में लिग मैच के तहत फतेहबाद व करनाल, रोहतक व हिसार, अम्बाला व गुरूग्राम तथा फरीदाबाद व झज्जर के बीच फुटबाल मैच खेले गये। प्रतियोगिता के दौरान खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी को चकित करने का काम किया। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के चेयरमैन राजेन्द्र विज, अम्बाला फुटबाल एसोसिएशन के प्रधान बी.एस. बिन्द्रा, हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन के जरनल सैकट्री ललित चौधरी व स्पोर्टस सैल के चेयरमैन एवं खेल विभाग से सेवानिवृत उप निदेशक अरूण कांत शर्मा मौजूद रहे।
फुटबाल एसोसिएशन के प्रधान बी.एस. बिन्द्रा व हरियाणा फुटबाल एसोसिएशन के जरनल सैक्रेटरी ललित चौधरी ने इस मौके पर बताया कि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के विशेष प्रयासों से फुटबाल से सम्बन्धित खिलाडियों को यहां पर बेहतरीन स्टेडियम की सौगात मिली है। बारीश होने के बावजूद भी इस स्टेडियम में खिलाडियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन करते हुए सभी को चकित करने का काम भी किया है। उन्होंने बताया कि 4 जोन के तहत हरियाणा की आठ टीमों ने बेहतर प्रदर्शन किया था जिसके तहत अब यह टीमें यहां पर लीग मैच के तहत अपना प्रदर्शन दिखा रही है। दो-दो ग्रुपों में चार-चार टीमें रखी गई हैं जिसके तहत यहां पर प्रतियोगिताएं हो रही हैं। इनमें से जो दो टीमें बेहतर होंगी उनके बीच फाईनल मैच 22 अगस्त को खेला जायेगा। फाईनल मैच के अवसर पर गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज यहां पहुचकर खिलाडियों को अपना आशीर्वाद भी देंगे। उन्होने यह भी बताया कि बीते कल इस प्रतियोगिता का शुभारम्भ अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता व जिला फुटबाल एसोसिएशन के चेयरमैन राजेन्द्र विज ने किया था।
प्रतियोगिता के तहत फतेहबाद व करनाल के बीच मैच खेला गया जिसमें फतेहबाद ने 5-1 से जीत दर्ज की। इसी प्रकार रोहतक व हिसार के बीच हुए मुकाबले में हिसार ने 2-0 से जीत दर्ज की। सांय के मुकाबलों में अम्बाला व गुरूग्राम के बीच हुई प्रतियोगिता में गुरूग्राम ने जीत हासिल की। फरीदाबाद व झज्जर के बीच मुकाबला चल रहा था। यहां यह भी बता दें कि बीते कल प्रतियोगिता का शुभारम्भ के बाद अम्बाला व हिसार के बीच मैच खेला गया था जिसमें दोनों टीमें बराबरी पर रही थी।

# सहायक उप निरीक्षक के कंधों पर स्टार लगाकर उप निरीक्षक के पद पर किया पदोन्नत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस अधीक्षक** शशांक कुमार सावन ने सहायक उप निरीक्षक से उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होने पर आज अपने कार्यालय में कुलदीप सिंह के कंधों पर स्टार लगाकर पदोन्नत किया। पदोन्नत उप निरीक्षक फिलहाल डीएसपी ट्रैफिक नायब सिंह के पास बतौर प्रवाचक कार्यरत है। इससे पहले उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने डीएसपी करनाल टू और डीएसपी शहर के पास भी बतौर प्रवाचक के रूप में सेवाएं दी हैं। इससे पहले भी उप निरिक्षक कुलदीप सिंह कई अन्य डीएसपी के पास बतौर प्रवाचक कार्य कर चुके हैं। उप निरीक्षक कुलदीप सिंह गांव कौल जिला कैथल के निवासी हैं और वर्ष 2000 में हरियाणा पुलिस में बतौर सिपाही के पद पर भर्ती हुए थे। लगातार मेहनत और लगन से कार्य करते हुए सन् 2009 में मुख्य सिपाही और सन् 2019 में सहायक उप निरीक्षक पदोन्नत हुए थे।

# खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**प्रतियोगिता**

**21 को प्रतियोगिता लड़कियों के लिए एवं 22 को सभी प्रतियोगिताएं लड़कों के लिए होंगी**



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता जिसमें अंडर 14,17,19 स्तर के छात्र-छात्राओं ने भाग लेना है का शुभारंभ किया गया। इस खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न स्थानों पर से शुरू किया जाएगा। दिनांक 21 से 23 अगस्त तक छात्र-छात्राओं की विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं खंड स्तर पर जिसमें 21 अगस्त को सभी खेल प्रतियोगिता लड़कियों के लिए एवं 22 अगस्त को सभी खेल प्रतियोगिताएं लड़कों के लिए आयोजित की जाएंगी। जिसमें खंड सोनीपत के सभी राजकीय एवं गैर राजकीय विद्यालयों के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। खेल प्रतियोगिताओं का उद्घघाटन खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत श्रीमती मंजू गर्ग की अध्यक्षता में हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोर्ट रोड में किया गया। हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोर्ट रोड में योगा एवं रेसलिंग खंड स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी के साथ अन्य कमेटी मेंबर सुनील त्यागी, राजेश मलिक, संतोष खत्री, रेखा दहिया, उषा नैन,अनिल,अनिल गुलिया, सुशील कुमार, एबीआरसी मोनिका दहिया, एबीआरसी मंजू आदि सदस्य उपस्थित रहे । योगा खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने वाली टीम में उषा नैन,सुशील कुमार, शर्मिला, रामविलास, राजेंद्र,संदीप राणा, मोनिका दहिया, मंजू आदि की ड्यूटी रहेगी। खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में रेसलिंग और योगा हिंदू कोर्ट रोड सोनीपत में, बास्केटबॉल सीआरजड स्कूल में, खो-खो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सहजादपुर, बॉक्सिंग लिटिल एंजल स्कूल, कबड्डी सरस्वती स्कूल मुरथल, क्रिकेट मामचंद अकैडमी मुरथल रोड, ताइक्वांडो साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल निकट शुगर मिल,एथलेटिक्स सीआरए कॉलेज में आयोजित की जाएंगी।

# पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कर सकते है रुम बुक: शांतनु

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि राज्रू सरकार की ओर से लोक निर्माण विभाग (भवन एवं सडक) के विश्राम गृहों में कमरों की बुकिंग के लिए पोर्टल की शुरूआत की गई है। अब सभी विश्राम गृहों में सरकारी अधिकारियों कर्मचारियों के साथ-साथ निजी लोग भी कमरों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते है।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि ऑनलाइन रेस्ट हाउस बुकिंग पोर्टल के माध्यम से अब आवेदक कमरे की उपलब्धता देख सकते हैं, कमरा बुक कर सकते हैं, बुकिंग राशि का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं, बुकिंग रद्द कर सकते हैं। इसके लिए आवेदक को बुकिंग के समय ही पूरी राशि का भुगतान ऑनलाइन करना होगा। सरकार द्वारा जारी नियमों के अनुसार चेक-इन करने के 24 घंटे के अंदर बुकिंग रद्द करने पर बुकिंग राशि की 20 प्रतिशत राशि की कटौती होगी।



# 'पत्रकारों के बिना नेता अभिनेता या कोई बड़ी हस्ती की कोई बात लोगों तक नहीं पहुंचती'



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)**
**लाडवा**-रादौर मार्ग पर स्थित एक निजी होटल में स्टालवार्ट फाउंडेशन के चेयरमैन एवं समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा लाडवा हल्के के पत्रकारों के साथ तीज पर्व मनाया गया। प्रसिद्ध समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होते हैं और पत्रकारों के बिना नेता की कोई बात लोगों तक नहीं पहुंचती और न ही पत्रकारों के बिना कोई भी कार्य पूरा होता है। उन्होंने कहा कि पत्रकार और आम जनता के बीच बात पहुंचाने का एक सबसे बड़ा माध्यम होता है। उन्होंने कहा कि सभी नेता अभिनेता या कोई भी बड़ी हस्ती हो उसको भी प्रचलित करने में सबसे बड़ा मुख्य योगदान पत्रकारों का होता है। उन्होंने कहा कि लाडवा हल्का उनका अपना परिवार है और सभी लोग उनके इस परिवार में शामिल है। उन्होंने कहा कि आने वाले 2024 के विधानसभा चुनावों में वह लाडवा हल्के से चुनाव जरूर लड़ेंगे। जिसके लिए पत्रकारों के सहयोग की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार उनका मान सम्मान करते हैं और इसी कि वह आगे भविष्य में भी कामना करते हैं। वहीं उन्होंने सभी पत्रकारों को तीज पर्व की बधाई दी।

**योगदान**

**नेता अभिनेता या कोई भी बड़ी हस्ती हो उसको भी प्रचलित करने में सबसे बड़ा मुख्य योगदान पत्रकारों का होता है**

# हरियाणा में दिव्यांगों के लिए संचालित होगा नारायण सेवा संस्थान का पहला केंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**नारायण** सेवा संस्थान उदयपुर और शाखा कैथल के दया गुप्ता मानव मंदिर का शुभ घड़ी व सिद्ध मुहूर्त में भूमि पूजन हुआ। मुख्य अतिथि कैथल नगर परिषद की चेयरपर्सन सुरभि गर्ग, भू- दानी दया गुप्ता और सैकड़ो दानवीरों ने वैदिक मित्रों की गूंज में हरियाणा प्रदेश में नर सेवा - नारायण सेवा संकल्प से संस्थान के पहले सेवा- मंदिर की नींव लगाई। व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुरेश गर्ग ने सेवा केंद्र बनाने में पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया। भूमि पूजन के मौके पर श्रीमती गुप्ता ने नारायण सेवा संस्थान के संस्थापक पद्मश्री अलंकृत कैलाश मानव का साधुवाद व्यक्त करते हुए कहा मेरे सहयोग से मेरे सामने मानवता का मंदिर बनकर लाखों गरीबों के जीवन में खुशियां लाएगा। मेरा जीवन सफल व सार्थक हो गया। हमारी जमीन का 5000 स्क्वायर फीट स्थान नारायण सेवा संस्थान के संपर्क से पारस हो गया। इस पर 15000 स्क्वायर फीट में बनने वाला केंद्र मेरी उम्र बीत जाने के बाद भी कई वर्षों तक दीन-दु:खियों के सपनों को साकार करेगा। नगर परिषद चेयरपर्सन श्रीमती गर्ग ने सेवा केंद्र निर्माण में 31 लाख का अनुदान देने की घोषणा की। नारायण सेवा संस्थान के ट्रस्टी देवेंद्र चौबीसा, कैथल शाखा संयोजक डॉ. विवेक गर्ग, सचिव डॉ. अनिल जिंदल,डॉ नीतू गर्ग, संरक्षक सतपाल मंगला और गते बेचकर 300 ? रोज कमाकर बचत की गई करीब 2.70 लाख रुपए की दान राशि निर्माण में समर्पित करने वाले फकीरचंद मौजूद थे। प्रारंभ में संस्थान के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने वर्चुअली जुड़कर भूमिदानी सेवा केंद्र के निर्माण सहयोगी बने दानदाताओं और कैथल शाखा पदाधिकारीयों को इस मानवीय यज्ञ की बधाई दी। उन्होंने कहा मनुष्य जीवन का श्रृंगार मानवता, त्याग और परोपकार ही है। कैथल शाखा के संयोजक डॉ.गर्ग ने कैथल शाखा के आगामी त्रिवर्षीय संकल्प और स्थापना से सप्त वर्षीय शाखा प्रगति रिपोर्ट अतिथियों को अवगत कराई।
सह-संयोजक दुर्गा प्रसाद कच्छल ने दया गुप्ता मानव मंदिर के चार मंजिलों पर बनने वाले सेवा कक्ष, वार्ड, और संचालित होने वाले प्रकल्पों की विस्तार से ब्यौरा देते हुए सौजन्य की अपील की।

# डेहा बस्ती में घर में मृत पाया गया युवक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
शिव कॉलोनी स्थित स्थित डेहा बस्ती में 24 साल के एक युवक की संदिग्ध मौत हो गई है। परिजनों ने पडोस में ही रहने वाले युवकों पर हत्या करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि वे रंजिश में पहले भी उसके साथ मारपीट कर चुके हैं। मृतक की बहन ने बताया कि 25 वर्षीय अमीर खान दिहाड़ी मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहा था।
पिछले कई सालों से पडोस में रहने वाले व्यक्ति के साथ उनकी रंजिश चल रही थी, जिसमें उनके परिवार के 4 युवक जेल में भी गए हुए हैं।

# सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया द्वारा लगाया गया नारियल पानी का विशाल लंगर



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय थर्ड गेट के सामने नारियल पानी रियल जूस का विशाल भण्डारा दिया गया।
कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल द्वारा की गई। उन्होने कहा की गर्मी अपने पूरे यौवन पर है। सेवा ट्रस्ट यूके भारत ने आमजन को गर्मी से राहत देने के लिए अपनी को-स्पोंसर डाबर के सहयोग से नारियल पानी का विशाल लंगर लगाया है। जहां पर आने जाने वाले सभी राहगीर को नारियल पानी वितरित किए गए । उन्होंने कहा की सेवा ट्रस्ट टीम द्वारा जन कल्याण की राह यूँ ही प्रशस्त करते हुए आगे बढ़ते जाना है ओर आगे भी गर्मी के इस सीजन मे ओर भी नारियल पानी की सेवा ऐसे ही चलती रहेगी। सेवा ट्रस्ट यूके भारत की खण्ड कोऑर्डिनेटर पूजा सैनी ,संजीव गांधी ज्योतिसर व प्रमुख समाजसेवी राजू सैन,ने सेवा ट्रस्ट यूके की इस कार्य के लिए दिल खोलकर सराहना की और सेवा ट्रस्ट यूके का धन्यवाद किया की गर्मी के इस मौसम मे नारियल जूस का जो विशाल भंडारा लगाया है वो काबिले तारीफ है।

# 'नव युवाओं के वोट बनवाएं और भाजपा की रीति नीति समझाकर पार्टी से जोड़ें'

## कार्यशाला में धनखड़ और चाहर ने वोटर चेतना महाअभियान को मतदाता शुद्धिकरण अभियान बताया



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**भाजपा** ने वोटर चेतना महाअभियान के तहत प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य कार्यकताओं को दिया है। सोमवार को पार्टी कार्यालय गुरुकमल गुरुग्राम में कार्यशाला का आयोजन भी किया गया जिसमें हरियाणा भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर ने सभी कार्यकताओं को नए वोटरों को पार्टी से जोड़ने, बोगस वोटों को हटाने और लिस्ट की गलतियों को सुधारने में निर्वाचन विभाग की मदद करने का आह्वान किया। कार्यशाला के पहले पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री धनखड़ ने बताया कि भाजपा 25 व 26 अगस्त को राष्ट्रव्यापी वोटर चेतना अभियान चलाएगी। उन्होंने इस अभियान को मतदाता शुद्धिकरण अभियान बताया। ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि मतदाता सूची जितनी साफ-सुथरी होगी, लोकतंत्र उतना ही मजबूत होगा। उन्होंने इस अभियान में जुटे कार्यकताओं से आह्वान किया कि ज्यादा से ज्यादा युवा मतदाताओं के वोट बनाएं और उन्हें पार्टी की रीति नीति समझाकर पार्टी से जोड़ें। इस कार्यशाला में बीएलए-2, चुनाव आयोग संपर्क विभाग के जिला प्रमुख, सह प्रमुख, प्रदेश चुनाव आयोग संपर्क विभाग के पदाधिकारी, चुनाव प्रबंधन विभाग के जिला प्रमुखों सहित अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि इस देश व्यापी अभियान के सफल आयोजन के लिए हरियाणा में चुनाव प्रबंधन प्रकोष्ठ और चुनाव आयोग संपर्क प्रकोष्ठ की एक पांच सदस्यीय टीम रामचंद्र जांगड़ा के नेतृत्व में बनी है।
श्री धनखड़ ने मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को जोड़ने पर फोकस रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत नए मतदाताओं जोड़ने का काम तो होगा ही, साथ ही जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके नामों को कटवाना भी हमारा ही दायित्व है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के बड़े से बड़े नेता इस अभियान में शामिल होंगे।
धनखड़ ने पदाधिकारियों से अभियान की तैयारियों को लेकर कहा कि प्रदेश की सभी 90 विधानसभाओं में यह अभियान चलेगा। जिसके तहत सभी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर उन युवाओं से मिलना है जो 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करेंगे।

# सीएम विंडो की शिकायतों पर डीसी ने की बैठक

## जिला अम्बाला में स्वामित्व योजना के तहत सभी कार्य बेहतर तरीके से किये गये



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**
**ने अपने** कार्यालय में पंचायत विभाग के अधिकारियों के साथ स्वामित्व योजना, शिव धाम योजना, ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल व पंचायती विभाग से सम्बन्धित सीएम विंडो विषय पर विस्तार से समीक्षा करते हुए इन सभी विषयों बारे आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने स्वामित्व योजना के बारे में डीडीपीओ दिनेश शर्मा से प्रॉपर्टी आइडी

**दिशा-निर्देश**

**जिला अम्बाला में स्वामित्व योजना के तहत सभी कार्य बेहतर तरीके से किये गये हैं। जो कुछ पैंडेंसी है, उसे पूरा करने का काम किया जा रहा**

कार्ड व इससे जुड़े अन्य बिंदुओं बारे समीक्षा की। डीडीपीओ ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में स्वामित्व योजना के तहत सभी कार्य बेहतर तरीके से किये गये हैं। जो कुछ पैंडेंसी है, उसे पूरा करने का काम किया जा रहा है। उपायुक्त ने स्वामित्व योजना के तहत सम्बन्धित अधिकारियों को कहा कि इस विषय के तहत जो भी कार्य बचे हैं, उसे तीव्रता से पूरा करें। फील्ड कानूनगो व ग्राम सचिव द्वारा जो कार्य किये जाने हैं, उसे भी तेजी से करवायें। पंचायत विभाग से जुड़ी सीएम विंडो की समीक्षा करते हुए जो भी शिकायतें ओवरडयू हैं, उन्हें भी बेहतर समन्वय के साथ निपटान करने के निर्देश दिये। शिव धाम योजना के बारे में उपायुक्त ने सम्बन्धित बीडीपीओ से जानकारी हासिल की कि उन्होंने अपने क्षेत्रों में शिव धाम के तहत जो कार्य हैं, वह सभी हुए हैं, इसकी जानकारी ली। सम्बन्धित बीडीपीओ ने उपायुक्त को बताया कि वर्षा के चलते कुछ स्थानों (शमशान घाट) पर सफाई व्यवस्था, शैड की व्यवस्था, चार दिवारी व अन्य प्रभावित हो गई थी, मनरेगा के तहत इन सभी कार्यों को दुरूस्त किया जा रहा है।
ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल के बारे में उपायुक्त ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से जानकारी हासिल की कि कितने लोगों के क्लेम प्राप्त हुए हैं और आगे क्या कार्रवाई की जा रही है। डीआरओ कैप्टन विनोद शर्मा ने उपायुक्त को बताया कि ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर आवेदन करने के लिये 18 अगस्त की अंतिम तिथि थी, जिसे अब बढ़ाकर 25 अगस्त कर दिया गया है। सभी मापदंडों व औपचारिकताओं को पूरा करते हुए कार्य किये जा रहे हैं। उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि आवेदनों के तहत जो भी क्लेम प्राप्त हुए हैं, उनकी वैरीफिकेशन साथ साथ की जाए ताकि सम्बन्धित को मुआवजा राशि उपलब्ध करवाई जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### लड़कियों की दो दिवसीय खंड स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का हुआ समापन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** दो दिवसीय खंड स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता(लड़कियां) अंडर 14,अंडर 17 , अंडर-19 का समापन आज गुरुकुल कुरुक्षेत्र में हुआ। इस अवसर पर खंड सचिव श्री बलदेव राज सैनी ने बच्चों को खेलों के महत्व के बारे में बताया तथा बच्चों को विभिन्न खेलों के प्रति खेलने के लिए प्रेरित किया। खेल प्रशिक्षक सचिन चौधरी ने बताया कि सभी खिलाड़ियों ने खेल प्रतिस्पर्धा में पूरा दमखम दिखाया। विजेता खिलाड़ियों के लिए जहां गौरव की बात है उसके साथ साथ उनके विद्यालय का भी नाम रोशन हुआ है। सभी खिलाड़ियों को चाहिए कि वह खेल को खेल की भावना से खेलें और सकारात्मक सोच के साथ खेले ऐसा करने से उन्हें अवश्य उपलब्धि हासिल होगी। विजेता खिलाड़ियों को सभी खेल प्रशिक्षक कौन है बधाई के साथ-साथ भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भूपेंद्र शर्मा, सचिन चौधरी,सुभाष सैनी ,बलजीत सिंह सुशील कुमार पवन सैनी रोहतास संजय कुमार राजेश कुमार सुरेश आर्य दिलबाग विजेंद्र राजीव कुमार इंद्रजीत शर्मा सीमा बादल ममता व खंड थानेसर के अन्य शारीरिक शिक्षक उपस्थित रहे।

### डीसी ने जिला आयुष सोसाइटी के सदस्यों की ली बैठक



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल, । उपयुक्त** मोनिका गुप्ता आईएएस ने आज उपायुक्त कार्यालय में जिला आयुष सोसाइटी के सदस्यों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी मोनिका गुप्ता ने आयुष गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुए सोसायटी के सदस्यों को निर्देश दिए कि आयुष गतिविधियों को बढ़ाया जाए तथा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत अधिक से अधिक कैंप लगाकर लोगों को आयुष के प्रति जागरूक किया जाए व संपूर्ण स्वास्थ्य के बारे में लोगों को बताया जाए। उन्होंने आयुष विभाग में रिक्त पड़े पदों को जिला आयुष सोसायटी के माध्यम से भरने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ अजीत सिंह यादव ने उपस्थित सभी कमेटी सदस्यों को राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयुष विभाग की ओर से चलाई जा रही आयुष गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त, लोक निर्माण विभाग से जितेंद्र कुमार, आयुष विभाग से चिकित्सा अधिकारी डॉ शशि बाला, डॉ रविंद्र सेन, पंचायती राज विभाग से सुनील कुमार व जिला कल्याण अधिकारी कार्यालय से यशवंत सिंह मौजूद थे।

### कार सेवा से वापस लौट रहे पटियाला के बाप-बेटे की ट्रक की चपेट में आने से मौत

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)**
**ट्रक की चपेट** में आने से बाप-बेटे की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा पंचकूला-यमुनानगर नेशनल हाईवे पर साहा के नजदीक हुआ। मृतक की पहचान पटियाला निवासी जंग सिंह व सरुप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पटियाला निवासी गुरप्रीत सिंह ने बताया कि 19 अगस्त को वह अपने नाना जंग सिंह और मामा सरुप सिंह के साथ पटियाला आश्रम की गाड़ी में सवार होकर कार सेवा के लिए उत्तर प्रदेश गए थे। कल रात को कार सेवा से वापस अपने घर लौट रहे थे। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि जैसे ही वे पंचकूला हाईवे पर साहा के पास पहुंचे तो उनकी गाड़ी अचानक खराब हो गई। उन्होंने गाड़ी को साइड में खड़ा करके बैठ गए थे। बीती रात सवा 1 बजे यमुनानगर की तरफ से तेज रफ्तार एक ट्रक आया और पीछे से उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। गुरप्रीत सिंह ने बताया कि टक्कर लगने से वह साइड में जा गिरा और उसका नाना जंग सिंह और मामा सरुप सिंह ट्रक की चपेट में आ गए। जिनकी मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर के बाद ट्रक भी सड़क की साइड में नीचे जा गिरा और गाड़ी डिवाइडर क्रॉस करके सड़क की दूसरी साइड खदानों में जा गिरी। राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। उधर, आरोपी ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

## कांग्रेस और कन्हैया कुमार का ब्लड ग्रुप एक जैसा: विज



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) देश** के टुकड़े टुकड़े करने का नारे लगाने वाले कन्हैया कुमार को कांग्रेस ने अपनी वर्किंग कमेटी कब मेंबर के रूप में चुना है जिस पर हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कन्हैया कुमार जोकी टुकड़े-टुकड़े होंगे का नारा लगाता था और कांग्रेस का ब्लड ग्रुप एक ही है। इन्होंने देश के टुकड़े-टुकड़े किए हैं और लाखों लोगो की हत्या हुई करोड़ों लोग बेघर हुए, देश का बंटवारा हुआ कांग्रेस का तो ब्लड ग्रुप ही वही है ये ब्लड ग्रुप सेम ब्लड ग्रुप से ही मिलेगा।

## सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने किए जनसंवाद कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़, । सांसद** चौधरी धर्मवीर सिंह ने आज अपने जन संवाद कार्यक्रम के दौरान सांसद क्षेत्रीय विकास योजना के तहत सफाई के लिए ग्राम पंचायत आकोदा, खुडाना व गौशाला खुडाना को एक-एक ट्रैक्टर भेंट किया। इन पर कुल 18.75 लाख रुपए का बजट खर्च हुआ है। सांसद ने आज शिव मंदिर अकोदा, राजपूत भवन खुडाना, मंदिर चौक गढ़ी में जन संवाद कार्यक्रमों में लोगों की जन समस्याएं सुनी। इस मौके पर सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच है कि सन 2047 तक भारत को अग्रणी



देश की गिनती में खड़ा हो। इसके लिए प्रधानमंत्री के तीन मूल मंत्र हैं। भ्रष्टाचार को खत्म करना तुष्टिकरण को खत्म करना तथा परिवारवाद को खत्म करना उद्देश्य है। न्होंने कहा कि हरियाणा ग्राम दर्शन पोर्टल के तहत गांव की फिरनी, श्मशान घाट, लाइब्रेरी, जिम व जोहड़ आदि कार्यों का प्रस्ताव पास कर पोर्टल पर अपलोड करें ताकि बिना देरी के कार्य हो सके। सांसद ने बताया कि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को पारदर्शी तरीके से योजना व सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष कंवर सिंह यादव, सुंढाराम ट्रस्ट के चेयरमैन संदीप मालडा, नगराधीश मंगलसैन, एक्शन पीडब्ल्यूडी अश्वनी कुमार, एक्शन पब्लिक हेल्थ प्रदीप कुमार, समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा, बीडीपीओ निशा तंवर, बिजली विभाग से एसडीओ सुनील, सिंचाई विभाग से एसडीओ संजय,सीडीपीओ सरला यादव, पीडब्ल्यूडी जेई अनिल कुमार, एग्रीकल्चर से एसडीओ अजय यादव, सरपंच आकोदा शर्मिला देवी, सरपंच प्रतिनिधि खुडाना डॉ नरेश सिंह, सरपंच गढ़ी कर्मवीर, सरपंच धौली अमित, सरपंच भुरजट मैनपाल के विभागों से अधिकारी, अन्य गांवों से सरपंच व गांवों के गणमान्य लोग मौजूद थे।

## फसलों को बचाने के लिए विज से मिलने पहुंचे ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार)** बीते दिनों आई बाढ़ के कारण अंबाला में करोड़ो रूपयों का नुकसान हुआ। बाजारों की स्थिति तो सामान्य हो गई लेकिन अब भी बहुत से गांव ऐसे है जहां सड़को व गलियों में पानी जमा है। स्थानीय लोग प्रशासन से पानी निकासी को लेकर गुहार भी लगा चुके है। इसके बाद भी प्रशासन की तरफ से कोई कार्यवाही नहीं की गई। अनेक ग्रामीण गृह मंत्री अनिल विज से मिलने पहुंचे। इस अवसर पर राम चरण, जय सिंह, करण, खेम सिंह, शुभम, जरनैल, राज कुमार, रणदीप, जय कुमार व अन्य ने बताया कि आज वह डाडलू, जफरपुर, बिंजलपुर, डुलयानी, समलेहड़ी, दौसड़का



सहित विभिन्न स्थानों से यहां पर गृह मंत्री से मिलने पहुचें हैं। उन्होंने कहा कि हमारा गांव शेरपुर सुलखनी अंबाला जिले का आखरी गांव है। गांव की सीमा यमुनानगर जिले के साथ लगती है। उन्होंने कहा कि 2020 से पानी सड़क के साथ लगते खदानों से गांव की ओर आता है। जिससे सढौरा से लेकर अन्य गांव का गंदा व फैक्टिरियों का कैमिकल युक्त पानी उनकी फसलों को बर्बाद करता है। उन्होंने बताया कि जिसके चलते खेतों में फसलों में बिमारियां आ जाती है तथा पैदावार ही नहीं होती जिसके चलते किसानों को भारी आर्थिक हानि का सामनाा करना पड़ता है।

## युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए 1 से 25 सितंबर तक होगा साइक्लोथोन का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा नारनौल ।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रदेश के युवाओं को नशे की बुराई से दूर रखने के लिए आगामी 1 से 25 सितंबर तक साइक्लोथोन ( साइकिल रैली) आयोजित की जाएंगी। इस दौरान युवाओं को इसके दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक किया जाएगा। हरियाणा सरकार के इस अभियान में पुलिस विभाग इसका नोडल डिपार्टमेंट होगा। स्वास्थ्य विभाग जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य कैंप लगाएं। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिकारी अभी से तैयारीयां शुरू कर दें। यह निर्देश उपायुक्त मोनिका



गुप्ता ने आज मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर के साथ ड्रग्स फ्री हरियाणा के संबंध में हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों की बैठक में दिए।
डीसी मोनिका गुप्ता ने कहा कि लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने के लिए राज्य की ओर से सभी जिलों में एक जागरूकता वैन आएगी। इसमें लगी स्क्रीन व म्यूजिक सिस्टम लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करेगी।
सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम किया जाएगा।

## कमल टेलर की दुकान पर चोरी का आरोपी जल्द चढ़ेगा पुलिस के हत्थे

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार) अंबाला शहर** के जगाधरी गेट स्थित न्यू कमल टेलर में गत दिवस चोरों ने दुकान के ताले तोड़कर लाखों रुपए का सामान चुरा लिया। दुकान मालिक कमल ने बताया कि गत दिवस वह जब दुकान पर आए तो दुकान के अंदर रखे डिजाइनर कपड़े गायब थे। उन्होंने बताया कि चोरों ने लगभग 5 लाख रुपए का सामान चोरी किया है। दुकान के सीसीटीवी फुटेज देखने पर पता चला कि चोर दुकान में सुबह लगभग 5 बजे दाखिल हुआ। वह सफेद रंग की स्वीफट डिजायर में आया और ताले तोड़ते हुए सामान को डिग्गी में भरा।

## ट्रैफिक पुलिस ने विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देकर किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
**पानीपत** पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के निदेर्शानुसार जिला पुलिस द्वारा स्कूल कॉलेजों में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों की जानकारी देने के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत बाबरपुर ट्रैफिक थाना की टीम ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बडोली में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी देकर जागरूक करने के साथ नियमों की पालना करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान



सब इंस्पेक्टर अब्दुल गफ्फार ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ाते हुए पालन करने व दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सावधानी में ही सुरक्षा है। इसलिए जब भी वाहन लेकर निकले, यातायात नियमों की अनदेखी न करे। जो लोग अनदेखी करते है वो न केवल खुद के लिए, बल्कि दूसरों के लिए भी हादसें का कारण बनते है।

## जयराम दास दौलत राम की जयंती मनाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत कमाल हुसैन**
**आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में विश्व वरिष्ठ नागरिक सम्मान दिवस तथा स्वतंत्रता सेनानी नमक आंदोलन के नेता और यंग इंडिया के संपादक एवं बिहार के पूर्व राज्यपाल जयराम दास दौलत राम की जयंती समारोह का आयोजन किया गया /समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल के प्रधान रणदीप कादियान , विशिष्ट अतिथि गांव कुटानी के सरपंच सुरेंद्र आर्य व सचिन कोटक रहे/ विशेष अतिथि कोषाध्यक्ष मेहताब मलिक व आर्य समाज काबड़ी के उप प्रधान ओम दत्त आर्य रहे/ कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सत्यवान मलिक ने की व उप प्राचार्य आचार्य राजकुमार शास्त्री ने



इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा जीव विज्ञान प्रवक्ता रेखा शर्मा, रवी सहोता और आशा अरोड़ा मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे /इस अवसर पर खेलो में भाग लेने वाले बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को भी मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया/ मुख्य अतिथि प्रधान रणदीप कादियान ने कहा कि वृद्ध व्यक्ति समाज का अभिन्न अंग ही नहीं बल्कि धार्मिक परंपराओं आध्यात्मिकता ज्ञान और अनुभव का खजाना भी होते हैं और संयुक्त परिवारों में वृद्धों को भरपूर सम्मान मिलता है/ आज विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर हमें समाज के सभी वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने का संकल्प लेना चाहिए / उन्होंने कहा कि वैदिक धर्म और गुरुकुल प्रणाली में वृद्ध आचार्यों को ही गुरुकुल का वरिष्ठ आचार्य नियुक्त किया जाता था ताकि उनके अनुभव के आधार पर गुरुकुल में ज्ञान दिया जा सके उन्होंने कहा कि विद्या व्यक्ति को विनम्र बना देती है और जो व्यक्ति कर्तव्यनिष्ठ और विनम्र होता है वही धर्म का पालन कर सकता है / इस अवसर पर खंड स्तर पर आयोजित की गई कबड्डी अंडर-19 टूनार्मेंट में आर्य बाल भारती के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और अंडर-17 कबड्डी प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है जबकि 100 और 200 मीटर की दौड़ में विद्यालय की छात्रा भूमिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

## अधिकारियों के तानाशाही रवैए से परेशान बिजलीकर्मियों ने दिया धरना

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) अंबाला** छावनी के बब्याल सब डिविजन के परांगन में एच एस ई बी वर्कर यूनियन सब यूनिट बब्याल के आह्वान पर गेट मीटिंग रखी गई जिसकी अध्यक्षता सब यूनिट प्रधान जय नारायण ने की गेट मीटिंग में सेक्टरी सोनू यादव उप प्रधान सतीश कुमार सुखविंदर सिंह ईश्वर चंद जेई मनोज कुमार और बब्याल के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस गेट मीटिंग करते हुए कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विभागीय अधिकारी उनके ऊपर तानाशाही रवैया अपनाए हुए है जिसके चलते आए दिन कर्मचारियों



को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कर्मचारियों ने कहा कि एसडीओ बब्याल करण जांगड़ा का कर्मचारियों के प्रति तानशाही रवैया कर्मचारियों को बिना कारण लेटर इश्यू करना और विभिन्न कार्यों के दबाव देना था।
प्रधान जय नारायण ने अपने अध्यक्षीय भाषण में बताया एसडीओ बब्याल का कर्मचारियों के प्रति रवैया ठीक नही है और एसडीओ द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों पर सहमति या सहानभूति दिखाने की बजाय उसको ही डरा धमका कर लेटर इश्यू करने की धमकी देकर चुप करा दिया जाता है।

**सेल्समैन से हथियार के बल पर नकदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था**

## शराब ठेके पर लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी**
**शराब के** ठेकों पर सेल्समैन से नकदी लूटने के मामले में थाना नांगल चौधरी की पुलिस टीम ने दो ओर आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान विक्रम वासी थनवास और कृष्ण वासी नांगल सोडा के रूप में हुई।
पुलिस ने जांच में पता लगाया कि आरोपित विक्रम वारदात को अंजाम देने में शामिल था और आरोपित कृष्ण रेकी करने में शामिल था। आरोपितों को आज न्यायालय में पेश किया गया, आरोपित कृष्ण को न्यायिक

**गिरफ्त में**

**आरोपित कृष्ण को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और आरोपित विक्रम को पुलिस रिमांड पर लिया गया है**

हिरासत में भेज दिया गया और आरोपित विक्रम को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।
इस मामले में पुलिस द्वारा एक आरोपित राहुल उर्फ कल्लू वासी थनवास को पहले गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया था।



आरोपितों ने थाना नांगल चौधरी क्षेत्र में शराब के ठेकों पर सेल्समैन से हथियार के बल पर नकदी लूटने की वारदात को अंजाम दिया था।
पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने मामले को संज्ञान में लेते हुए टीमों का गठन किया और सख्त निर्देश दिए कि आरोपितों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाए। जिनके तहत थाना नांगल चौधरी की टीम ने कार्रवाई करते हुए दो ओर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।
पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि संदीप वासी घसोला जिला चरखी दादरी ने थाना नांगल चौधरी में शिकायत दी, जिसमे उसने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में देहात में उसने शराब के ठेके ले

# युवा अपनाएं स्वावलंबन का रास्ता: संजय भाटिया

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सांसद संजय** भाटिया ने कहा कि व्यक्ति को हर समय कुछ न कुछ सीखते रहना चाहिए। हर स्तर पर हमे सीखने का जज्बा अपने भीतर कायम रखना चाहिए। सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। सीख कर व्यक्ति आगे बढ़ता है। कई बार हमको कुछ ऐसे लोगों से सीख मिलती है, जिन्हें हम कुछ नहीं समझते है। भारत में आज सबसे अधिक संख्या युवाओं की हैं। स्वावलंबन का रास्ता अपनाकर युवा न केवल सफल उद्यमी बन सकते हैं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक प्रगति में भी अहम योगदान दे सकते हैं। युवा शक्ति को जोखिम उठाने से नहीं हिचकना चाहिये। लक्ष्य तय कर उसे हासिल करने के लिये कड़ी मेहनत करनी चाहिये। सांसद भाटिया आज यहां डॉ.मंगलसेन सभागार में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व स्वावलंबी भारत अभियान की ओर से विश्व उद्यमिता दिवस पर आयोजित उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा तकनीकि शिक्षा बोर्ड के सचिव राजेश गोयल और विशिष्ट अतिथि के रूप



में मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला सहित सामाजिक-धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों व आईटीआई कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता राजेश गोयल ने इस मौके पर जब बाजार जायेंगे, सामान स्वदेशी लायेंगे तथा हर युवक की एक पुकार, उद्यमिता और स्वरोजगार जैसे नारे लगवाकर युवाओं में नये उत्साह का संचार किया। उन्होंने कहा कि कुछ कार्यक्रम जीवन की दिशा बदल देते हैं। उम्मीद है कि आज के कार्यक्रम से युवाओं को नई प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज उद्यमिता दिवस पर युवाओं को स्वावलंबी बनने का संकल्प लेना होगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देश को कुशल फोर्स उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं ने यदि स्वरोजगार का रास्ता अख्तियार कर लिया तो जीवन में सफलता निश्चित है, भले ही इसके लिये उन्हें संघर्ष अधिक क्यों न करना पड़े।

**सफल उद्यमी**

**भारत में आज सबसे अधिक संख्या युवाओं की हैं। स्वावलंबन का रास्ता अपनाकर युवा न केवल सफल उद्यमी बन सकते हैं**

अतीत इस बात का गवाह है कि जिन्होंने सरकारी नौकरी का मोह छोड़ा, उनके लिये आकाश भी छोटा पड़ गया। देश में आज 15 से 29 साल के युवाओं की संख्या 37 करोड़ है। युवा ही देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। 21 वीं सदी भारत की है। मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि संजय बठला ने युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत के लिये प्रेरित किया। स्वरोजगार के लिये सरकार की ओर से ऋण उपलब्ध कराने सहित कई प्रकार की सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं। युवक स्वरोजगार अपनाते हैं तो रोजाना दस से पंद्रह हजार रुपये कमाना कोई बड़ी बात नहीं है। युवाओं को नौकरी मांगने वाले नहीं, देने वाला बनना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी सपना है कि भारत आत्मनिर्भर बने, स्वावलंबी बने। सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष सतीश चावला ने कहा कि एक हजार साल पहले देश में बेरोजगारी शब्द नहीं था। कालांतर में मुगलों व अंग्रेजों ने देश को जमकर लूटा। मैकाले शिक्षा पद्धति मालिक नहीं, नौकर बनाने वाली थी। कभी भारत विश्व गुरू और सोने की चिडि?ा कहलाता था। आजादी के बाद स्थिति बदली है। आज विश्व में जीडीपी में भारत का योगदान 3.3 प्रतिशत ह। हर साल नौ लाख युवा बेरोजगारों की श्रेणी में शामिल हो जाते हैं। सरकारी नौकरियां दो और कारपोरेट क्षेत्र में चार प्रतिशत ही नौकरियां है। आज स्वदेशी जागरण मंच और 33 अन्य संगठनों की ओर से मिलकर स्वावलंबी भारती अभियान चलाया जा रहा है। हर जिला में रोजगार सृजन केंद्र खोले जा रहे हैं। स्वरोजगार के जरिये देश की जीडीपी 3.46 ट्रिलियन डालर की है जो 2030 तक भारत को 10 ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था वाला देश बनाना है।

## न्यूज फ्लैश

### 2 सितंबर को होगा विशाल संकीर्तन महोत्सव का आयोजन : अजय सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री श्याम सेवक** मंडल करनाल द्वारा 2 सितंबर को करनाल के रेलवे रोड स्थित खालसा कॉलेज में तृतीय विशाल संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। श्याम के सेवादार अजय सिंह ने बताया कि महोत्सव में मुख्य रूप से मानवेंद्र चौहान पुजारी निज मंदिर सेवक सभा एवं ट्रस्टी श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटू श्याम मौजूद रहेंगे। अजय सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 521 बासमती राइस के मैनेजिंग डायरेक्टर पंकज गोयल द्वारा ज्योति प्रचंड करने के बाद की जाएगी एवं इस कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने के लिए श्याम सेवक भव्य आयोजन के लिए तैयारियों में जुटे हुए हैं। महोत्सव में श्याम बाबा का दरबार आकर्षण का केंद्र होगा। श्याम सेवक विशाल वर्मा ने बताया कि विख्यात भजन गायक अधिष्ठा अनुष्का मध्यप्रदेश, प्रिंस बजाज पानीपत एवं मोनू दुआ चंडीगढ़ श्याम बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए अपनी मधुर और भावभरी आवाज से श्याम बाबा को रिझाएंगे एवं श्याम बाबा का शृंगार सुगंधित फूलों द्वारा किया जाएगा और छप्पन भोग भी लगाया जाएगा।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

## तेजधार अवैध हथियार सहित आरोपी काबू



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** चौकी सदर बाजार की टीम द्वारा आरोपी साहिल पुत्र धर्मेंद्र वासी राजीव कॉलोनी मीना मंडल वाली करनाल को विश्वसनीय सूचना पर कैथल रोड के नीचे राजीव कॉलोनी करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से एक अवैध तेजधार हथियार जिसकी लंबाई 12.3 इंच और जिस पर अंग्रेजी में कोलंबिया यूएसए लिखा हुआ था, बरामद किया गया। इस संबंध में थाना शहर में आरोपी के खिलाफ सशस्त्र अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।
पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपी को यह चाकुनुमा हथियार करीब 5 से 6 महीने पहले पुराना बस स्टैंड करनाल के शौचालय से मिला था, जिसको आरोपी शौकिया तौर पर अपने घर ले गया। आज आरोपी के दोस्त का जन्मदिन था तो वह अपने दोस्त का केक इस हथियार द्वारा कटवाने के लिए जा रहा था और पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## फसल गिरदावरी को सही तरीके से करें : यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त** अनीश यादव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फसल गिरदावरी के कार्य को सही तरीके से करें, कही पर भी गलती की गुंजायश न रहने दें। जिस खसरा नम्बर में मौके पर जो फसल खडी है, गिरदावरी के दौरान उसी फसल का नाम अंकित किया जाए। विशेष कर धान फसल की गिरदावरी में पीआर धान व बासमती धान अलग-अलग से अंकित होनी चाहिए, ताकि बोगस परचेज पर रोक लग सके। उपायुक्त सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में राजस्व विभाग के अधिकारियों की मासिक बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गिरदावरी के



कार्य से जुडे अधिकारियों व कर्मचारियों को तहसील वाइज गांव की सूची उपलब्ध करवा दी जाएगी, जिसकी सही तरीके से गिरदवारी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि वे स्वंय फील्ड में जाकर गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण करेंगें। उन्होंने एसडीएम को भी निर्देश दिए कि वे भी गिरदावरी के कार्य का निरीक्षण करें। मीटिंग में उपायुक्त ने राजस्व अधिकारियों के साथ जमाबंदी व इंतकाल के स्टेटस की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि जमाबंदी का काम जोरों से चल रहा है, चालू मास में ही इसका काम निपटा दिया जाएगा। उन्होंने इंतकाल का स्टेटस भी लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसमें पैंडेंसी न रखें। सरप्लस लैंड में इंतकाल करने के एक बिन्दू में उपायुक्त ने निर्देश दिए कि ऐसे मामले खारिज होने पर अपील डाल दें। स्टेटस 47-ए मामलों के एजेंडा बिन्दू में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस कार्य में तेजी लाएं, यह ज्यादा मुश्किल भरा कार्य नहीं है। उन्होंने कोर्ट केस का भी समय पर निपटान करवाने के भी निर्देश दिए। मीटिंग में ए.डी.सी. डॉ.वैशाली शर्मा, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम असंध मनदीप सिंह, एसडीएम घरौंडा अदिति, एसडीएम इंद्री अशोक कुमार, सी.टी.एम. अमन कुमार, डी.आर.ओ. श्याम लाल, डीआईओ महीपाल सिकरी तथा तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी मौजूद रहे।

## बाढ़ की ताजा स्थिति पर उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ की चर्चा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**उपायुक्त अनीश** यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ, जिसमें बाढ़ की ताजा स्थिति पर चर्चा की गई। इस मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी ताल-मेल पर फोक्स रखें और बाढ़ राहत वाले उपकरणों पर जिला स्तर पर ही एक सुरक्षित स्थान पर रखें।
उन्होंने कहा कि बाढ़ राहत से संबंधित जिस भी विभाग के पास उपकरण उपलब्ध है।



उनकी सूची उपायुक्त कार्यालय में जमा करवाएं। इसके अलावा प्राईवेट वैंडरों से निरंतर सम्पर्क बनाए रखें और उनका सम्पर्क नम्बर तथा उनके उपकरणों की सूची तैयार करके उपायुक्त कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करे। ताकि जरूरत के समय उनको उपयोग में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि मौसम विभाग के अनुसार मानसून की वापसी 15 सितम्बर तक होती है। ऐसे में लोगों को समय-समय पर जागरूक करते रहें।

## 'रक्षाबंधन पर रोडवेज की बसों में फ्री यात्रा कर सकेंगी महिलाएं'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा सरकार** ने महिलाओं को रक्षाबंधन का तोहफा देते हुए हरियाणा परिवहन की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है, ताकि बहनें अपने भाइयों के घर जाकर उन्हें राखी बांध सकें। उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि महिलाओं को फ्री यात्रा की सुविधा 29 अगस्त को दोपहर 12 बजे से मिलनी आरम्भ होगी, जो 30 अगस्त रक्षाबंधन के दिन मध्य रात्रि 12 बजे तक जारी रहेगी। महिलाओं को यह सुविधा साधारण व स्टैंडर्ड बसों में दी जाएगी।

## '5126 पथ विक्रेता ले चुके हैं 10, 20 व 50 हजार के ऋण का लाभ'



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**प्रधानमंत्री स्ट्रीट** वैंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) स्कीम के तहत नगर निगम पथ विक्रेता/रेहड़ी-फड़ी वालों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए नए लाईसेंस जारी कर रहा है। इसके लिए नेहरू पैलेस स्थित निगम कार्यालय (ओल्ड इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट) में एक हैल्प डैस्क भी स्थापित है। स्कीम का लाभ लेने के लिए कोई भी पथ विक्रेता यहां से ऋण सम्बंधी जानकारी ले सकता है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि पीएम स्वनिधि वर्ष 2020 में कोविड महामारी के बाद शुरू हुई थी। कोविड में रेहड़ी-फड़ी लगाने वाले लोगों का व्यवसाय चोपट हो गया था। ऐसे लोगों की आर्थिक मदद करके उनके व्यवसाय को फिर से जीवित कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रधानमंत्री स्वनिधि स्कीम लागू की गई थी, जिसमें बिना गारंटी के 10 हजार रुपए का ऋण दिया जाता था। जो लोग मासिक किश्तों में इस ऋण को चुका देते हैं, वह सम्बंधित बैंक से ही 20 हजार रुपए का ऋण ले सकते हैं। इसी प्रकार 20 हजार रुपए का ऋण चुकाने के बाद 50 हजार रुपए ऋण का लाभ भी इसी स्कीम में दिया जा रहा है, जो सम्बंधित बैंक से ही मिलेगा। खास बात यह है कि ऋण पर लगने वाले ब्याज में से लाभार्थी को 9 प्रतिशत की सब्सिडी मिलती है, शेष 1 या 2 प्रतिशत ऋण ही चुकाना पड़ता है। निगमायुक्त ने बताया कि नए स्ट्रीट वैंडरों को ऋण प्राप्त करने के लिए अटल सेवा केन्द्र में जाकर पीएम स्वनिधि पोर्टल पर आवेदन देना होगा। स्ट्रीट वैंडर नेहरू पैलेस स्थित नगर निगम कार्यालय में फार्म भरने के बाद भी अटल सेवा केन्द्र में जा सकते हैं। आवेदन के लिए लाभार्थी को फोटो, आधार कार्ड और बैंक कॉपी की फोटो प्रति देनी होगी। फार्म भरने के बाद स्ट्रीट वैंडर की वेरीफिकेशन होती है और फिर उसे ब्रिकी प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि जो स्ट्रीट वैंडर डिजीटल तरीके से पैसे का लेन-देन करेगा, उसे कैश बैक का लाभ मिलता है। उदाहरण के तौर पर जो वैंडर साल में 100 डिजीटल ट्रांजैक्शन करेगा, उसे कम से कम 100 रुपए मासिक कैश बैक का लाभ मिलेगा।

## सैनिक स्कूल कुंजपुरा से 10वीं कक्षा का कैडेट लापता हुआ

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**सैनिक** स्कूल कुंजपुरा से 10वीं कक्षा का कैडेट लापता हो गया। बच्चे के लापता होने की खबर शाम को काउंटिंग के दौरान लगी। 10 दिन की छुट्टी के बाद ही छात्र स्कूल में लौटा था। स्कूल प्रबंधन ने मामले की शिकायत कुंजपुरा थाना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज करके बच्चे की तलाश में जुट गई है।
पुलिस को दी शिकायत में स्कूल के अध्यापक भास्कर शुक्ला ने बताया कि रविवार शाम को 4.30 बजे जब हमने बच्चों की गिनती की, तब ड्यूटी मास्टर सुनील राणा को कक्षा 10 के छात्र शिवम के गायब होने की बात पता चली।



इसकी सूचना सुनील द्वारा स्कूल के सीनियर मास्टर और प्रिंसिपल को दी गई। इसके बाद स्कूल में तलाश की गई, लेकिन वह कहीं नहीं मिला।
भास्कर शुक्ला ने बताया कि नाबालिग छात्र शिवम मूल रूप से जींद का रहने वाला है। वह सैनिक स्कूल में 10वी कक्षा का कैडेट है। जब शिवम स्कूल से गायब हुआ तो कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए, लेकिन ढाई बजे तक वह सीसीटीवी कैमरे में कहीं पर दिखाई नहीं दिया। काफी तलाश करने के बाद भी जब शिवम का कुछ पता नहीं चला तो शिवम के माता-पिता से संपर्क किया गया, लेकिन वह वहां पर भी नहीं मिला। पुलिस को दी शिकायत में शुक्ला ने बताया कि अभी 2-3 दिन पहले ही शिवम 10 दिन की छुट्टी के बाद घर से लौटा था। स्कूल से गायब होने के पहले कैंपस में ही अन्य विद्यार्थियों के साथ था।
थाना कुंजपुरा के एएसआई सूरजभान ने बताया कि स्कूल के अधिकारियों की तरफ से बच्चे के लापता होने की शिकायत उन्हें मिली है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज करके नाबालिग बच्चे की तलाश शुरू कर दी गई है।

## साइक्लोथॉन रैली की भव्य ढंग से होगी शुरूआत: अनीश यादव

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नशा जैसी** सामाजिक बुराई को रोकने तथा लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में साइक्लोथॉन रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 1 सितम्बर को करनाल से झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन रैली की शुरूआत करेंगे, जोकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से होती हुई 25 सितम्बर को यमुनानगर पहुंचेगी और वहां पर इसका समापन होगा।
वीसी में साइक्लोथॉन रैली को लेकर उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि करनाल से इस कार्यक्रम की भव्य ढंग से शानदार शुरूआत करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन रैली में शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों के साथ-साथ खिलाडि?ों सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, नशा मुक्ति केन्द्र तथा नेहरू युवाकेन्द्र से जुड़े युवाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए नशे से अधिक प्रभावित शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक प्रचार-प्रसार का कार्य करवाया जाएगा।
उन्होंने अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए कि वे साइक्लोथॉन रैली में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए पीने के पानी, रिफ्रेशमेंट की उचित व्यवस्था करवाना



सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा टोपी व टी-शर्ट का भी प्रबंध करवाया जाए और अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, विशेषकर युवाओं की और ये सभी लोग अपनी-अपनी साईकिलों के साथ रैली में शामिल होंगे।
साइक्लोथॉन रैली के बारे में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए हरियाणा सरकार निरंतर प्रयासरत है और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार प्रदेश में साइक्लोथॉन रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि करनाल जिला से इसकी शुरूआत होगी और यमुनानगर में इसका समापन होगा तथा 17 सितम्बर को सिरसा में नशा मुक्ति को लेकर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे उक्त अवधि के दौरान अपने-अपने जिलो में साइक्लोथॉन रैली के सफल आयोजन के लिए बेहतरीन व्यवस्था करें और नशे से प्रभावित क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करवाएं ताकि लोगों में नशे के खिलाफ जागृति लाई जा सके। वीसी में मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष अधिकारी सी.पी. एंड ओ. पंकज नैन (आईपीएस)ने बताया कि साइक्लोथॉन रैली के माध्यम से लोगों में नशा मुक्ति की जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस रैली के दौरान एक प्रचार वैन साथ-साथ चलेगी जिसमें बड़ी स्क्रीन की एलईडी लगाई जाएगी तथा कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि करनाल, सिरसा व यमुनानगर जिला को छोडकर अन्य जिला में भी सुबह-सुबह साईकिल रैली निकाली जाए।

# संपादकीय

## चीन छवि चमकाने में जुटा

**भारत** के कुछ मीडिया संस्थानों को लेकर सामान्य नागरिकों के मन में अकसर प्रश्न उठते हैं कि उनके समाचारों एवं विचारों में भारत विरोध की बू क्यों आती है? जब देश समाधानमूलक पत्रकारिता की अपेक्षा करता है, तब ये अपनी रिपोर्टिंग से बनावटी विवादों को जन्म क्यों देते हैं? ये चीन और पाकिस्तान परस्त क्यों दिखाई देते हैं? इस प्रकार के अनेक प्रश्नों के उत्तर अमेरिकी समाचारपत्र 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट से मिलते हैं। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन दुनियाभर में मीडिया संस्थानों और पत्रकारों को पैसे देकर अपनी छवि चमकाने और दूसरे देशों के खिलाफ दुष्प्रचार को अंजाम दे रहा है। इस तरह चीन अपने प्रतिद्वंद्वियों के विरुद्ध 'धुंआ रहित युद्ध' भी लड़ रहा है। चीन के इस एजेंडा को चलाने में श्रीलंकाई मूल का अमेरिकी कारोबारी नेविल रॉय सिंघम किंगपिंग के तौर पर सामने आया है। नेविल चीन की कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) की प्रचार शाखा से जुड़ा है। यह रिपोर्ट खुलासा करती है कि चीन के दलाल नेविल ने कम्युनिस्ट खेमे की वेबसाइट 'न्यूज क्लिक' को करोड़ों रुपये की फंडिंग की है। न्यूज क्लिक और उससे जुड़े पत्रकारों की पत्रकारिता का विश्लेषण करें, तो सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाता है कि चीन से किस बात के लिए उन्हें पैसा मिला होगा। हालांकि जो देशभक्त प्रबुद्ध वर्ग है उसे इस खुलासे से कतई आश्चर्य नहीं हुआ होगा क्योंकि देश बाह्य ताकतों के इशारे पर काम करने का कम्युनिस्टों का इतिहास रहा है। एक समय में कम्युनिस्ट खेमा रूस से संचालित होता था, लेकिन जब रूस में तानाशाही कम्युनिज्म व्यवस्था धराशायी हो गई तब उन्होंने कम्युनिस्ट चीन के साथ अपने संबंध जोड़ लिए। याद हो, जब 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया तब भारत के कम्युनिस्ट नेता एवं बुद्धिजीवी आक्रांता देश के पाले में जाकर खड़े हो गए। भारत पर आक्रमण करने के लिए चीन का विरोध करने की जगह, कम्युनिस्ट उसके पक्ष में सड़कों पर रैलियां निकाल रहे थे और भारत की ही आलोचना कर रहे थे। कम्युनिस्ट मीडिया का चीन की गोदी में बैठना कोई मजबूरी नहीं, अपितु उसका स्वाभाविक चरित्र ही है। आज जब भारत तेजी से विश्वपटल पर प्रभावशाली भूमिका को प्राप्त कर रहा है, तब कम्युनिस्ट मीडिया चीन के इशारे पर भारत की छवि को खराब करने के व्यभिचार में शामिल हो गया है। किसी कठपुतली की भांति भारत में सक्रिय कम्युनिस्ट मीडिया अपने आका चीन की अंगुलियों के इशारे पर नाच रहा है। असली गोदी मीडिया तो यही है। हैरानी की बात है कि अमेरिकी समाचारपत्र न्यूयॉर्क टाइम्स में जब भी भारत विरोधी समाचार या लेख प्रकाशित होते हैं, तब समूचा प्रगतिशील खेमा एवं तथाकथित सेकुलर बिरादरी उनकी कतरनें किसी विजयी ध्वज की तरह लहराते हुए हो-हल्ला मचाते हैं। परंतु जब उसी समाचार पत्र ने एक खतरनाक सच को उजागर किया है, तब यह खेमा या तो चुप है या फिर मुंह भी खोल रहा है तो उस रिपोर्ट पर प्रश्न उठाने के लिए। याद हो, वर्ष 2021 में ही प्रवर्तन निदेशालय की जांच में यह बात सामने आ गई थी कि 'न्यूज क्लिक' को जो विदेशी निवेश मिल रहा है, उसमें भारी अनियमितता है।

# सुप्रीम कोर्ट ने महिलाओं को दिया भाषाई न्याय

**आशीष वशिष्ठ**

> "निश्चित ही शब्दों की यह सूची अभी छोटी होगी, लेकिन धीरे-धीरे यह लम्बी होती जाएगी और महिलाओं को उन अपशब्दों से निजात मिल सकेगी जो उनके विरूद्ध घरों, दफ्तरों, गलियों और बाजारों में अब भी बड़ी सहजता से इस्तेमाल किए जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय का यह प्रयास विषेषकर महिलाओं के सम्मान, उनकी गरिमा और समता के मद्देनजर किया गया है। इस लैंगिक और बेहतर पहल के लिए प्रधान न्यायाधीश बधाई और साधुवाद के पात्र हैं"

**सुप्रीम** कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्यायिक निर्णयों में लैंगिक रूढ़िवादिता को खत्म करने के लिए बीते दिनों 43 शब्दों को फिलहाल रेखांकित करते हुए हैंडबुक ऑनः कॉम्बेटिंग जेंडर स्टीरियोटाइप्स 30 पेज की पुस्तिका जारी की। पुस्तिका में नारी गरिमा को हानि पहुंचाने वाले घिसे-पिटे शब्दों और अपशब्दों को हटा दिया गया है। इस पुस्तिका में वही शब्द हैं जो पहले कभी, कोर्ट में हुई बहस या उसके बाद लिखे गए निर्णयों में प्रयोग किये गये थे। यह पहली बार है कि जब किसी मुख्य न्यायाधीश का ध्यान महिलाओं के विरूद्ध प्रयोग किए जाने वाले कठोर और अपमानजनक शब्दों की ओर आकर्षित हुआ है, जो अदालत की भाषा में घुसपैठ कर चुके हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट की जस्टिस मौसमी भट्टाचार्य की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा यह हैंडबुक तैयार की गई है। असल में इसी साल मार्च में महिला दिवस के मौके पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा था कि लैंगिक भेदभाव को बढ़ावा देने वाले शब्दों को हटाने पर काम चल रहा है, जल्द एक गाइडलाइन जारी की जाएगी। हैंडबुक के लॉन्च के वक्त मुख्य न्यायाधीश बोले, इसका मकसद किसी फैसले पर संदेह करना या आलोचना करना नहीं है बल्कि स्टीरियोटाइपिंग, खासकर औरतों को लेकर इस्तेमाल होने वाले शब्दों को लेकर जागरूकता फैलाना है. हैंडबुक इस बात पर गौर करेगी कि स्टीरियोटाइप क्या है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि उन कठोर या अपमानजनक शब्दों की जगह उनके सम्मानजनक विकल्प का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। यह पुस्तिका अधिवक्ताओं और न्यायाधीशों दोनों के लिए है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि हमारी अदालतों की भाषा वाकई कबीलाई और मध्यकालीन संस्कारों और सोच से प्रभावित है। अदालतों में भी पितृसत्तात्मक व्यवस्था है, क्योंकि अधिकांश न्यायाधीश, वकील और कर्मचारी पुरुष हैं। महिलाओं की उपस्थिति न्यूनतम है, लेकिन भाषा के स्तर पर वही पुराना लैंगिक वर्चस्व का भाव है। बेशक याचिका हो या पुलिस, जांच एजेंसी का आरोप-पत्र अथवा वकीलों की बहस और न्यायाधीशों के फैसले हों, भाषाई स्तर बेहद आपत्तिजनक और तिरस्कारवादी रहा है। मसलन-वेश्या, बिन ब्याही मां, बदचलन, छोड़ी हुई औरत, रखैल आदि शब्द कमोबेश 21वीं सदी की भाषा के नहीं हो सकते। समाज के विभिन्न वर्गों और कार्यस्थलों पर महिलाओं के लिए



इस्तेमाल की जाने वाली भाषा भी कभी-कभी बहुत सम्मानजनक नहीं होती है। ऐसा नहीं है कि ऐसे शब्दों का प्रयोग जानबूझकर किया जाता है। हमारे अचेतन मन में ऐसे शब्दों का प्रयोग यूं ही किया जाता है, लेकिन उनका अर्थ गंभीर और असम्मानजनक होता है। ऐसे शब्दों का प्रयोग हम पीढ़ी-दर-पीढ़ी करते रहते हैं। आमतौर पर महिलाओं के लिए प्रयोग होने वाले शब्दों से वे खुद परिचित नहीं हैं। समाज की मूल इकाई परिवार है, लेकिन वहां भी सब कुछ ऐसे ही चल रहा है। ऐसे में महिलाओं के लिए प्रयोग होने वाले अपमानजनक शब्दों को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस हैंडबुक का लॉन्च करना सरसरी नजर में मामूली बात लग सकती है, लेकिन अगर इसकी बारीकियों पर नजर डालें तो यह रुढ़िवादी सोच पर गहरी चोट करती है। आम बोलचाल की भाषा में कहें तो अपमान के केंद्र में भी महिलाएं ही होती हैं। इसे बदलने के लिए भी बड़े प्रयासों की जरूरत है। वास्तव में भाषा हमारी चेतना को अभिव्यक्त करती है, लिहाजा मानसिक सोच को भी स्पष्ट करती है। कानून भाषा के जरिए ही जिंदा है। अदालतों में जो शब्द इस्तेमाल किए जाते रहे हैं, उनका हमारी जिंदगी पर बहुत प्रभाव होता है। कटघरे और अदालत में मौजूद महिला किसी की बेटी, बहन, बहू और पत्नी ही है, लिहाजा अपराध के बिना उसे लांछित क्यों किया जाए? प्रधान न्यायाधीश ने यह सामाजिक, भाषायी बीड़ा उठाया है, यकीनन इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। अब नई विश्व-व्यवस्था और नए भारत में परिवार का कमाऊ और रोटी-प्रदाता सदस्य पुरुष ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी हैं। अलबत्ता वे यौन और घरेलू सेवाएं भी प्रदान करती हैं। प्रकृति ने उन्हें ही मातृत्व का वरदान दिया है, लिहाजा शब्दों और सोच का इस्तेमाल भी सभ्य और समता के स्तर पर किया जाना चाहिए। चूंकि अदालत से सीधा संबंध पुलिस, जांच एजेंसियों का है, लिहाजा प्रधान न्यायाधीश नई शब्दावली के लिए पुलिस विभाग, गृह मंत्रालय और अन्य संबद्ध विभाग से भी आग्रह कर सकते हैं। हमारा मानना है कि देश की समूची व्यवस्था में कमोबेश भाषायी परिवर्तन को जरूर लागू किया जाना चाहिए। तभी हम व्यावहारिक और आदर्श, सामाजिक तौर पर लैंगिक समानता और लैंगिक गरिमा की बात कर सकते हैं। बहरहाल नई शब्दावली का प्रयोग भी इसी संदर्भ में किया गया है कि भरी अदालत में औरत को कलंकित या लांछित न किया जाए। जो पुस्तिका जारी की गई है, उसे प्रवचन के बजाय व्यवहार में लिया जाना चाहिए। मुख्य न्यायाधीष का कहना है कि ये शब्द उचित नहीं हैं और अतीत में न्यायाधीशों द्वारा इसका इस्तेमाल किया गया है। हैंडबुक का उद्देश्य आलोचना करना या निर्णयों पर सवाल उठाना नहीं है, बल्कि यह बताना है कि कैसे रूढ़िवादिता का उपयोग अनजाने में किया जा सकता है। हैंडबुक के लॉन्च के बाद अब सुप्रीम कोर्ट के फैसलों और दलीलों में लैंगिक रूढ़िबद्ध शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

छेड़छाड़, वेश्या या वेश्या और गृहिणी जैसे शब्दों की जगह अब सड़क पर यौन उत्पीड़न, सेक्स वर्कर और गुहिणी जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाएगा। इस पुस्तिका में आपत्तिजनक शब्दों और उनके स्थान पर प्रयोग किये जाने वाले नये शब्दों और वाक्यांशों की सूची है। इनका उपयोग न्यायालय में दलीलें देने, आदेश पारित करने तथा उसकी प्रति तैयार करने में किया जा सकता है। शब्द गलत क्यों हैं और वे कानून को और कैसे विकृत कर सकते हैं, यह भी बताया गया है। व्यवहारिक रूप से महिलाओं को समानता की ओर लाने के लिए ऐसी पहल की बहुत आवश्यकता है। फिलहाल यह बेहद सीमित पहल है। महिलाओं के अलावा भी कुछ और शब्द जोड़े गए हैं, लेकिन अभी यह अनुसंधान जारी रखना चाहिए कि किन और शब्दों को बेहतर और सभ्य बनाया जा सकता है। पहली चुनौती यह है कि क्या अदालतों में इन बेहतर शब्दों का चलन तुरंत प्रभावी हो जाएगा? जो नए शब्दों के स्थान पर पुराने शब्दों को ही दोहराते रहेंगे, उनके लिए अदालत के निर्देश क्या होंगे? अथवा उन्हें दंडित भी किया जा सकेगा? न्यायपालिका में करोड़ों मामले लंबित या विचाराधीन हैं। उनकी भाषा बदलने के आधार और नियम क्या होंगे? यह उन सभी संस्थानों के लिए भी एक उदाहरण बनेगा, जो बिना सोचे-समझे आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। इसका प्रभाव बौद्धिक समाज और उसके नीचे के समाज पर दिखाई देने लगेगा। हालांकि, शिक्षा के उच्च स्तर के बावजूद, महिलाओं के प्रति हमारे समाज का दृष्टिकोण संकीर्ण है। उन्हें अपमानित करने की नियत से लोक और शास्त्रोक्त भाषा में कई ऐसे शब्द गढ़े गए हैं, जिन्हें गाली भी कहा जा सकता है। इस हैंडबुक को जारी करते हुए चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि इस हैंडबुक को तैयार करने का मकसद किसी फैसले की आलोचना करना, या उस पर संदेह करना नहीं, बल्कि यह बताना है कि अनजाने में कैसी और किस-किस तरह की रूढ़ियाँ चलती रहती हैं और कोई इस पर बहुत जल्दी ध्यान ही नहीं दे पाता।

निश्चित ही शब्दों की यह सूची अभी छोटी होगी, लेकिन धीरे- धीरे यह लम्बी होती जाएगी और महिलाओं को उन अपशब्दों से निजात मिल सकेगी जो उनके विरूद्ध घरों, दफ्तरों, गलियों और बाजारों में अब भी बड़ी सहजता से इस्तेमाल किए जाते हैं। सर्वोच्च न्यायालय का यह प्रयास विषेषकर महिलाओं के सम्मान, उनकी गरिमा और समता के मद्देनजर किया गया है। इस लैंगिक और बेहतर पहल के लिए प्रधान न्यायाधीश बधाई और साधुवाद के पात्र हैं।

# कविता

मुफलिसी मेरी रिश्तेदार हो गई है
तंगहाली जिंदगी में शुमार हो गई है।।

कौन किसी की यहां कोई कद्र करता।
फकीरी ही अब मेरा संसार हो गई है।।

जाइए, देखे है हमने कितने कद्रदान।
गदीर्शी अब गले का हार हो गई है।।

राहों में चलते हैं तो कांटे तो चुभेगे ही।
राहें भी अब यहां बड़ी रंगदार हो गई है।।

जिसके हाथ लगी दौलत और हुकूमत।
वे सब हस्तियां जागीरदार हो गई है।।

आप हमें करें प्यार या बेइंतहा नफरत।
हमारी जिंदगी आप पर जानिसार हो गई है।।

हमें मालूम है आपकी असली फितरत।
आप सचमुच मंजी कलाकार हो गई हैं।।

कौन कुछ लेकर आया है क्या लेकर जाएगा।
जिंदगी रंगमंच का किरदार हो गई है।।

**संजीव**

## महंगाई की आरी - अब प्याज की तैयारी

**भावनानी गोंदिया**

**भारत में** टमाटर और प्याज को स्वाद याने टेस्ट की चाबी माना जाता है जो भोजन रूपी दरवाजे और उसके स्वाद को प्याज टमाटर रूपी चाबी से खोला जाता है। यानें यह दोनों नहीं रहे तो मेरा मानना है कि अमीर से गरीब व्यक्ति तक को भोजन के स्वाद में कुछ ना कुछ कमींमहसूस करने को मिल जाएगी, इसका अनुभव घर के होम मिनिस्टर यानें महिलाओं को अधिक अनुभव होना लाजमी है, क्योंकि बिना प्याज टमाटर के सब्जी बनाना कितना मुश्किल होता है इनसे अधिक कोई नहीं जान सकता। क्योंकि यदि सब्जी में प्याज किसी को वर्जित है तो उसका अल्टरनेट टमाटर है और टमाटर का अल्टरनेट प्याज है, यदि दोनों ही नहीं हो तो स्वाद की चाबी गुम समझो ! जी हां यह बात हम सबको अनुभव अभी हुई है, जब टमाटर का रेट हमने 400 रुपए प्रति किलोग्राम तक भी दिए हैं, फिर सरकार ने नाफेड के माध्यम से टमाटर सस्ते में बेचना चालू किया,जिससे राहत मिली अब टमाटर नाफेड में 40 रुपए प्रति किलोग्राम से आपूर्ति हो रहें है। परंतु फिर चली है महंगाई की आरी, टमाटर के बाद अब प्याज की तैयारी! ज़िस तरह से प्याज के भाव बढ़ते जा रहे हैं, हमें टमाटर के भाव के कुछ दिनों पहले जो अतीत बनें याद आ रहे हैं और अखिल भारतीय औसत खुदरा कीमत शनिवार 19 अगस्त 2023 को 30.72 रुपए प्रति किलोग्राम और अधिकतम कीमत 63 रुपए प्रति किलोग्राम और न्यूनतम कीमत 10 रुपए प्रति किलोग्राम हुआ, जिसका आभास होते ही सरकार ने दिनांक 19 अगस्त 2023 को वित्त मंत्रालय राजस्व विभाग द्वारा अधिसूचना क्रमांक 47/2023 सीमाशुल्क जारी कर प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है जो तत्काल प्रभाव से 31 दिसंबर 2023 तक जारी रहेगा, क्योंकि एक जानकारी के अनुसार जनवरी-मार्च 2023 में प्याज का निर्यात 8.2 लाख टन रहा जबकि यही पिछली अवधि यानें जनवरी-मार्च 2022 में 3.8 लाख टन था। चूंकि प्याज की कीमतें तेजी से बढ़ रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्याज की मार, एक्शन में सरकार 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क का भार। साथियों बात अगर हम टमाटर के बाद अब प्याज की कीमतों में वृद्धि और सरकार द्वारा निर्यात शुल्क लगाने की करें तो, टमाटर की आसमान छूती कीमतों से बड़ी मुश्किल से निजात मिली है। धीरे-धीरे टमाटर के दाम कम होने शुरू हुए है। टमाटर की कीमतों के बीच प्याज ने सरकार की चिंता बढ़ाना शुरू कर दिया। प्याज की बढ़ती कीमतों का हाल भी टमाटर जैसा न हो जाए इसलिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है, प्याज की मूल्य वृद्धि पर अंकुश लगाने और घरेलू बाजार में आपूर्ति में सुधार के लिए प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत नियार्त शुल्क लगाया है।

# विचार

## घर की दहलीज से दूर होते बुजुर्ग

**डॉ सत्यवान सौरभ**

**घर** के बुजुर्गों को परिवार की नींव कहा जाता है, बुजुर्गों के अनुभव को ध्यान में रखते हुए उनसे सलाह लेनी चाहिए। उनका स्नेह और प्यार अनमोल है। हमारे देश में बुजुर्ग तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन उनके लिए उपलब्ध संसाधन कम होते जा रहें हैं। ऐसे में हम सबकी जिम्मेवारी बनती है कि उन्हें एक तरफ रखने के बजाय उनकी शारीरिक और मानसिक देखभाल करने के लिए समुदायों के जीवन में एकीकृत किया जाना चाहिए, जहां वे सामाजिक परिस्थितियों को सुधारने में पर्याप्त योगदान दे सकते हैं। बुजुर्गों की समस्या को समाधान में बदलने का प्रयास करना बेहद जरूरी है। देश में बुजुर्ग जनसंख्या और स्वास्थ्य चुनौतियां उभर कर सामने आई है, भारत में उम्रदराज हो रही आबादी के स्वास्थ्य, आर्थिक तथा सामाजिक निर्धारकों और परिणामों की वैज्ञानिक जांच का देश में सबसे बड़ा व्यापक राष्ट्रीय सर्वे किया गया हैं। यह भारत का पहला तथा विश्व का अब तक का सबसे बड़ा सर्वे है जो सामाजिक, स्वास्थ्य तथा आर्थिक खुशहाली के पैमानों पर वृद्ध आबादी के लिए नीतियां और कार्यक्रम बनाने के उद्देश्य से लान्जिटूडनल डाटाबेस प्रदान करता है। इसमें देश तथा राज्यों का प्रतिनिधि सैम्पल सामाजिक आर्थिक परिदृश्य, व्यापक, प्रासंगिक फोकस, लान्जिटूडनल डिजाइन, डाटा संग्रह, गुणवत्ता नियंत्रण तथा भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) के लिए कम्प्यूटर असिसटेड पर्सनल इंटरव्यूइंग (सीएपीआई) टेक्नॉलॉजी का उपयोग शामिल है। इससे विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में तालमेल होगा। देश में जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक और अन्य प्रासंगिक क्षेत्रों में उभरते रुझानों को ध्यान में रखते हुए, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक राष्ट्रीय नीति बना रहा है, जिसमें वित्तीय और खाद्य सुरक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और पोषण जैसे मुद्दों को शामिल किया गया है, विकसित होते भारत में भविष्य में जनसंख्या स्वस्थ होगी और अधिक समय तक जीवित रहेगी। अनुसंधान इंगित करता है कि भारत की 12% आबादी 2030 तक 60 वर्ष की आयु और संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या निधि के अनुसार होगी; यह 2050 तक बढ़कर 19।4% होने की उम्मीद है। 60+ आयु वर्ग के पुरुषों की तुलना में अधिक महिलाएं होने जा रही हैं। लंबी उम्र बढ़ने से 80 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है, जो लगभग 1।1 करोड़ लोगों के लिए जिम्मेदार है। 100 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 6 लाख लोगों के साथ, भारत में 2050 तक सबसे अधिक संख्या में लोग होंगे। 2011 में वरिष्ठ नागरिकों की संख्या 10।38 करोड़ से बढ़कर 2026 में 17।3 करोड़ और 2050 में 30 करोड़ हो गई। ऐसे में उनके कल्याण के लिए कार्यक्रमों की आवश्यकता बढ़ जाती है।

जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, परिवारों के नाभिकीयकरण, उनके दिन-प्रतिदिन के रखरखाव और उम्र से संबंधित कठिनाइयों के लिए दूसरों पर निर्भरता; बुजुर्ग लोगों के जीवन के लिए एक कठिन चुनौती है। अधिक आर्थिक निर्भरता के कारण बुजुर्ग महिलाओं के लिए समस्या बढ़ जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में, जहाँ 70% बुजुर्ग रहते हैं, आर्थिक कारणों और चिकित्सा सेवाओं की खराब गुणवत्ता के कारण गंभीर स्थिति की ओर जाता है, विशेष रूप से 80 वर्ष से अधिक आयु वालों के लिए। 5।1 करोड़ बुजुर्ग आबादी गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन कर रही है और वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ बढ़ते अपराधों के कारण, बुजुर्ग लोगों की स्थिति दयनीय है। भारत के वरिष्ठ नागरिकों का प्रतिशत हाल के वर्षों में बढ़ती दर से बढ़ रहा है और इस प्रवृत्ति के जारी रहने की संभावना है। स्टेट ऑफ वर्ल्ड पॉपुलेशन 2019 की रिपोर्ट के अनुसार भारत की छह प्रतिशत आबादी 65 वर्ष और उससे अधिक की थी। जीवन प्रत्याशा में वृद्धि, हालांकि वांछनीय है, लेकिन इस से आधुनिक दुनिया के लिए नई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
**9999889104, 9250706656**
ई-मेल : **actionindiaharyana@gmail.com**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# चिंतन

## भविष्य के लिए सुपर फ्यूल साबित हो सकता है हाइड्रोजन फ्यूल

**सुनील कुमार महला**

**भारत** में अब हाइड्रोजन ईंधन का प्रयोग होने लगा है। हाल ही में लेह में देश की पहली हाइड्रोजन बस का ट्रायल रन शुरू किया गया है, यह बहुत ही काबिलेतारिफ इसलिए है क्यों कि कार्बन-तटस्थ समाज बनाने में बैटरी विद्युतीकरण और नवीकरणीय ईंधन के साथ हाइड्रोजन ईंधन एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली इलेक्ट्रिक व्हीकल से संसद पहुंच थे और उस समय हाइड्रोजन वाली इस कार ने खूब सुर्खियां बटोरीं थीं। अब तो ट्रेनों को भी इससे संचालित करने के संबंध में लगातार चर्चा की जा रही है। भविष्य में हाइड्रोजन से ट्रेनें चलने लगें तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा, क्यों कि हाइड्रोजन सुपर फ्यूल या भविष्य का फ्यूल साबित हो सकता है। दरअसल, हाइड्रोजन एक ऊर्जा वाहक है जिसमें ऐसे गुण विद्यमान हैं जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के शुद्ध योग को कम करने में मदद कर सकते हैं। हाईड्रोजन-एक रंगहीन, गंधहीन गैस है, तथा प्रदूषण मुक्त है। पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाइड्रोजन क्लीन एनर्जी के अंतर्गत आता है?।

ये एक ऐसा तत्त्व है जो वायुमंडल में किसी न किसी से जुड़ा हुआ प्राप्त होता है। ये शुद्ध रूप से वायुमंडल में उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसमें बहुत ऊर्जा पाई जाती है। धरती पर ये जटिल अणुओं जैसे पानी या हाइड्रोकार्बन के तौर पर पाया जाता है। ये ऊर्जा का स्त्रोत नहीं बल्कि वाहक है यानी इस्तेमाल के लिए इसका उत्पादन किया जा सकता है, इसे अलग किया जा सकता है या संग्रहित किया जा सकता है। हाइड्रोजन के जलने पर पानी ही बनता है। हाइड्रोजन को प्राप्त करने के लिए जल में इलेक्ट्रोलिसिस की क्रिया अपनाई जाती है। पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हाइड्रोजन से सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसका स्थानीय संसाधनों से स्थानीय स्तर पर ही उत्पादन किया जा सकता है और इस प्रकार से यह दुनिया के लिये 'भविष्य का ईंधन' साबित हो सकता है।

## मूरखद्वीप का अफसाना

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

**घोषणा** हुई कि जनतांत्रिक पागल जिसके गले में माला डाल देगा वही मूरखद्वीप का अगला शिक्षा मंत्री होगा। पागल ने सड़क किनारे सुस्ताती कुतिया के गले में माला डाल दी। पागल को पता था कि परसाई ने शिक्षा को सड़क किनारे पड़ी कुतिया बताया था जिसे हर कोई लतिया कर चला जाता है। कुतिया मूरखद्वीप की शिक्षा मंत्री हो गयी। मूरखद्वीप सरकार यों भी दुम पर ज्यादा गौर करती है योग्यता पर कम। लेकिन लात मारने वालों को कोई फर्क नहीं पड़ना था। उनकी टांगे फड़क रही हैं। मूरखद्वीप समझदार इक्के-दुक्के बचे थे, जो बुद्धिजीवी के नाम से यहाँ-वहाँ दिख पड़ते थे। वे लाख चिल्लाएँ उस द्वीप के लोगों पर जूँ तक नहीं रेंगता था। उनकी कलम मूरखद्वीप की मधुशाला के सामने हाँफ रही थी। कुतिया ने बुद्धिजीवियों को ऐसा काट खाया कि उन्होंने अपनी कलम छोड़ अंडर ग्राउंड हो गए। शिक्षा विभाग में सबसे पहले न नुकूर करने वालों की भाषा को ले कर उठापटक शुरू हुई। मंत्रालयों में उठापटक को चिंतन कहने की आदर्श परंपरा है। मूरखद्वीप में अफसरों की भाषा और न नुकूर करने वालों की भाषा अलग-अलग है। लोग भाषा के बल पर कट मरते हुए आगे निकल जाते हैं। अंग्रेजी फरार्ने वाला वकील देसी जज को हलुवा समझते हुए गप से खा जाता है। बहस के दौरान जज मुद्दों से कम भाषा से अधिक जूझता है। शिक्षा व्यवस्था पर सबसे पहले यही सवाल आया कि भाषा का ये हथियार कैसे जब्त किया जाये। क्योंकि मंत्रालय में भी बड़ी दिक्कत होती है। अफसर भाषा के बल पर अपनी सरकार चलाते हैं। मंत्री बेचारा मात्र सरकारी लेटरपेड बन कर रह जाता है। तो सुझाव आया कि सरकार हिंदी में चले। हालाँकि सवाल ये उछले कि क्या नेताओं को सही हिंदी आती है। जवाब गया कि अफसरों को हिंदी में समझाने लायक तो आती है। सरकार के लिए इतना ही काफी था। अब सारे जरूरी काम हिंदी में होंगे। अंग्रेजी के अखबार भी हिंदी में छपेंगे। शिक्षा मंत्री ने फरमान जारी किया कि स्कूल कालेजों में पढ़ाई हिंदी में होगी। जो ज्ञान-विज्ञान अंग्रेजी में है उसे फिलहाल देशभक्त दीमकों के लिए अलमारियों के हवाले करें। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में युद्ध जुबान से लड़े जाते हैं कलम से नहीं।









# 'एमसीडी के सभी अस्थायी कर्मचारियों को जल्द करेंगे पक्का...'

**ऐतिहासिक**

**सीएम ने 317 कर्मचारियों को पक्का करने के सर्टिफिकेट सौंपे, अब पहली तारीख को मिल रही सैलरी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** नगर निगम के कर्मचारियों के लिए सोमवार का दिन बड़ा और ऐतिहासिक रहा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सफाई कर्मचारियों से मुलाकात की और 317 कर्मचारियों को पक्का होने का सर्टिफिकेट दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 साल बाद एमसीडी के कर्मचारियों को महीने की पहली तारीख को तनख्वाह मिलने लगी है, क्योंकि यहां अब ईमानदार सरकार है। इससे पहले 2010 में कर्मचारियों को एक तारीख को तनख्वाह मिली थी। हम बाकी कर्मचारियों को भी पक्का करेंगे। ये मेरी गारंटी है। हम हर वादे को पूरा करेंगे। अब हम सब मिलकर दिल्ली को देश का ही नहीं, दुनिया का सबसे साफ-सुथरा शहर बनाएंगे। इस मुहिम में दिल्ली की जनता को भी जोड़ेंगे। केजरीवाल ने कहा कि जब ईमानदार सरकार आती है तो माहौल बदल जाता है। कर्मचारियों को समय से तनख्वाह मिलती है तो उनका काम में भी मन लगता है। इस दौरान दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज, एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय समेत एमसीडी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे। दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान केजरीवाल ने कहा कि हम लोगों ने दिल्ली नगर निगम को लेकर जितने सपने देखे थे, जितनी गारंटी दी थी, वो सारी पूरी होगी। वह उन 317 कर्मचारियों को बधाई देते है, जिनका आज नियमितिकरण होने जा रहा है और नियुक्ति पत्र मिल रहा है। बाकी कर्मचारियों का भी नियमितिकरण होगा। यह प्रक्रिया चालू हो गई है।

वहीं दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हमारे समाज की एक कमी है कि किसी कारण से कोई कर्मचारी-अधिकारी काम नहीं कर पाता है, तो हम उसे नालायक कर्मचारी कहते हैं। वहीं, जो कर्मचारी-अधिकारी काम करते हैं, उनको उनके अच्छे काम करने के लिए हमारा समाज कभी धन्यवाद नहीं करती है। धन्यवाद कहने की प्रथा हमारे समाज में बहुत कम है। हमारे समाज की समस्या यह कि जो कर्मचारी काम नहीं करते, उन्हें तो कोसते हैं, लेकिन जो काम करते हैं, उन्हें कभी सराहते नहीं हैं। इस बीच दिल्ली नगर निगम की मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने कहा कि अब सबके खाते में एक तारीख को सैलरी आ जा रही है। एमसीडी में पिछले 13 सालों में जो नहीं हो पाया, वो अब सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में हो रहा है। एमसीडी में भी एक बेहतरीन मॉडल की शुरूआत हुई है। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल पर लोगों का जो भरोसा था, यह उस भरोसे से संभव हुआ है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी एमसीडी की रीढ़ हैं। अब किसी को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

सीएम ने कहा कि एमसीडी कर्मचारियों को पिछले दो महीनों से समय पर वेतन मिल रहा है और नगर निकाय का टैक्स संग्रह भी बढ़ गया है क्योंकि "यहां एक ईमानदार सरकार द्वारा शासन किया जा रहा है।"







## 'दिल्ली को देश का 'सबसे स्वच्छ शहर' बनाएंगे'



एमसीडी कर्मचारी और उसके अधिकारी अगले दो-तीन वर्षों में दिल्ली को देश का "सबसे स्वच्छ शहर" बनाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग शहर में चल रहे स्वच्छता अभियान से जुड़ेंगे और अगले कुछ महीनों में इसे साफ सुथरा बनाएंगे।

इस दौरान त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में आम आदमी पार्टी शासित एमसीडी की मेयर शैली ओबेरॉय और शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज भी मौजूद थे।

# गिरफ्त में दुष्कर्म का आरोपी डिप्टी डायरेक्टर और उसकी पत्नी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** सरकार में महिला एवं बाल विकास विभाग में तैनात डिप्टी डायरेक्टर प्रेमोदय खाखा और उनकी पत्नी को बुराड़ी थाना पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस दोनों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं, पीड़िता के बयान लेने के लिए मजिस्ट्रेट सेंट स्टीफन अस्पताल पहुंचे हैं। लड़की के बयान के बाद तुरंत आरोपी डिप्टी डायरेक्टर और उनकी पत्नी को मामले में गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं, दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाला अस्पताल में धरने पर बैठी हैं।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव को जांच जारी रहने तक उसे निलंबित करने का निर्देश दिया है और शाम 5 बजे तक इस पर एक रिपोर्ट भी मांगी है। वहीं, मामले को लेकर आप मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि 'यह एक भयानक घटना है। इस घटना ने मानवता को शर्मसार कर दिया है। अब तक कार्रवाई हो जानी चाहिए थी। कार्रवाई नहीं होने पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने खुद अधिकारी को निलंबित करने का आदेश दिया है।'

**शर्मनाक**

**मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मुख्य सचिव को जांच जारी रहने तक उसे निलंबित करने का निर्देश दिया**

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाती मालीवाला दुष्कर्म पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंची, लेकिन पुलिस ने उन्हें मिलने से रोक दिया। इसके बाद उन्हें मजबूर होकर धरने पर बैठना पड़ा। स्वाती मालीवाला ने ट्वीट कर कहा कि 'आधे घंटे से अस्पताल प्रशासन मुझे नाबालिग पीड़िता से मिलने से रोक रहा है। गार्ड कह रहे हैं पुलिस ने मना किया है। ये चल क्या रहा है?

# जापानी तकनीक से ग्रीन कैंपस बनाने की कला सीखेंगे छात्र

**कैंपस हरा-भरा**

**कॉलेज में इस बार नए छात्रों को ग्रीन कैंपस बनाने की जापानी तकनीक सिखाई जा रही है**





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालय में नए सत्र का आगाज हो चुका है। ऐसे में रामानुजन कॉलेज के पर्यावरण विभाग ने नए छात्रों के लिए अनूठी पहल शुरू की है। कॉलेज में इस बार नए छात्रों को ग्रीन कैंपस बनाने की जापानी तकनीक सिखाई जा रही है। इसके तहत छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ कैंपस को हरा-भरा बनाना होगा। कॉलेज ने हापुड़ की एक कंपनी से करार किया है। कंपनी पौधों के लिए ऐसी सामग्री उपलब्ध करा रही है, जिसने पौधों को तेजी से बढ़ने में मदद की है। डीयू के दक्षिणी कैंपस स्थित रामानुजन कॉलेज का कैंपस करीब पांच साल पुराना है। देशबंधु सांध्य से इसे प्रातःकालीन पाली के रूप में तब्दील किया गया है। इसके नए कैंपस में हरियाली की कमी है। ऐसे में कैंपस को हरा-भरा बनाने और पर्यावरण को बेहतर करने के लिए कॉलेज ने पिछले दिनों एक कंपनी से करार किया है। इसके तहत ऐसे पौधे लगाए जा रहे हैं, जो जल्द ही कैंपस को हरा-भरा बना देंगे।

# निलोठी गांव की फैक्टरी में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

बाहरी दिल्ली के निलोठी गांव में एक फैक्टरी में सोमवार को भीषण आग लग गई। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचीं एक दर्जन से ज्यादा दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी गई। घटना में किसी के हताहत या घायल होने की सूचना नहीं है। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि सुबह लगभग 9 बजे कंट्रोल रूम को निलोठी गांव की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली थी। यह आग की घटना निलोठी गांव के गवर्नमेंट स्कूल के पास स्थित फैक्टरी में हुई है। सूचना मिलते ही अलग-अलग फायर स्टेशन से आग बुझाने वाली गाड़ियां तुरंत भेजी गईं। मौके पर डिविजनल फायर अफसर अशोक कुमार जायसवाल और असिस्टेंट डिविजनल अफसर अमन फायरकर्मियों की टीम के साथ आग बुझाने में जुटे हुए हैं। आग बुझाने का काम तेजी से किया जा रहा है।



**आग पर काबू**

**एक दर्जन से ज्यादा दमकल गाड़ियां आग बुझाने में जुटी गई। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है**



बीजेपी के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा निर्माण उद्योग बचाओ मोर्चा के तत्वाधान में निर्माण उद्योग समस्याएं (एक परिचर्चा) में सम्मिलित होकर संबंधित विषय पर विस्तार से चर्चा की।

# पुलिस ने प्रगति मैदान जाने वाले मार्गों पर किया रिहर्सल



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** शिखर सम्मेलन को लेकर दिल्ली यातायात पुलिस ने सोमवार सुबह आठ बजे से लेकर 11 बजे तक ट्रैफिक रूट मैनेजमेंट की रिहर्सल की। पुलिस ने उन सभी मार्गों पर रिहर्सल किया, जिन मार्गों से होकर जी-20 के मेहमानों को उनके होटल से कार्यक्रम स्थल यानी प्रगति मैदान तक लाया जाएगा और वापस ले जाया जाएगा। यातायात पुलिस ने कार्यक्रम स्थल तक आने जाने वाले दर्जन भर मार्गों पर रिहर्सल किया। इसके कारण सलीमगढ़ बाईपास, महात्मा गांधी मार्ग, भैरव मार्ग, मथुरा रोड, सी हेक्सागन सरदार पटेल मार्ग, गुरुग्राम रोड, रिंग रोड और आउटर रिंग रोड आदि पर यातायात प्रभावित हुआ। यह रिहर्सल इसलिए भी किया गया, क्योंकि विदेशी मेहमानों के काफिले में करीब 20 गाड़ियां ऐसी भी होंगी, जिन्हें लेफ्ट हैंड ड्राइविंग करना होगा। उसके अनुसार सड़क पर चलने वाले उन वाहनों को भी मैनेज करना होगा, जो यहां के पारंपरिक तरीके से चलते हैं। दिल्ली के 14 होटल के साथ ही गुरुग्राम के होटलों में भी जी-20 में शामिल होने वाले राष्ट्राध्यक्ष और अन्य मेहमान रहेंगे। मुख्य कार्यक्रम प्रगति मैदान में होना है। दिल्ली एनसीआर के विभिन्न होटलों में ठहरे मेहमानों को वहां से प्रगति मैदान तक लाना और कार्यक्रम के बाद उन्हें वहां से वापस ले जाना पुलिस और यातायात पुलिस के लिए भी एक बड़ी चुनौती होगी। कार्यक्रम शुरू होने से पहले सभी राष्ट्राध्यक्ष राजघाट भी जाएंगे। विभिन्न होटलों से राजघाट और प्रगति मैदान तक आने और जाने के दौरान विदेशी मेहमानों की सुरक्षा में कोई चूक ना हो, काफिले के बीच में कोई अन्य वाहन ना आ जाए, इसे देखते हुए रिहर्सल में तैयारियां पूरी की गई हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिन मार्गों से मेहमानों को लाया और ले जाया जाना है, उन मार्गों पर बने कट

**जी20**

**सड़क पर चलने वाले उन वाहनों को भी मैनेज करना होगा, जो यहां के पारंपरिक तरीके से चलते हैं**

# थोक में सब्जियां हुईं सस्ती, पर खुदरा बाजार में नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी की मंडियों में** बरसाती हरी सब्जियों की आवक इतनी ज्यादा है कि खरीदार कम पड़ गए हैं। इस वजह से थोक बाजार में सब्जियों के भाव धड़ाम हो गए है। 5 से 25 रुपये में ही सभी हरी सब्जियों के भाव सिमट कर रह गए है। वहीं, टमाटर भी थोक मंडी में अपनी धमक नहीं दिखा पा रहा है। बेंगलुरु का टमाटर जो सबसे अधिक महंगा होता है उसका भाव भी अधिकतम 35 रुपये ही प्रतिकिलो है। बावजूद इसके खुदरा बाजार में कीमतों में कमी नहीं आई है।

**60 से 70 रुपये प्रतिकिलो बिक रहीं अधिकतर सब्जियां:** खुदरा बाजार में सब्जियों के भाव अब भी आसमान छू रहे है। भिंडी, कुंदरु, बैगन, सीताफल, घीया समेत अन्य हरी सब्जियां 60-70 रुपये प्रतिकिलो से कम नहीं है। दिल्ली की पॉश कॉलोनियों में तो ये भाव बढ़कर 80 रुपये प्रतिकिलो तक पहुंच गया है। भिंडी की बात करें तो होलसेल मंडी में 5 रुपये, घीया 10 रुपये और कुंदरू 10 रुपये किलो बिक रहा है। बैंगन जो खुदरा बाजार में 40 रुपये प्रतिकिलो से कम नहीं है, वह थोक में 8-10 रुपये बिक रहा है। इसी तरह खीरा 8 से 10 रुपये और सीताफल 20 रुपये प्रतिकिलो बिक करा है। सबसे महंगी सब्जी इन दिनों बींस है वह भी महज 25 रुपये ही प्रतिकिलो थोक भाव में है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि सभी सब्जियों के भाव में कितनी गिरावट आई है।

**बारिश की वजह से सब्जियों की आवक अधिक:** वेजिटेबल ट्रेड एसोसिएशन आजादपुर मंडी के महासचिव अनिल मल्होत्रा का कहना है कि बारिश की वजह से हरी सब्जियां अधिकांश मात्रा में आ रही है। बरसाती हरी सब्जियों की आवक ज्यादा होने की वजह से खरीदार नहीं है। किसानों को इस वजह से सस्ते भाव में ही अपनी सब्जियों को बेचने पड़ रहे है। उन्होंने बताया कि टमाटर का भाव भी काफी गिर गया है।



**राहत नहीं**

**5 से 25 रुपये में ही सभी हरी सब्जियों के भाव सिमट कर रह गए है। टमाटर भी अपनी धमक नहीं दिखा पा रहा**

# वीसी के जरिये कोर्ट में पेश हुए जगदीश टाइटलर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सिख** विरोधी दंगों से जुड़े पुलबंगश गुरुद्वारा हिंसा के मामले में जगदीश टाइटलर दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग (वीसी) के जरिये कोर्ट में पेश हुए। एडिशनल चीफ मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट विधि गुप्ता आनंद ने मामले की अगली सुनवाई 29 अगस्त को करने का आदेश दिया।

कोर्ट ने कहा कि मामले से जुड़े जरूरी दस्तावेज टाइटलर के वकीलों को दिया जाए। इसके पहले 10 अगस्त को कोर्ट ने जगदीश टाइटलर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश होने की इजाजत दे दी थी।

जगदीश टाइटलर ने सुरक्षा का हवाला देते हुए वर्चुअली कोर्ट में पेश होने की इजाजत मांगी थी। जगदीश टाइटलर 5 अगस्त को कोर्ट में पेश हुए थे और अपना बेल बांड भरा था। 5 अगस्त को कोर्ट के बाहर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने जगदीश टाइटलर को अग्रिम जमानत देने के कोर्ट के आदेश पर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया था।

**सुनवाई**

**कोर्ट ने कहा कि मामले से जुड़े जरूरी दस्तावेज जगदीश टाइटलर के वकीलों को दिया जाए**

# जी20: हर देश के प्रतिनिधिमंडल का उनकी संस्कृति में होगा स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**जी-20** सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों का दिल्ली पुलिस के जवान उनकी संस्कृति व सभ्यता का पूरा ख्याल रखेगी। इससे देश की छवि और बेहतर हो सकेगी। जी हां, दिल्ली पुलिस अपने जवानों को विदेशी मेहमानों से उनकी संस्कृति, सभ्यता और व्यवहार के अनुसार बात व व्यवहार करने की ट्रेनिंग दिलवा रही है। दिल्ली पुलिस के करीब 15 हजार जवानों को इसकी ट्रेनिंग दी गई है। दिल्ली पुलिस अकादमी के उप-निदेशक(ट्रेनिंग) उमाशंकर ने बताया कि दिल्ली पुलिस के जवानों को विदेशी मेहमानों से उनके देश के अनुसार व्यवहार करने का सलीका, बातचीत के तरीके, संस्कृति व विदेशी मेहमानों की पसंद व नापसंद का ध्यान रखने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय व जेएनयू के विशेषज्ञ प्रोफेसर की मदद ली गई हैं। उप-निदेशक ने बताया कि जिन देशों के विदेशी मेहमान जी-20 में भाग लेने भारत आ रहे हैं उन देशों के डीयू व जेएनयू के विशेषज्ञ प्रोफेसरों से पुलिस जवानों को ट्रेनिंग दिलवाई गई है। ट्रेनिंग में बताया गया है कि फलां देश के लोगों का व्यवहार कैसा है। वो लोग कैसे बात करते हैं, उन लोगों को क्या पसंद है और वहां के लोग भीड़ में रहना पसंद करते हैं या नहीं। किस देश में किस तरह का व्यवहार है।

**सलीका**

**ट्रेनिंग में बताया गया है कि फलां देश के लोगों का व्यवहार कैसा है। वो लोग कैसे बात करते हैं, उन लोगों को क्या पसंद है**



**25 एसआई को दी गई है ट्रेनिंग**

दिल्ली पुलिस के 25 सब-इंस्पेक्टर(एसआई) को टूरिस्ट पुलिस की ट्रेनिंग दी गई है। इनको अंग्रेजी में बात करना, कुशल व्यवहार व सहायता करने की ट्रेनिंग दी गई है। इन एसआई को विदेशी मेहमानों के रूट, होटल व वेन्यू पर तैनात होने वाली पीसीआर वैन में तैनात किया जाएगा।

**1000 कमांडो को आतंकी वारदात रोकने की ट्रेनिंग**

उपनिदेशक (ट्रेनिंग) उमाशंकर ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दौरान किसी तरह की आतंकी व अन्य वारदात को रोकने व उसे निपटने के लिए दिल्ली पुलिस के कमांडों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। करीब 600 कमांडों की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। इनमें दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के कमांडों भी हैं। ट्रेनिंग के दौरान इन कमांडों को बताया गया है कि कैसे अंधेरे में कैसे निशाना लगाना है, दूरी पर कैसे निशाना लगाना है आदि बताया जा रहा है।

**पहली बार दी गई है ट्रेनिंग:** जी-20 सम्मेलन के दौरान दिल्ली पुलिस के कमांडों को हेलीकॉप्टर से रस्सी के जरिये उतरने की ट्रेनिंग दी गई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि दिल्ली पुलिस के कमांडों को हेलीकॉप्टर से रस्सी के जरिये नीचे उतरने की पहली बार ट्रेनिंग दी गई है। आतंकी हमला होने पर इमारत में कैसे घुसना है इसकी भी ट्रेनिंग दी गई है।

## एक्सरे बैगेज का भी प्रशिक्षण

**जी-20** सम्मेलन के समय जगह-जगह बैग चैक करने वाली एक्सरे मशीन चलेंगी। ये मशीन एयरपोर्ट, होटल, वेन्यू व अन्य जगहों पर लगाई हैं। एक साथ सभी जगहों पर एक्सरे बैगेज मशीन चलेंगी। इसके लिए दिल्ली पुलिस के जवानों को विशेष ट्रेनिंग दी गई है। ट्रेनिंग के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि विदेशी मेहमान को किसी तरह की दिक्कत न हो और उन्हें इंतजार नहीं करना पड़े। इंडिगो एयरलाईंस व ब्रिटिश स्कूल आदि से दिल्ली पुलिस के 10 इंस्पेक्टर को ट्रेनिंग दिलवाई गई है। ये 10 इंस्पेक्टर मास्टर ट्रेनर बन गए हैं। इन इंस्पेक्टर ने आगे दिल्ली पुलिस के काफी जवानों को ट्रेनिंग दी गई। इस विशेष ट्रेनिंग में बताया गया है कि विदेशी मेहमानों से कैसे और किस तरीके से बात करनी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 22 अगस्त 2023 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

# 'मूर्त रूप ले रही हैं विकास की बड़ी योजनाएं'

## बाबू जी ने रामभक्तों पर गोली चलवाने की जगह मुख्यमंत्री पद को त्याग करना चुनाः शाह

**याद किया**

'बाबूजी ने बड़ा निर्णय लिया कि मैं गोली नहीं चलाऊंगा, मैं मुख्यमंत्री पद त्याग दूंगा। ये बड़ा बलिदान था'



**टीम एक्शन इंडिया/अलीगढ़**
**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल्याण सिंह (बाबू जी) पिछड़ों और गरीबों की असीम संवेदना के प्रतीक थे। बाबू जी ने कभी जातिवाद की बात नहीं की बल्कि पिछड़ी जातियों को संबल प्रदान करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भारतीय पिछड़ा जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ी जातियों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वो वक्त था, जब राम भक्तों का सैलाब अयोध्या में उमड़ पड़ा। लोगों ने दबाव बनाया कि गोलियां चलाकर कार सेवकों को रोका जाना चाहिए। बाबूजी ने बड़ा निर्णय लिया कि मैं गोली नहीं चलाऊंगा, मैं मुख्यमंत्री पद त्याग दूंगा। ये बड़ा बलिदान था।

**एकात्म मानववाद के अनुसार था बाबूजी का जीवनः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह को जब भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर विचार व्यक्त करने का अवसर मिला तो उन्होंने हर बार इस बात को स्पष्टता के साथ कहा कि पेट को आहार, मन को प्यार, मस्तिष्क को विचार और आत्मा को संस्कार का समुच्चय ही एकात्म मानववाद है। इसी के अनुसार कल्याण सिंह जी ने अपना जीवन जिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी की आज द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर हम हिन्दू गौरव दिवस के रूप में उन्हें स्मरण कर रहे हैं। हम सब इस बात को जानते हैं कि पहली बार 1991 में जब कल्याण सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तब प्रदेश में सुरक्षा और सुशासन का माहौल बना। आज का दिन अद्भुत संगम का दिन है, जब विश्व उद्यमिता दिवस और नाग पंचमी का पवित्र पर्व भी है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज के कल्याण के लिए बाबू जी ने जिन कार्यों की शुरूआत की थी, 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी श्री रामजन्मभूमि के मामले को लटका कर रखी थी, जिसका निराकरण प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में हुआ। गरीब कल्याण, पिछड़ों को सम्मान और राम मंदिर के अधूरे काम को नौ वर्षों में अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया।

### 'गरीबों के घर पानी, बिजली की सुविधाएं पहुंचा रहे'

**केंद्रीय** गृह मंत्री ने कहा कि श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबू जी' ने तीन लक्ष्यों पर जोर दिया था। पहला था श्री राम जन्म भूमि आंदोलन को गति देना, दूसरा था गरीब कल्याण व तीसरा था सामाजिक सद्भाव बिगाड़े बगैर पिछड़े समाज का कल्याण हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबू के काम को तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं। करोड़ों गरीबों के घर पानी, बिजली की सुविधाएं पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 के



लोकसभा चुनाव में जब प्रभारी बनकर आया था तो मुझे उत्तर प्रदेश का एकदम ज्ञान नहीं था। बाबू जी ने 11 घंटे बैठाकर उत्तर प्रदेश की हर जनपद की बारीकियों से अवगत कराया। हर रोज दो बार वे फोन पर मार्गदर्शन करते थे। इसके नतीजे ये आए, कि उत्तर प्रदेश में हर रिकॉर्ड टूट गए। अमित शाह ने कहा, देश के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से बाबू जी को श्रद्धांजलि देता हूं।

## फास्ट न्यूज

### तीन कुंतल गौमांस और गौकशी उपकरण बरामद

**टीम एक्शन इंडिया/हरिद्वार**
कोतवाली ज्वालापुर क्षेत्रांतर्गत वाल्मीकि बस्ती रोड निकट दीक्षा राइजिंग स्कूल के सामने गंगनहर की झाड़ियों में गौकशी की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर 3 कुंतल गौमांस व गौकशी उपकरण बरामद करते हुए 03 आरोपितों को धर दबोचा जबकि 2 आरोपित मौके से भागने में कामयाब रहे। पुलिस ने मौके से 02 मोटर साइकिल जब्त की गई। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश कर रही है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपितों ने अपने नाम इरफान पुत्र रशीद, हसीन पुत्र इरफान निवासीगण रथेडी थाना नई मण्डी जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश हाल निवासी दीक्षा राइजिंग स्कूल के पास सुभाष नगर ज्वालापुर हरिद्वार व सोनू पुत्र हनीफ निवासी गायत्री विहार सराय रोड ज्वालापुर हरिद्वार बताए। जबकि आरोपितों के दो साथी शहजाद उर्फ कल्लू पुत्र कालू, परवेज उर्फ अल्लाह दिया पुत्र निसार निवासीगण मोहल्ला कस्सावान कोतवाली ज्वालापुर हरिद्वार फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है। पुलिस फरार आरोपितों की तलाश में जुटी है।

### तमंचे पर डिस्को करते हुए वीडियो वायरल करने वाले तीन गिरफ्तार

**बेगूसरायः** बेगूसराय पुलिस ने छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र में हथियार लहराते हुए वीडियो बनाकर वायरल करने वाले तीन आरोपियों को देशी पिस्तौल एवं गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया है। इसके पास से खिलौना वाला पिस्टल भी बरामद किया गया है। एसपी योगेन्द्र कुमार ने बताया 16 अगस्त को बेगूसराय के सोशल मीडिया सेल द्वारा सोशल मीडिया पर हथियार लहराते हुए एक वायरल वीडियो संज्ञान में पाया गया। जांच में पाया गया कि उक्त वायरल विडियो छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के बरदाहा गांव का है। जिसमें तीन नवयुवक हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हथियार लहराने वाले युवकों की अविलंब गिरफ्तारी के लिए मंझौल डीएसपी श्याम किशोर रंजन के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। जिसमें छौड़ाही सहायक थानाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एवं थाना के सशस्त्र बल को शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में हथियार लहराने वाले तीनों आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### हर ड्योढ़ी सजे नाग देव

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
नागपूजा के महापर्व नागपंचमी सोमवार को विंध्य क्षेत्र ने बड़े उल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया। घरों में नाग देवता की विधि-विधान से पूजा की गई। उन्हें दूध-लावा चढ़ाया गया। सुबह से ही गली, मोहल्लों में बच्चों की टोली ह्यछोटे गुरु का बड़े गुरु का नाग लो भई नाग लो की हांक लगाते घूमने लगी थी। लोगों ने घर की ड्योढ़ी पर नाग देवता का चित्र लगाकर उन्हें श्रद्धा समर्पित की। परंपरा का निर्वहन कर विशेष व्यंजन बनाए गए। पशु पालकों ने पशुओं के सींग को रंगों से सजा कर पर्व की परंपरा निभाई।

## बारिश से टपकेश्वर महादेव मंदिर का पुश्ता ढहा



**सावधानी बरतें**

रविवार शाम से शुरू हुई बरसात ने राजधानी देहरादून में कई जगहों पर नुकसान किया है।

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**राजधानी दून** में देर रात से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण यहां के प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव के मंदिर परिसर को नुकसान हुआ है। टपकेश्वर महादेव मंदिर के लिफ्ट वाले हिस्से का पुश्ता ढह गया है, जिसका मलबा हटाया जा रहा है। रविवार शाम से शुरू हुई बरसात ने राजधानी देहरादून में कई जगहों पर नुकसान किया है। बीती शाम से लगातार सुबह तक हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से शहर के कई इलाकों में जलभराव जैसे हालात देखने को मिल रहे हैं। देहरादून में स्थित भगवान शिव के प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में भी नुकसान की सूचना है। यहां मंदिर के लिफ्ट वाले हिस्से का पुश्ता ढह गया है। टपकेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य पुजारी भरत गिरि महाराज ने बताया कि देर रात से हो रही लगातार मूसलाधार बारिश के चलते मंदिर परिसर में लगी लिफ्ट के किनारे वाला पुश्ता ढह गया है। उन्होंने बताया कि पुश्ते का केवल छोटा सा हिस्सा गिरा है, इससे मंदिर में किसी भी तरह का कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। साथ ही उन्होंने बताया कि मजदूर लगाकर मलबे को साफ किया गया है। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की आवाजाही में किसी तरह की कोई रुकावट नहीं है। सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहता है। यही वजह है कि सुबह जब श्रद्धालु टपकेश्वर महादेव पहुंचे, तो मंदिर परिसर के गेट के ठीक बाहर दीवार ढह जाने की वजह से शुरू में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा, लेकिन मंदिर संचालकों द्वारा व्यवस्था बनाई गई है।



यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में नागपंचमी के अवसर पर आयोजित दो दिवसीय कुश्ती प्रतियोगिता के समापन समारोह का शुभारंभ किया।

## गंगोत्री हाइवे हादसा: बस की तेज गति लील गई सात जिदगियां

**टीम एक्शन इंडिया/उत्तरकाशी**
**बीती** सायं गुजरात के तीर्थयात्रियों के बस हादसे के मामले में पुलिस ने प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही पाते हुए तेजगति से वाहन चलाने को लेकर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। घटना की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। गौरतलब है कि गुजरात के तीर्थयात्रियों की बस संख्या यूके07पीए-8585 गंगोत्री धाम से वापस आते समय गंगोत्री हाइवे पर गंगनानी के पास खाई में गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी थी। इस हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी थी और 28 तीर्थयात्री घायल हो गये थे। पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी अर्पण यदुवंशी मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू की कमान संभाली गयी। पुलिस, प्रशासन, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, वन विभाग, बीआरओ और कुछ स्थानीय लोगों ने त्वरित रेस्क्यू कार्रवाई कर गोल्डन आवर्स के अन्दर घायल तीर्थयात्रियों को अस्पताल पहुंचाकर जान बचाई। पीड़ितों के बयान के आधार पर चालक की गति तेज थी, जिससे वह वाहन को कंट्रोल नहीं कर पाया और वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एसपी उत्तरकाशी पुलिस अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि प्रथम दृष्टतया जांच में चालक तेजी और लापरवाही से वाहन चलाना पाया गया है।

## अब नौनिहालों को होगी सहूलियत

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**अब** आंगनबाड़ी केंद्रों में नौनिहालों के लिए जल्द ही बाल मित्र शौचालय बनाए जाएंगे। समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत 26 आंगनबाड़ी केंद्रों का चयन किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी वाणी वर्मा ने बताया कि सामान्य शौचालयों में शीट का आकार कुछ चैड़ा होता है। इसके कारण बच्चों को उनका उपयोग करने में परेशानी होती है। इसके अलावा हाथ धोने के लिए बनाई गई वाश बेसिन भी ऊंची होती है।

## 15 दिनों से बंद है हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग

**टीम एक्शन इंडिया/जोशीमठ**
जोशीमठ प्रखंड के उर्गम घाटी की 9 ग्राम पंचायतों को जोड़ने वाला हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग बीते 15 दिनों से अवरुद्ध है। इससे क्षेत्र में खाद्यान्न संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उर्गम घाटी के ग्रामीणों ने कार्यदायी संस्था एवं प्रशासन से सड़क खोलने की लगातार गुहार लगाई जा रही है लेकिन स्थिति जस की तस है। सड़क खोलने की दिशा में कोई शुरूआत तक नहीं हो सकी। सोमवार को ब्लॉक प्रमुख हरीश परमार ने एसडीएम को पत्र देकर स्पष्ट किया है कि विगत 15 दिनों से हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग अवरुद्ध है



जिसके कारण उर्गम घाटी की 9 ग्राम पंचायतों में खाद्यान्न संकट गहरा गया है। उन्होंने पत्र में कहा कि पूर्व में भी सड़क न खुलने की स्थिति में जनांदोलन की लिखित सूचना दी गई थी, जिसका कोई प्रभाव कार्यदायी संस्था पर नहीं हुआ और सड़क आज भी अवरुद्ध है। एसडीएम को दिये गए पत्र में कहा गया है कि यदि 23 अगस्त तक हेलंग-उर्गम मोटर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही शुरू नहीं हुई तो घाटी के ग्रामीण 24 अगस्त को तहसील का घेराव व धरना/प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। एसडीएम को दिए पत्र की प्रति जिलाधिकारी चमोली एवं थानाध्यक्ष जोशीमठ को भी प्रेषित की गई है। शासन-प्रशासन की अनदेखी व उपेक्षा के कारण न केवल उर्गम घाटी के 9 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण परेशानी में हैं बल्कि पवित्र श्रावण मास/पुरषोत्तम मास में शिव भक्त श्रद्धालु पंच केदारों में एक भगवान कल्पनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए भी नहीं पहुंच सके।

**पोषण** बच्चों को शुक्रवार को मिलेगी मौसमी सब्जी संग बाजरे की खिचड़ी

## अब श्रीअन्न पोषक तत्वों से भरपूर करेगा मध्यान्ह भोजन

**मेन्यू जारी**

**टीम एक्शन इंडिया/मीरजापुर**
**विंध्याचल** मंडल के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे भी अब श्रीअन्न (मोटा अनाज) का स्वाद ले सकेंगे। इससे श्रीअन्न को बढ़ावा मिलेगा ही, मानव स्वास्थ्य भी सुधरेगा। इसके लिए मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण ने नया मेन्यू जारी किया है। मेन्यू के अनुसार सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को मौसमी सब्जी युक्त बाजरे की खिचड़ी खाने को मिलेगी। मध्यान्ह भोजन योजना के तहत अब सोमवार को रोटी सोयाबीन की बड़ी युक्त मौसमी



सब्जी और मौसमी फल, मंगलवार को चावल सब्जी युक्त दाल, बुधवार को मौसमी सब्जी एवं सोयाबीन की बड़ीयुक्त तहरी तथा दूध, गुरुवार को रोटी एवं सब्जी युक्त दाल, शुक्रवार को मूंग की दाल एवं मौसमी सब्जी युक्त बाजरे की खिचड़ी और मौसमी सब्जी एवं सोयाबीन की बड़ी युक्त तहरी दी जाएगी। वहीं शनिवार को चावल सब्जी युक्त दाल बच्चों को खाने के लिए मिलेगी। विंध्याचल मंडल के जनपद मीरजापुर में 1806, भदोही में 891 और सोनभद्र में 2061

इससे श्रीअन्न को बढ़ावा मिलेगा ही, मानव स्वास्थ्य भी सुधरेगा, प्राधिकरण ने नया मेन्यू जारी किया

सहित कुल 4758 परिषदीय विद्यालय संचालित हैं। इसमें लगभग 786876 बच्चे अध्ययनरत हैं। विंध्याचल मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक शेष बाला वर्मा ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को मौसमी सब्जी युक्त बाजरे की खिचड़ी खाने को दिया जाएगा।



राष्ट्रीय दैनिक
# एक्शन इंडिया
सबकी ख़बर सब तक
09
करनाल
मंगलवार, 22 अगस्त 2023
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## मेधावी बच्चों के सपनों को साकार करने के हम अवसर प्रदान करते रहेंगे: देवेंद्र यादव

# नेशन फर्स्ट फाउंडेशन ने किया मेधावी छात्रों को सम्मानित










**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सपने आपके** प्रयास हमारा अभियान के तहत प्रधान महेंद्र यादव छात्रवृत्ति योजना के तहत पिछले 12 सालों से होनहार बच्चों के सपनों को उड़ान देने के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है। इसी कड़ी में नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव द्वारा प्रधान महेंद्र यादव छात्रवृत्ति सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर माता सुखदेवी स्कूल नंगली पूना में किया गया। इसमें सरकारी स्कूल के 6वीं कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के लगभग 500 बच्चों को चयनित कर मोटरसाइकिल, स्कूटी, लैपटॉप, टैबलेट, मोबाईल, साइकिल और स्कूल बैग एवं UPSC, NEET, JEE उत्तीर्ण करने वाले 15 छात्रों को 31-31 हजार रुपए नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव ने कहा कि अगर कोई मेधावी छात्र आगे बढ़ना और अपने सपनो को पूरा करना चाहता है एवं अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए अथक परिश्रम कर रहा है, तो हमारा हमारा दायित्व बनता है कि ऐसे छात्रों को प्रोत्साहित करें, उनका मनोबल बढ़ाएं ताकि भावी पीढ़ी अपनी काबिलियत से आगे बढ़कर सही मुकाम हासिल करें। होनहार बच्चों के सपनों को साकार करने के हम अवसर प्रदान करते रहेंगे। इसी श्रंखला में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'सपने आपके प्रयास हमारा' के अन्तर्गत मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।
भलस्वा के सर्वोदय स्कूल के 12वीं के टॉपर अमृत चौहान को बाइक देकर सम्मानित किया गया। साथ ही जहांगीरपुरी के कन्या विद्यालय की 12वीं की टॉपर पायल को स्कूटी और टॉपर पलक को लैपटॉप दिया गया। इस दौरान भलस्वा के सर्वोदय स्कूल के 10वीं के टॉपर तौकीर फैजल को लैपटॉप दिया गया और बादली की सर्वोदया कन्या विद्यालय की 10वीं की छात्रा ओजस जैन को भी लैपटॉप देकर प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान 6वीं से 8वीं तक के बच्चों को बैग, 9वीं और10वीं के मेधावी छात्रों को लैपटॉप देकर पुरस्कृत किया।
इस दौरान नेशन फर्स्ट फाउंडेशन के संस्थापक देवेंद्र यादव, फतेहगढ़ साहिब से पूर्व विधायक कुलजीत सिंह नागरा, विधायक दानिश अबरार, कुंवर करण सिंह, अनिल भारद्वाज पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार और जसवंत राणा, सूरज मल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन अजीत सिंह, निगम पार्षद वेद पाल लोहिया, सिद्धार्थ कुंडू, इंद्रजीत एवं क्षेत्र के अन्य प्रबुद्ध लोग मौजूद रहे और छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया।



## रोहिणी: विजेन्द्र यादव ने अपने जन्मदिन पर किया रक्तदान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने अपने 51वें जन्मदिन पर रोहिणी के पार्क में 51 पौधे लगाए और 68वीं बार डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर अस्पताल में रक्तदान कर अपना जन्मदिन मनाया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव को सुबह से ही जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता उनके निवास पर लगा रहा। इस मौके पर लोगों ने बताया कि विजेन्द्र यादव बड़े ही अच्छे व्यक्ति है और हमेशा ही समाजसेवा के क्षेत्र में आगे रहते है। इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कहा कि जिन लोगों ने मुझे जन्मदिन की बधाई दी है, मैं उन सभी का तहेदिल से धन्यवाद करता हूं।

## रेखा गुप्ता ने किया आरडब्ल्यूए कार्यालय का उद्घाटन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आरडब्ल्यूए** बीबी ब्लॉक ईस्ट शालीमार बाग ने स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया। इस दौरान नवनिर्मित आरडब्ल्यूए ऑफिस का निगम पार्षद रेखा गुप्ता ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर अध्यक्ष जवाहर मदान, राजेश छाबड़ा, कपिल चोटवानी, चंदन सहगल, जितेन्द्र सिंह, गुरमीत सिंह, विजय मदान, सुरेन्द्र मलिक, मिस्टर पाठक, मंडल अध्यक्ष नरेश जैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर आरडब्ल्यूए ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के प्रधान जवाहर मदान ने कहा कि चाहे परिस्थिति कैसी भी क्यों न हो, हमेशा ही देश हित में ही कार्य करें क्योंकि पहले देश होता है, बाद में ही कुछ है।



शीतला माता समिति और महिला शक्ति समिति द्वारा कुशक नम्बर-2 गाँव में ब्राह्मणों द्वारा व सभी महिलाओं व समस्त ग्रामीण वासियों ने मिलकर पूरे विधि विधान से शिव परिवार की प्राणप्रतिष्ठा, पूजा अर्चना, हवन और भजन कीर्तन किया।

## महंगाई कम करने की ओर ध्यान दें सरकार: हरीकिशन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आदर्श** नगर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष हरीकिशन जिंदल ने कहा कि आज महंगाई से जनता परेशान हो रही है, लेकिन सरकार महंगाई कम करने की ओर ध्यान नहीं दे रही है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है। उन्होंने आगे बताया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है और जनता का घरेलू बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रही है। उन्होंने आगे बताया कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है, वह कांग्रेस पार्टी की देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।



वजीरपुर जेजे कॉलोनी में आप नेता विकास विक्की खारी को जन्मदिन की बधाई देते हुए वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी व अन्य।

# रोहिणी की आस्था कुंज सोसाइटी में धूमधाम से मनाया गया तीज महोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**रोहिणी की** सबसे बड़ी सोसाइटी आस्था कुंज में तीज का त्यौहार बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उत्तरी जिले की डीएम आर. मेनका और शाहदरा एसडीएम तपन कुमार झा ने शिरकत की। इस अवसर सैकड़ो की संख्या में आस्था कुंज परिवार एवं आस-पास की सोसाइटी की महिलाएं ने तीज महोत्सव में भाग लिया। इस मौके पर जिलाधिकारी व अन्य पदाधिकारी के पहुँचने पर आस्था कुंज आरडब्ल्यूए की प्रधान बिन्दु भार्गव, महासचिव धर्मराज (एडवोकेट), सचिव चेतन सिवालिया एवम, वरिष्ठ रेजिडेन्ट्स ने उनका पुष्पगुच्छ, फूल मालाओं से स्वागत किया।
इस दौरान महिलाओं द्वारा मनमोहक नृत्य एवं गीत प्रस्तुत किये गये। आर मेनका भी नृत्य में शामिल हुई। जिलाधीश ने अपने हाथों सक्रिय महिला सदस्यों को सर्टिफिकेट भी दिए और आस्था कुंज परिवार का आभार व्यक्त किया।
इस दौरान जिलाधिकारी आर. मेनका ने मताधिकार के प्रयोग पर विस्तृत विस्तृत चर्चा की, देश प्रजातंत्र को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं की भागीदारी पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि समाज को नई दिशा देने के लिए हमें अच्छी सरकार को चुनना होगा। लोकतंत्र की खूबसूरती मतदान ही है। इससे सशक्त और मनचाही सरकार बनती है। ऐसे में मतदान करना बहुत जरूरी है और वह भी सोच-समझकर। हर चुनाव में सभी जरूर मतदान करें। कई लोग यह सोचकर वोट डालने नहीं जाते हैं कि हमें चुनाव से क्या लेना देना है। लोकतंत्र की जड़े और मजबूत हो सके, इसके लिए हम सभी को घर से निकलकर मतदान जरूर करना चाहिए। मेरी एक वोट से क्या होगा। ऐसा नहीं होना चाहिए। हमें चुनाव में पूरी दिलचस्पी दिखानी चाहिए। हर वोटर को इस बात को ध्यान में रखकर वोट देना चाहिए कि कौन प्रत्याशी और सरकार हमारे समाज, राज्य और देश के लिए अच्छी है। कौन आम जनता के मुद्दों पर बात करता है। ऐसे में जनता सोच-समझकर मतदान करें। महोत्सव में उत्तरी जिला के चुनाव अधिकारी और और रोहिणी इलाके के बूथ लेवल ऑफिसर्स ने काफी संख्या में भाग लिया। जिलाधिकारी के सामने ईलेक्शन इंचार्ज ने प्रजेन्टेशन भी दिया। एसडीएम तपन कुमार झा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि वे लोग बीएलओ को पूरी मदद करें। कोई भी नागरिक/ निवासी को मताधिकार प्रमाण पत्र बनाने में कोई परेशानी नहीं होगी। इस मौके पर प्रधान बिन्दू श्रीराम भार्गव, महासचिव धर्मराज एडवोकेट, सचिव चेतन सिवालिया सहित सभी आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व बड़ी संख्या में आस्था कुंज सोसायटी के लोग मौजूद रहे।





## न्यूज फ्लैश

### खंड स्तर प्रतियोगिता में रुकमणी देवी स्कूल के छात्रों ने किया बेहतर प्रदर्शन



**राईः खंड स्तरीय** प्रतियोगिता जो कि खेवड़ा स्टेडियम मे आयोजित की गई। उसमें रुकमणी देवी के विद्यार्थी अंडर-19 में आशीष ने 100 मीटर में प्रथम विजय ने दूसरा, अंडर-17 में मयंक ने 3000 मीटर में प्रथम, रॉकी ने 800 मी में दूसरा, तुषार ने 400 मी दूसरा, अंडर-14 अमनदीप ने 100 मीटर में पहला, कार्तिक हुड्डा ने 400 मीटर में पहला, दीपेश ने 200 मीटर में दूसरा, अंडर-19 लड़कियों में जेसिका ने 100 मीटर में दूसरा, अंडर 17 में जिय ने 400 मीटर में पहला, रिया ने 400 मीटर में दूसरा, अंडर 14 में भारती ने 400 मीटर में पहला, श्रेया ने 200 मीटर में पहला, यशिका ने 100 मीटर में पहला, श्रेया-ने 100 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया। स्कूल में पहुंचते ही सभी खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य डा. प्रवीण गुप्ता ने स्पोट्र्स इंचार्ज विनीत दहिया व डीपी रेखा दहिया को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भाग लेना भी जरूरी है।

### भाविप के परिवार मिलन समारोह में नए सदस्यों ने सदस्यता ग्रहण की



**गन्नौरः भारत विकास** परिषद शाखा गन्नौर द्वारा जी टी रोड स्थित महाराजा दरबार ढाबा में परिवार मिलन कार्यक्रम शाखाध्यक्ष राजेंद्र कौशिक व कार्यक्रम अध्यक्ष तरुण प्रताप के नेतृत्व में हुआ। शाखा सचिव एडवोकेट अंकित त्यागी ने मुख्यातिथि समाजसेवी सतीशराज देशवाल, अनीता देशवाल, विशेष अतिथि बीएसपी कंपनी बड़ी के मैनेजर राजीव त्यागी व राजेंद्र कुमार का स्वागत किया । परिषद की नई टीम के द्वारा किए गए कार्य के बारे में बताया। प्रांतीय उपाध्यक्ष संपर्क योगेश कौशिक व महिला संयोजिका मनीषा जैन ने महिलाओ को कई खेल खिलाकर उनका मनोरंजन किया। पूर्व अध्यक्ष राकेश जैन, अमित जैन सुंदर कविता से मनोरंजन करवाया। कार्यक्रम में आधा दर्जन से अधिक शहर के गणमान्य लोगों ने परिषद की सदस्यता ग्रहण की।

### डीएवी स्कूल में भाविप वीर शावरकर शाखा ने पौधारोपण किया



**गन्नौर। भारत विकास** परिषद वीर सावरकर शाखा गन्नौर के द्वारा संस्कृति माह के अंतर्गत जेपी डीएवी पब्लिक स्कूल गढ़ी झंझारा रोड गन्नौर के प्रांगण में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश कम्बोज ने परिषद के सदस्यों का विद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया। प्रधानाचार्य के साथ परिषद के सदस्यों द्वारा 30 पौधे टीक(सागवान) और बोतल पाम के लगाए गए। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष मंजू भुटानी, मोहन शर्मा,भारत भूषण भुटानी, प्रवीण सिंघल, प्रीतम आहूजा, करुण देव सिंह, सुभाष सरोहा, पीयूष जैन, आशीष जैन, हरीश त्यागी, मोनिका गुजराल, नेहा सिंघल आदि सदस्य उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य चंद्रप्रकाश ने वीर सावरकर शाखा द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने सुनी समस्याएं

## विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही नगर निगम से अधिकारियों को बुलाकर समस्या का समाधान करने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।**
**विधायक सुरेंद्र पंवार** ने नागरिक अस्पताल के सामने जनता कॉलोनी में पहुंचकर कॉलोनीवासियों की समस्याएं सुनी।
गलीवासियों ने बताया कि उनकी गली में सीवरेज लाइन काफी पुरानी हो चुकी है, जिसकी वजह से आए दिन ब्लॉक रहती है। इसके साथ ही गली की हालत भी खस्ता हो गई है। जिसकी वजह से उनका घर से बाहर निकलना दूभर हो गया है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही नगर निगम अधिकारियों की टीम को बुलाया व समस्या का समाधान करने के लिए नई सीवरेज लाइन बिछाने के निर्देश दिए। इसके उपरांत सिमेंटेड गली बनाने के भी निर्देश दिए।
जनता कॉलोनीवासियों ने विधायक सुरेंद्र पंवार को बताया कि उनकी गली में जो सीवरेज लाइन बिछाई गई है, वह काफी पुरानी हो चुकी है। जिसकी वजह से लाइन में कई जगह रिसाव हो रहा है, इसी वजह से सीवरेज ओवरफ्लो भी हो जाता हैं। इसके साथ ही गली की हालत भी खस्ता हो चुकी है। लेकिन उनकी कोई सुध नहीं ले रहा।



विधायक सुरेंद्र पंवार ने मौके पर ही नगर निगम से अधिकारियों को बुलाकर समस्या से अवगत करवाया।
उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में सीवरेज व्यवस्था के बारे में अधिकारियों को गंभीर होना चाहिए, जहां भी उन्हें इस तरह की समस्या का पता चले तुरन्त समाधान करवाए। उन्होंने 10 दिन के अंदर ही गली में सीवरेज लाइन, सीसी की गली बनवाने के लिए एस्टीमेट तैयार करने व टेंडर लगवाने का निर्देश दिया ताकि ज्यादा दिन कॉलोनीवासियों को परेशान ना होना पड़े। कॉलोनीवासियों ने समस्या के समाधान के आश्वासन पर विधायक सुरेंद्र पंवार का धन्यवाद किया। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि शहरवासियों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मुहैया करवाना उनका मुख्य धेय्य है, जिसके लिए वह लगातार प्रयासरत है।
उन्होंने बताया कि आज शहर में विकास कार्य निरंतर करवाये जा रहे है। शहर में कई स्थान ऐसे थे जहां पर वर्षों पुरानी सीवरेज व पेयजल समस्या थी, लेकिन आज वहां पर समस्या का समाधान हो चुका है। इसके लिए अधिकारी भी बधाई के पात्र हैं।
लेकिन अधिकारियों को अपनी ड्यूटी हमेशा याद रखनी चाहिए, कभी भी ड्यूटी के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।
उन्होंने कहा कि सोनीपत में ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं हो इसके
लिए सड़क से लेकर विधानसभा तक शहरवासियों की आवाज बुलंद करने में कभी पीछे नहीं हटते।

**समाधान**

▶▶ नगर निगम अधिकारियों की टीम को बुलाया व समस्या का समाधान करने के लिए नई सीवरेज लाइन बिछाने के निर्देश दिए

## कुमारी शैलजा को कांग्रेस वर्किंग कमेटी के स्थाई सदस्य बनाए जाने पर किया स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**भारतीय कांग्रेस** वर्किंग कमेटी की स्थाई सदस्य व कांग्रेस कमेटी की महासचिव, छत्तीसगढ़ प्रभारी कुमारी शैलजा को कांग्रेस वर्किंग कमेटी के स्थाई सदस्य बनाए जाने पर गन्नौर हलके के कांग्रेस नेता राजेश पहलवान पुरखासियां ने बधाई दी। पहलवान ने कहा कि कुमारी शैलजा के नेतृत्व में देश व प्रदेश में पार्टी का जनाधार बढ़ रहा है। लोकसभा व विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी भारी बहुमत हासिल करेगी। कांग्रेस पार्टी पार्टी की सरकार बनाने के लिए उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। वे मेहनत लग्न से कार्य करेंगे। राजेश पुरखासियों ने कहा कि आज जिस प्रकार प्रदेश में बेराजगारी, महंगाई व गुडागर्दी में बढ़ोतरी हुई है। कांग्रेस पार्टी का हर नेता व कार्यकर्ता इसका पुरजोर विरोध करेगा। जिससे इस भ्रष्ट में लिप्त सरकार को अखाड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि देश व प्रदेश का हर नागरिक इस सरकार के विरोध में खड़ा होकर अच्छी सरकार बनाने में सहयोग करे ताकि आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधर सके। उन्होंने कहा कि भाजपा गठबन्धन सरकार ने पिछले कई सालों से हरियाणा प्रदेश पर लाखों करोड़ का कर्ज डाल दिया है। जिसका खामियाजा प्रदेश की जनता भुगत रही है।

## आईसीआईसीआई बैंक ने ग्रेटर नोएडा में खोली एक नई शाखा

**ग्रेटर नोएडा।** आईसीआईसीआई बैंक ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर १ में अपनी एक नई शाखा स्थापित की है। यह शहर में बैंक की ५२वीं शाखा है। पंचशील हाइनिश में स्थित, शाखा में ग्राहकों को नकद जमा और निकासी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक एटीएम सह कैश रिसाइक्लर मशीन (सीआरएम) है। मशीन चौबीसों घंटे उपलब्ध है।
डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) लिमिटेड के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर श्री सौरभ गुप्ता और डिक्सन टेक्नोलॉजीज (इंडिया) लिमिटेड के ही असिस्टेंट जनरल मेनेजर श्री सौरभ शर्मा ने शाखा का उद्घाटन किया। शाखा बचत और चालू खाते, व्यापार और विदेशी मुद्रा सेवाओं, सावधि और आवर्ती जमा, ऋण– व्यवसाय ऋण, गृह ऋण, व्यक्तिगत ऋण, ऑटो ऋण और स्वर्ण ऋण के साथ-साथ रेमिटेन्स संबंधी और कार्ड सेवाओं सहित खातों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है।

## अधिकारी लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**विधायक निर्मल** चौधरी ने कहा कि संबंधित अधिकारी आम जन से जुड़ी समस्याओं के निवारण में किसी तरह की ढ़िलाई नहीं बरतें। अधिकारी एवं कर्मचारी लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें तथा आम जन की समस्याओं के निवारण हेतू काम करें। हलके के लोगों की समस्याओं को अपनी समस्या समझकर उनका तुरंत समाधान करें। समाधान करने में अगर किसी प्रकार की टैक्निकल समस्या आ रही है तो तुरंत उसको अपने उच्चाधिकारियों के संज्ञान में लाएं ताकि समस्या का समाधान हो सके। विधायक ने अपने निवास स्थान पर बिजली, पीने के पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सीवरेज, जल निकासी आदि आम जन से जुड़ी समस्याओं सुनी और उनका निवारण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि उनका का प्रयास रहता है कि लोगों की प्राथमिक सुविधा से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चलाए हुए कार्यक्रमों तथा क्रियान्वित की गई सभी योजनाओं को अपने-अपने विभागों के माध्यम से जनता तक पहुंचाएं।

## विदेशों से रिश्तेदार या जानकार बनकर कर रहें हैं ठगी, रहे सावधान

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत,कमाल हुसैन**
**पानीपत पुलिस** अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि आजकल साइबर ठग ठगी करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। उन्होंने बताया कि आजकल बहुत से बच्चे विदेशों में पढ़ाई के सिलसिले में गए हुए हैं। साइबर ठग इसी चीज का फायदा उठाते हुए विदेशों से कॉल करते हैं और कहते हैं कि आपके रिश्तेदार या आपके बच्चे का झगड़ा हो गया है और उस झगड़े में समझौता कराने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। इसके अतिरिक्त साइबर ठग आपको यह भी कहते हैं कि आपके रिश्तेदार या आपके बच्चे का एक्सीडेंट हो गया है। उसको पुलिस ने पकड़ लिया है उसको बचाने के लिए पैसे देने पड़ेंगे। या कहते हैं कि आपके बच्चे को किसी केस में पुलिस ने पकड़ लिया है। जिसकी एवज में वह आपसे पैसों की डिमांड करते हैं। हम अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए बिना सोचे समझे ही उनको पैसे भेज देते हैं और बाद में हमें पता चलता है कि हमारे साथ तो ठगी हुई है। इसके अतिरिक्त विदेश से कोई आपका रिश्तेदार बनकर आपको कॉल करता है कि उसने आपके खाते में पैसे डाले हैं। वह पैसे आप से भारत में कोई एजेंट ले लेगा। साइबर ठग डाले हुए पैसों की नकली रसीद भी आपको व्हाट्सएप पर भेजता है। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने इस बारे में एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि इस तरह के ठगो से सावधान रहें। यदि इस तरह की कोई फोन कॉल आपके पास आती है तो पहले अच्छी तरह इसकी जांच कर ले, उसके बाद ही अगला कदम उठाएं। हमें सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।
साईबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। आमजन जागरुकता से ही साईबर अपराधियों के चंगुल में आने से बच सकते हैं। इसके बावजूद साईबर क्राइम का शिकार होते हैं तो तुरंत भारत सरकार द्वारा जारी साईबर क्राइम हैल्प लाईन नंबर 1930 पर काल करें। उन्होंने बताया की साथ ही साईबर धोखाधड़ी के मामलों में अपनी शिकायत नेशनल साईबर क्राईम रिपोर्टिंग पोर्टल पर या साइबर क्राइम थाना या नजदीकी थाना/चौंकी में शिकायत दर्ज करवा सकते हैं।



## नेस्ले इंडिया ने अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के सहयोग से साइंस लैबोरेटरीज और लाइब्रेरीज की स्थापना की

**गुरुग्राम।** अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के सहयोग से नेस्ले इंडिया ने हरियाणा के समलखा जिले के पाँच और स्कूलों में प्रोजेक्ट जिज्ञासा का विस्तार किया है। इस प्रोजेक्ट के अंतर्गत नेस्ले इंडिया इनमें से हर एक स्कूल में एक विज्ञान प्रयोगशाला और लाइब्रेरी स्थापित करेगी। प्रोजेक्ट जिज्ञासा एक प्रमुख कार्यक्रम नेस्ले हेल्दी किड्स का एक हिस्सा है, जिसे 2022 में लॉन्च किया गया था। इसका मकसद बच्चों के बीच विज्ञान की शिक्षा का प्रसार करना और उनमें किताबें पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देना है। प्रोजेक्ट के विस्तार पर अपनी बात रखते हुए, नेस्ले इंडिया में कॉर्पोरेट अफेयर्स एवं सस्टेनेबिलिटी के प्रमुख श्री संजय खजूरिया ने कहा, ्रहम विद्यार्थियों से रचनात्मक तरीके से सोचने, जागरूक और जिज्ञासु रहने का आग्रह करते हैं। प्रोजेक्ट जिज्ञासा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके तहत हम स्कूलों में विज्ञान की प्रयोगशालाएं और लाइब्रेरीज स्थापित करते हैं, ताकि बच्चों को एक्सपेरिएंशल लर्निंग एवं पढ़ाई के माध्यम से कठिन अवधारणाओं को समझने में मदद मिले। हमारा मानना है कि प्रोजेक्ट जिज्ञासा के तहत उठाये गये कदम विद्यार्थियों में पूछने की जिज्ञासा को प्रोत्साहित करेंगे और उनके लिये अवसर बढ़ाएंगे। अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के ऑपरेशंस चीफ साई चंद्रशेखर ने प्रोजेक्ट जिज्ञासा के बारे में बात करते हुए कहा, नेस्ले इंडिया के साथ हमारी कोशिशों का प्राथमिक लक्ष्य सरकारी स्कूल के पाठ्यक्रम को बेहतर बनाना और अनुभवजन्य तरीके से पढ़ाकर बच्चों की मदद करना है।

## एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
**।एपीजे सुरेंद्र** पार्क होटल्स लिमिटेड भारत में एसेट ऑनरशिप वाली होटल श्रृंखलाओं में 8वीं सबसे बड़ी होटल श्रृंखला है (स्रोत– होरवाथ एचटीएल रिपोर्ट)। यह अपने स्वयं के ब्रांड्स द पार्क, द पार्क कलेक्शन, जोन बाय द पार्क, जोन कनेक्ट बाय द पार्क और स्टॉप बाय जोन के तहत हॉस्पेटिलिटी एसेट्स संचालित करता है।
एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 1 प्रत्येक) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से कुल मिलाकर ? 1050 करोड़ तक धन जुटाने की कंपनी की योजना है। इस प्रस्ताव में ? 650 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा कुल मिलाकर 400 करोड़ तक की बिक्री की पेशकश (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।

## रौनक पब्लिक स्कूल में खेलों में स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**ब्लाक स्तरीय तीन** दिवसीय खेल प्रतियोगिता रौनक पब्लिक स्कूल के खेल मैदान में हुई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ बीईओ सतीश शर्मा, बीआरसी आजाद सिंह ने किया। स्कूल पहुंचने पर रौनक स्कूल के प्रधानाचार्य इन्द्रनाथ सिन्हा ने बीईओ का स्वागत किया। प्रतियोगिता में अंडर 19 लड़कों में शाटपुट में समाज कल्याण बजाना का कुनाल ने प्रथम, दीपक ने द्वितीय, तृतीय लक्ष्य ने प्राप्त किया। डिस्कस थ्रो में कुनाल ने प्रथम, जैवलिन थ्रो में सौरभ ने प्रथम, आर्यन ने द्वितीय, लम्बी कूद में लक्ष्य ने प्रथम, राहुल ने द्वितीय, साहिल ने तृतीय, ऊंचीकूद में अजय ने प्रथम, विजय ने द्वितीय, पंकज ने तृतीय स्थान,100 मीं दौड़ में गौरव ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय, राहुल ने तृतीय, 200 मीं दौड़ में अमन वत्स ने प्रथम, नुकुल ने दूसरा, साहिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीं दौड़ में अमीर ने प्रथम, अमन ने दूसरा, रोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 19 लड़कों में शाटपुट में समाज कल्याण बजाना का कुनाल ने प्रथम, 800 मीं दौड़ में प्रथम आमीर, अजय ने द्वितीय, आशू ने तृतीय, 1500 मीं में चिंटू ने प्रथम, विजय ने द्वितीय, अश्वनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 3000 मीं में हैप्पी ने प्रथम, लक्ष्य ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 5000 मीं में आशु ने प्रथम, विनित ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रेसलिंग में 57 किलो में अमन ने प्रथम, 61 किलों में रोहित प्रथम, 63 में प्रवीन, 65 में दीपांशु प्रथम, 74 किलों में सौरभ ने, 86 किलो में हैप्पी ने, 87 किलो में आशु ने प्रथम 92 किलो में कर्ण गुलिया ने प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में पांची जाटान राजकीय स्कूल की टीम ने प्रथम, खेड़ी गुज्जर राजकीय स्कूल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ताईक्वाडों में 51 किलों में निखिल, 59 किलों में दक्ष, 73 किलो में आदित्य, 78 किलों में विकास पांडे ने प्राप्त किया। कास्केटबाल में रौनक पब्लिक स्कूल की टीम प्रथम रही, दूसरा बी आर ग्लोबल स्कूल की टीम रही।



## साइक्लोथॉन रैली की भव्य ढंग से होगी शुरूआत

**पानीपत, कमाल हुसैन**
**मुख्यमंत्री के** प्रधान सचिव वी. उमा शंकर ने सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से भी जिला उपायुक्तों एवं पुलिस अधीक्षकों से बातचीत करते हुए जानकारी दी कि प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश में साइक्लोथॉन रैली निकालने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 1 सितम्बर को करनाल से झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन रैली की शुरूआत करेंगे, जोकि प्रदेश के विभिन्न जिलों से होती हुई 25 सितम्बर को यमुनानगर पहुंचेगी और वहां पर इसका समापन होगा। इस वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष अधिकारी सी.पी. एंड ओ. पंकज नैन (आईपीएस)ने बताया कि साइक्लोथॉन रैली के माध्यम से लोगों में नशा मुक्ति की जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। इस रैली के दौरान एक प्रचार वैन साथ-साथ चलेगी जिसमें बड़ी स्क्रीन की एलईडी लगाई जाएगी तथा कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में भी सुबह-सुबह साईकिल रैली निकाली जाए। सायं के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जाए। साइक्लोथॉन रैली के बारे में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशा जैसी सामाजिक बुराई को जड़ से मिटाने के लिए हरियाणा सरकार निरंतर प्रयासरत है और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित करवाई जा रही हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश अनुसार प्रदेश में साइक्लोथॉन रैली निकाली जाएगी। उन्होंने बताया कि करनाल जिला से इसकी शुरूआत होगी और यमुनानगर में इसका समापन होगा तथा 17 सितम्बर को सिरसा में नशा मुक्ति को लेकर एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करवाया जाएगा। उन्होंने जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे उक्त अवधि के दौरान अपने-अपने जिलो में साइक्लोथॉन रैली के सफल आयोजन के लिए बेहतरीन व्यवस्था करें और नशे से प्रभावित क्षेत्रों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करवाएं ताकि लोगों में नशे के खिलाफ जागृति लाई जा सके।



## विश्व चैम्पियनशिप में विजय ने 2 स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतकर गांव का नाम किया रौशन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**सिंगापुर में** फिटनेस इंटरनेशनल फेडरेशन द्वारा आयोजित दो दिवसीय विश्व चैम्पियनशिप में खेड़ी गुज्जर गांव के विजय ने 2 स्वर्ण व एक कांस्य पदक जीतकर अपने गांव व प्रदेश का नाम रौशन किया है। उनके पदक जितने पर उनके गांव में खुशी की लहर है। विजय के पिता ओमप्रकाश व मां कृष्णा देवी को गांव के सरपंच जगबीर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष निशांत छौक्कर, जयभगवान, सिकन्दर, रवि, बसंत, रिंकू, मोहित, अनुज फौजी, भरत, दिलशाद, संदीप आंतिल ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विजेता खिलाड़ी विजय ने बताया कि पुणे के विधायक सुनील अन्ना, पुणे में स्कोड़ा वोक्सवैगन कार प्लांट के अध्यक्ष अमृत दरेकर, डीजीएम शरीर हरि कुटे, आशीष व संपूर्ण तकनीकी सेवा टीएलडी टीम का आभार जताया। उन्होंने कहा कि उनके आशीर्वाद से वह यहां तक पहुंचा है। विजय को मेधावी खिलाड़ी के पिता ओमप्रकाश ने बताया कि विजय इससे पहले भी 26 मई को थाईलैंड में हुई प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीत चुका है।



## न्यूज फ्लैश

### पुलिस ने खोली शोरूम में हुई चोरी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
14 अगस्त को कृष्णानगर मार्केट में अरविन्द कुमार अग्रवाल की साडी के शोरूम का शटर काटकर कैश काउंटर से दो लाख 80 हजार रुपये व एक मोबाइल की चोरी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि हमवीर उर्फ करूआ पुत्र साधु सिह निवासी नगला रंगी थाना सिकन्दरपुर वैश्य जिला कासगंज तथा आशु पुत्र मेहताव सिह निवासी अन्डवा का नगला थाना गंजडुण्डवारा जिला कासगंज को भूतेश्वर रेलवे स्टेशन से पास से गिरफ्तार किया गया। इनके पास से पुलिस ने इनके पास से 43 हजार रुपए, एक ग्राइंडर मशीन, चार ग्राइंडर मशीन के ब्लेड, एक काले रंग का पिट्ठू बैग, एक पेचकश, दो कटर, एक मोबाइल फोन बरामद किये हैं।

### सात लोगों को असलहा सहित गिरफ्तार किया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गोवर्धन पुलिस ने सात लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक तमंचा व चाकू बरामद हुए हैं। उप निरीक्षक विनोद कुमार ने हनीफ निवासी देवसेरस को देवसेरस बंबा से एक तमंचा व एक कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक यशपाल सिंह ने गैस गोदाम के समीप से छोटू गोस्वामी सुभाष राम दिनेश निवासीगण गोवर्धन, वरुण निवासी किशोरपुरा वृंदावन, राहुल निवासी भौंट भरतपुर को गिरफ्तार किया है। उक्त सभी के पास एक एक चाकू बरामद हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमहरि बाजपेई ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### मथुरा के डाक कांवड़ियों की अतरौली में मौत

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
साथियों के साथ डाक कावड लेने गये मथुरा के दो युवकों की अलीगढ़ के अतरौली क्षेत्र में सड़क हादसे में मौत हो गई। यमुनापार स्थित लक्ष्मीनगर की रामबाग कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय विवेक उर्फ भोलू पुत्र शंभू सिंह रविवार को अपने भाई और अन्य साथियों के साथ बुलंदशहर से कांवड़ लेने आया था। ये लोग रामघाट से कांवड लेकर मथुरा के लिए निकल लिये थे। अलीगढ़ के अतरौली थाना क्षेत्र में गांव जाऊपुर हौज के पास सडक हादसे का शिकार हो गए। सडक हादसे में युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वीरांगना अवंती बाई राजकीय महाविद्यालय के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। मृतक बाइक पर था। ट्रक की टक्कर से बाइक भी चकनाचूर हो गई। ट्रक चालक ने टक्कर मारने के बाद भागने की कोशिश की लेकिन लोगों ने पकड़ लिया। गांव जाऊपुर हौज के पास कांवड़ियों के साथ सडक हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। साथी की मौत के बाद उग्र हुए कांवडियों ने रोड पर जाम लगा दिया और हंगामा करने लगे। हांगामा कर रहे कांवडियों को पुलिस ने बातचीत कर शांत कराया और ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### बिजली आ रही अधूरी, बिल आ रहे पूरे

**-बिजली की आंख मिचौली से ग्रामीण परेशान**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बिजली अधूरी, बिल आ रहे पूरे। लोगों को यह समझ नहीं आ रहा है कि जब बिजली मिलने के घंटे आधे हो गये हैं तो बिल पिछले महीनों जितना ही या उससे भी अधिक कैसे आ रहा है। बिजली घर से गांव पैगांव बिजली घर के लिए 33 केवी की लाइन जा रही है जो हर दिन रात्रि में खराब हो जाती है। जिससे लगभग 30 गांवों की बिजली बाधित रहती है और लोग गर्मी से परेशान रहते हैं। इस बिजली की लुप धुप से बिजली विभाग के कर्मचारियों को लोग कोसते हैं गांव पैगांव के रहने वाले अमरचंद का कहना है कि बिजली विभाग कई वर्षों पहले कोसी से पैगाम के लिए लाइन डाली गई थी तब से अभी तक तार नहीं बदले हैं पुराने हो जाने की वजह से आए दिन टूट जाते हैं काफी बार जेई और एसडीओ से शिकायत की उसके बावजूद भी कोई संज्ञान नहीं लिया गया। मूलचंद का कहना है कि दूसरे तीसरे दिन रात्रि में ही 33 केवी की लाइन खराब हो जाती है जिससे लोग रात्रि में सो भी नहीं पाते हैं और कई घंटे बीत जाने के बाद भी लाइन सही नहीं होती है जिससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। बच्चों सिंह का कहना है कि गांव पैगाम बिजली घर से दो बिजलीघर और चलाए जा रहे हैं जिसका लोड अधिक हो जाता है और तार टूट जाते हैं जबकि फालैन और रूपनगर धानोता बिजली घर के लिए शेरगढ़ से कई साल पहले लाइन डाली गई लेकिन आज तक में चालू नहीं हुई। छाता एसडीओ प्रवीण कुशवाह ने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।

# किसानों के हक में भाकियू चढूंनी ने भरी हूंकार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
किसानों के हक में भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने कलेक्ट्रेट पर हुंकार भरी। कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया और संगठन के नेता सरकार पर जमकर बसरे। संगठन के कार्यकर्ता सोमवार को टैंक चौराहे से पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय के पास धरना स्थल पर पहुंचे, यहां किसान नेताओं ने जमकर सरकार पर अपनी भड़ास निकाली। प्रदेश प्रभारी सुभे सिंह डागर ने कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जाएगा। अघोषित बिजली कटौती से लोग कराह उठे हैं, बिजली गुल होते ही एसडीओ जेई सियूजी नंबर तक को बंद कर लेते हैं। विद्युत चोरी और राजस्व वसूली के नाम पर



लोगों का उत्पीड़न हो रहा है, जिसे बंद किया जाए। सरकार ने सिंचाई के लिए एक अप्रैल से मुफ्त बिजली की घोषणा की थी, जो फाइलों में दबकर रह गई है। किसान असमंजस की स्थिति में हैं। सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली के वादे को पूरा किया जाए। बेसहारा गौवंश, जंगली सुअरों ने किसानों का जीना मुश्किल कर दिया है, निराश्रित गोवंश और जंगली सूअर किसानों की खून पसीने की कमाई को चट कर जाते हैं या पैरों से रौंद डालते हैं।
किसानों पर हमलावर हो रहे हैं। से स्थायी निजात दिलाई जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद भी सड़कों और खेतों में झुंड के झुंड निराश्रित गोवंश घूम रहे हैं। नहर बंबा सूखे पड़े हैं, धान की फसल सूख रही है, नहर बंबा की सफाई जेसीबी की बजाय मजदूरों से कराई जाए।
किसानों ने प्रदर्शन के बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। मंडल अध्यक्ष रामवीर सिंह तोमर, जिला अध्यक्ष रामफल सिंह, अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष सूर्यवंशी, जिला अध्यक्ष अलीगढ़ सत्यवीर सिंह, मेरठ मंडल उपाध्यक्ष योगेश शर्मा, अजय शर्मा जिला अध्यक्ष बुलंदशहर, बिल्ला सिंह सिकरवार, कुंतभोज रावत, डॉ सतीश, डॉ राधेश्याम सिकरवार, प्रेम सिंह सिकरवार आदि मौजूद रहे।

## राधा दामोदर मंदिर में मनाया गया झूलन महोत्सव



**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
वृंदावन के ठाकुर राधा दामोदर मन्दिर में श्रवण मास के पावन उपलक्ष्य में रविवार को ठाकुर राधा दामोदर लाल जू महाराज ने रुचिर, सुरम्य रमणीय हिंडोला मे विराजमान होकर विशेष दर्शन दिए। ठाकुर राधा दामोदर लाल को मोगरा के विशेष पुष्प की कलियों से बने वस्त्र,आभूषण व श्रृंगार धारण कराया गया। राधा दामोदर लाल को रमणीय पुष्प से अलंकृत किया गया। मन्दिर के सेवायत अंगसेवी आचार्य दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज ने ठाकुर राधा दामोदर लाल को गर्भगृह से निकाल कर हिंडोले में विराजमान किया और ठाकुर जी का भव्य झूलन महोत्सव मन्दिर में मनाया गया। आचार्य दामोदर चंद्र गोस्वामी महाराज के द्वारा ठाकुर विग्रहों की विधि पूर्वक मंत्रोच्चार के मध्य पूजा-अर्चना करके आरती की गई। हरी नाम संकीर्तन व भजन संध्या का अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

## भंडारे से लोगों में बढ़ता है भाईचारा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण ने कहा कि भंडारों से लोगों में आपसी भाई चारा बढ़ता है। वे रविवार को चौमुहां में ब्रज के प्रसिद्ध रेखा पहलवान की स्मृति में आयोजित भंडारे में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि चैमुहां ब्रह्मा जी की नगरी है। यहाँ जो भी कार्य किया जाता है, सफल होता है। यहाँ द्वारिकाधीश यादव द्वारा अपने पिता की स्मृति में भंडारे का आयोजन किया गया है। मंत्री व अन्य अतिथियों का स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ठाकुर तेजपाल सिंह ने कहा कि रेखा पहलवान ने यूपी हरियाणा, राजस्थान में अनेकों पहलवानों को पछाड़ कर बृज का नाम रोशन किया। उन्होंने बृज में कुश्ती कला को जीवंत रखा। कार्यक्रम में कुंवर नरेंद्र सिंह,



चेयरमैन प्रतिनिधि कारे बाबा, यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत जयकृष्ण दास, पूर्व चेयरमैन बिहारी राम, पाल सिंह यादव, गिर्राज सिंह, भगवान सिंह, कालू पहलवान, अशोक यादव, ज्वाला सिंह, सुघनो, भानु यादव, श्याम सिंह, बनवारी, नारायण हरि, भगवत मास्टर आदि उपस्थित रहे।

## कैंटर में घुसा ऑटो एक की मौत, तीन घायल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
दिल्ली आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की तड़के करीब साढ़े छह बजे हुए सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया, जबकि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक एवं घायलों के परिजनों को भी पुलिस ने सूचना दे दी थी। हादसा दिल्ली मथुरा राष्ट्रीय राजमार्ग छाता बिजली घर के निकट हुआ। यहां एक ऑटो पहले से खड़े टैंकर में जा घुसा। घटना में सेक्टर तीन फरीदाबाद निवासी 38 वर्षीय सागर पुत्र धर्मेन्द्र की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

## सपा का कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
समाजवादी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को आयोजित हो रहा है। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव व राज्य सभा सांसद रामगोपाल यादव एवं विशिष्ट अतिथि नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी पहुचेंगे। मंगलवार को प्रातः नौ बजे से होने वाले समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए सोमवार को सपा नेताओं ने आयोजन स्थल अक्षय पात्र के सामने श्री कृष्ण जन्माष्टमी आश्रम पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यकर्ता सम्मेलन को अंतिम रूप देते हुए महानगर के सभी फ्रंटलो के अध्यक्षों एवं महानगर के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए जिम्मेदारी सौंपी। साथ ही



पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष रमेश सैनी को मीडिया प्रभारी की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है। रमेश सैनी ने बताया कि समाजवादी पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव व राज्य सभा सांसद रामगोपाल यादव एवं विशिष्ट अतिथि नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पार्टी होंगे। साथ ही उन्होंने मथुरा वृन्दावन महानगर के सभी पदाधिकारियों से समाजवादी कार्यकर्ता सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की। कार्यकर्ता सम्मेलन को अंतिम रूप देने के दौरान महानगर अध्यक्ष रितू गोयल, पूर्व जेल विजीटर मनोज गोयल, वल्लभ भाई कुशवाहा, रमेश सैनी, नरेंद्र चैधरी, शिवकुमार यादव, दाऊदयाल शर्मा, नारायन दास यादव आर के अग्निहोत्री नेत्रपाल अनिल निषाद राजकुमार तेहरिया आदि उपस्थित थे।

# विधायक श्रीकांत शर्मा ने किया खेलो ब्रज का उद्घाटन

**खेल सप्ताह**

-बच्चों को खेल के प्रति किया जा रहा है प्रोत्साहित
-विद्यालयों की 70 टीमों ने प्रतिभाग किया

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला क्रीडा अधिकारी राकेश कुमार यादव ने बताया कि खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ एवं जिला प्रशासन के द्वारा हॉकी के जादूगर स्वव मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त को खेल दिवस के उपलक्ष में 21 से 29 अगस्त तक खेल सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसे



खेलो ब्रज 2023 का नाम दिया गया है। सोमवार को उद्घाटन कार्यक्रम जिला खेल कार्यालय स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम गणेशरा मथुरा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्रीकांत शर्मा रहे। उन्होंने खेलो ब्रज का फीता काटकर उद्घाटन किया तथा बच्चों को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। इस प्रतियोगिता में जनपद के माध्यमिक एवं सी.बी.एस.सी. विद्यालयों की 70 टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतिभाग करने वाले छात्रों की संख्या लगभग 650 रही।
कबड्डी में निर्णायक की भूमिका सुनील श्रीवास्तव, अनूप चैधरी, नारायण, ममता राजपूत, जय प्रकाश, रूबी पवार, रवि प्रकाश, बलभद्र सिंह, विनोद पाल तथा क्रिकेट में अमित गौतम, डीके सिंह, सर्वेश सोलंकी, राकेश शाहू, राहुल शर्मा, अवधेश कुमार, जितेन्द्र सिंह, चन्द्रशेखर, राजेन्द्र ने निभाई। कार्यक्रम में परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक भास्कर मिश्र, जयसिंह, दलबीर सिंह, जर्नादन सिंह, बृजमोहन सिंह, पवन शर्मा, कमलकिशोर, अमित कुमार, डा. राकेश माहेश्वरी, डा. मनवीर सिंह, के.वी सिंह, विजेन्द्र सिंह, रेनू सिंह, कविता सक्सेना, चन्द्रभान यादव, डा. शिवाजी सिंह, हरिकेश यादव आदि उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त यह प्रतियोगितायें आज दिनांक 21 अगस्त से न्याय पंचायत, ब्लॉक व जिला स्तर पर आयोजित करायी जा रही है तथा उक्त प्रतियोगिताओं में विजेता, उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किये जायेगें। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन डा. पदम सिंह कौन्तेय द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री राकेश कुमार यादव ने किया।

## स्वच्छ भारत नशा मुक्त भारत संकल्प समारोह 23 कल

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
बुधवार को वेटरनरी कॉलेज मथुरा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार में स्वच्छ भारत नशा मुक्त भारत स्वस्थ भारत सम्मान एवं संकल्प समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आवासन एवं शहरी का राज्य मंत्री भारत सरकार कौशल किशोर करेंगे। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा सम्मिलित होंगे। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मथुरा की सांसद हेमा मालिनी रहेंगी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वच्छ भारत और नशा मुक्त भारत एवं स्वस्थ भारत बनाने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे। कार्यों के साथ साथ सामाजिक संस्थाओं एवं जनमानस द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों को बढ़ावा देने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया जाना है। स्वच्छ भारत और नशा मुक्त भारत का संकल्प लेकर चार धाम 12 ज्योतिर्लिंग की 9700 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने वाले पर्वतारोही अनिल कुमार यादव के सम्मान में 23 अगस्त को यह कार्यक्रम रखा गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के मीडिया प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि कौशल किशोर के पुत्र आकाश किशोर उर्फ जेबी की मृत्यु मात्र 28 वर्ष की उम्र में नशे की वजह से हो गई थी, कौशल किशोर स्वयं सांसद होकर एवं उनकी पत्नी जय देवी कौशल स्वयं विधायक होकर भी अपने लड़के को नशे से नहीं बचा पाए और विगत 19 अक्टूबर 2020 को मात्र 28 वर्ष की उम्र में उनके लड़के आकाश किशोर उर्फ जैबी की मृत्यु हो गई। उसके बाद ही केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने तय किया कि वह अपने लड़के को तो नहीं बचा पाए लेकिन अब अन्य किसी के लड़के भाई पिता वह परिवार के किसी भी सदस्य की मौत नशे से ना हो इसके लिए वह लोगों को जागरूक करेंगे।

## बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पहली पत्नी के होते हुए दूसरी महिला को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने और फिर शादी से मुकर जाने के मामले में नामित आठ लोगों में से मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना मांट पुलिस ने पहली पत्नी होते हुए भी शादी का झांसा देकर पीडिता के साथ बलात्कार के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मांट प्रदीप कुमार के मुताबिक थाना मांट पर दर्ज अभियोग में अभियुक्त रितेन्द्र की पुलिस को तलाश थी। पीडिता ने शादी का झांसा देकर उसके साथ पहली पत्नी के होते हुए बलात्कार आदि जैसी घटना करने के सम्बन्ध में रितेन्द्र कुमार आदि आठ के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया था। रामनगला गांव की सडक के किनारे मांट सुरीर रोड के पास से पुलिस ने रितेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

## राधा कुंड के 69 लोगों के खिलाफ उपद्रव का मुकदमा दर्ज किया

**बलवा**

-मासूम बच्चे को पटक कर मार देने की घटना के बाद फूटा था लोगों का गुस्सां

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
कस्बा राधा कुंड में बीते शनिवार को बेरहमी से साधुभेष धारी द्वारा छह वर्षीय बालक की हत्या के बाद स्थानीय लोगों द्वारा बलवा किए जाने पर पुलिस ने 19 नामजद व 50 अज्ञात के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मृतक बालक का पोस्टमार्टम करा लिया है। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिमांड कराएगी। गौरतलब है कि शनिवार की शाम कस्बा राधाकुंड के कुम्हार मोहल्ला निवासी छह वर्षीय मासूम बालक अंकित पुत्र हरपाल सैनी की साधु भेष में घूम रहे ओमप्रकाश पुत्र रामगोपाल निवासी रहावली थाना लहार जनपद भिंड मध्य प्रदेश ने सड़क पर पटक पटक कर बेरहमी से हत्या कर दी। हत्याकांड के बाद आरोपी को मौके पर स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने आरोपी को लोगों के चंगुल से छुड़ाकर अस्पताल भिजवाया, लेकिन बालक की हत्या के बाद आक्रोश पनप गया और लोग एकजुट होकर नारेबाजी करने लगे। इतना ही नही बालक के शव को कई घण्टे तक उठने नहीं दिया। कस्बा में दहशत फैल गई और लोगों द्वारा कोनई रोड पर खड़ी बरसाना के सन्त रमेश बाबा की संस्था से गरीब व असहाय लोगों की सेवा को आई एम्बुलेंस बस को ईट पत्थर, लाठी डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया। कई घंटे तक भय का माहौल पैदा हो गया। इस मामले में रविवार को पुलिस की ओर से उप निरीक्षक राघवेंद्र चौहान ने 19 नामजद में नेहना उर्फ विपिन मिश्रा, गोपाल मिश्रा पुत्रगण अशोक मिश्रा, परशुराम गुर्जर, लक्ष्मण वकील पण्डित, बलराम पुत्र देवी, राधे कौशिक पुत्र किस्सो, चंचल बोहरे, मोनू पुत्रगण कान्ता बोहरे, देवो पुत्र राम सिंह कुम्हार, बांके गोस्वामी पुत्र मूलचन्द्र गोस्वामी, विष्णु पान वाला, अनिल पुत्र मंगल गोस्वामी, जगदीश पुत्र विनोद मेंबर, लवकुश चौधरी पुत्र सिंह चौधरी, रवी पुत्र फूली, राधावल्लभ पुत्र कृष्णदास, भण्डारी, पूरन बघेल, छोटू पण्डित पुत्र कलुआ तथा 50 अज्ञात महिला व पुरुष सभी निवासीगण राधाकुण्ड थाना गोवर्धन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# श्रावण मास में गिरिराज जी की अनूठी भक्ति है दंडवती परिक्रमा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
श्रावण मास में गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा का विशेष महत्व है। दंडवती परिक्रमा अनूठी भक्ति है। पर्वतराज की भक्ति अनूठी तो भक्त भी निराले हैं। तमाम भक्तों ने अपना जीवन मानो प्रभु भक्ति को समर्पित कर दंडवती परिक्रमा शुरू कर दी है। इनमें तमाम वृद्ध और युवा है 1161 और 108 निशान लेकर दंडवती परिक्रमा कर रहे हैं। गोवर्धन पर्वत की शिलाओं में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के संरक्षित चिन्ह रहस्यमयी दिव्यता की गवाही दे रहे हैं। प्रभु की 21 किमी की परिक्रमा कर मनोकामना पूरी होने के लिए करोड़ों लोग आज भी



झोली फैला रहे हैं। पैदल परिक्रमा, दण्डवती परिक्रमा, दुग्धधारा और धूप परिक्रमा लगाकर प्रभु से आशीर्वाद मांग रहे हैं। गिरिराज के धाम में रात दिन लोग परिक्रमा कर रहे हैं। इनमें दंडवती परिक्रमा सबसे कठिन परिक्रमा है। 21 किमी लंबी परिक्रमा लेटकर लगाई जाती है। एक बार लेटकर श्रद्धालु ब्रजरज से सिर और आंखों को स्पर्श कर प्रभु का नमन करते हैं। बतौर निशान हाथों में पत्थर का टुकड़ा, नारियल रखकर परिक्रमा करते हैं। लंबा हाथ पर लेटने के बाद निशान को वहीं छोड़ देते हैं। फिर निशान के बाद अगली दंडवती करते हैं। परंपरा के तहत दंडवती के निशान से आगे वह पैदल नहीं जाते हैं। पूरी परिक्रमा के बाद यह धनराशि 17,300 रुपये हुई। यानी 21 किमी की दंडवती परिक्रमा में 17, 300 बार दंडवत होता है। हालांकि व्यक्ति की लंबाई के अनुपात में इस संख्या में थोड़ा बहुत अंतर आ सकता है। यह दंडवती परिक्रमा सामान्यतः सात से आठ दिन में पूरी हो पाती है। कुछ भक्त तो ऐसे हैं जिन्होंने अपना पूरा जीवन गिरिराज जी पर न्यौछावर कर रखा है। बड़ी परिक्रमा शुरू करते ही चंद कदमों की दूरी पर एक संत मौन रहकर 1161 निशान लेकर दंडवती परिक्रमा कर रहे हैं। यानी एक ही जगह 1161 दंडवत कर अगला कदम बढ़ाते हैं। उनकी एक दंडवती करीब 2 करोड़ 85 हजार 3 सौ दंडवत के बाद पूर्ण होगी। उन्होंने बात करने से तो इंकार कर दिया, कितने निशान की दंडवती है पूछने पर जमीन पर 1161 लिख दिया। राजाराम दास 108 निशान की दंडवती लगा रहे हैं।
नंदराम (72) भी 108 निशान के साथ अपना धार्मिक सफर पूरा कर रहे हैं।

## लेखपाल पर लगाएं अवैध वसूली के आरोप

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
महावन तहसील के लेखपाल पर अवैध वसूली का ऑडियो वायरल हो रहा है। जिसमें लेखपाल किसानों से साढ़े पांच हजार रुपये मांग रहे हैं। ग्रामीणों ने ऑडियो बना कर वायरल कर दिया। साथ ही महावन तहसील में समाधान दिवस में ग्रामीणों ने शिकायत कर लेखपाल पर कार्यवाही करने की मांग की है। महावन तहसील की ग्राम पंचायत बशैं में तैनात लेखपाल पर ग्रामीणों ने आरोप लगाए हैं। ग्राम पंचायत प्रधान वीरपाल सिंह का कहना है कि लेखपाल बिना सुविधा शुल्क लिए बिना काम नहीं करते हैं। जैसे आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र,



निवास प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट लगाने के लिए रुपये लिए जाते हैं। जिससे गांव के युवा परेशान रहते हैं। उनका कोई प्रमाण पत्र बनना हो तो तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जब तक लेखपाल को सुविधा शुल्क मिल नहीं जाता तब तक कोई कागज आगे नहीं बढ़ता है। ग्रामीण चंद्रवीर सिंह का कहना है कि किसानों की दाखिल खारिज भी बिना रुपये दिए बगैर नहीं होती है। समाधान दिवस में गांव बशैं से लगभग पचास ग्रामीण पहुंचे थे। उन्होंने एसडीएम महावन को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया गया। वहीं ग्रामीणों ने ओडियो वायरल कर दी। ग्रामीणों ने एसडीएम महावन से लेखपाल के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

# 'ई- वेस्ट रीसाइक्लिंग पॉलिसी बनाई जाएगी'

- छह नई औद्योगिक नीतियां लाने की तैयारी में है हरियाणा सरकार - दुष्यंत चौटाला
- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की पहले से अधिसूचित विभिन्न नीतियों की समीक्षा की गई और नई नीतियों के बारे में ड्राफ्ट को लेकर चर्चा हुई है

**प्रबंधन**

▶▶ इलेक्ट्रॉनिक्स वेस्ट रीसाइक्लिंग पॉलिसी लाएगी ताकि प्रदेश में ई-पॉल्युशन का प्रबंधन किया जा सके



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**हरियाणा** के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश में इलक्ट्रोनिक के पुराने और खराब सामान की सही ढंग से रीसाइक्लिंग करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक्स वेस्ट रीसाइक्लिंग पॉलिसी लाएगी ताकि प्रदेश में ई-पॉल्युशन का प्रबंधन किया जा सके। डिप्टी सीएम ने यह जानकारी सोमवार को यहां उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करने के बाद दी। दुष्यंत चौटाला ने बताया कि उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की पहले से अधिसूचित विभिन्न नीतियों की समीक्षा की गई और नई नीतियों के बारे में ड्राफ्ट को लेकर चर्चा हुई है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बताया कि प्रदेश सरकार इलेक्ट्रॉनिक्स वेस्ट रीसाइक्लिंग पॉलिसी तैयार कर रही है और जल्द ही स्टेकहोल्डर्स के साथ विचार-विमर्श करके इसको अंतिम रूप दे दिया जाएगा। उन्होंने आगे जानकारी दी कि सरकार हरियाणा आईटी एंड आईटीईएस पॉलिसी, हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन मैन्युफैक्करिंग पॉलिसी, हरियाणा इलेक्ट्रॉनिक्स टॉयज मैन्युफैक्करिंग पॉलिसी, हरियाणा मेडिकल डिवाइस मैन्युफैक्करिंग पॉलिसी, हरियाणा एवीजीसी पॉलिसी और हरियाणा इमर्जिंग टेक्नोलॉजी पॉलिसी भी जल्द प्रदेश में ला रही हैं। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने बताया कि राज्य सरकार का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में अधिक से अधिक उद्योगों में निवेश लाना है ताकि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार निवेशकों को आकर्षित करने के लिए पॉलिसी बनाकर कई सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि प्रदेश की बेहतरीन पॉलिसीज के कारण पिछले दिनों मारुती, एटीएस जैसी कई बड़ी कंपनियों ने अपने प्लांट लगाए हैं।

## इस साल के अंत तक हिसार एयरपोर्ट की ऑपरेशनल एक्टिविटी पूरी कर लें : दुष्यंत

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने हिसार एयरपोर्ट के निर्माण से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस साल के अंत तक एयरपोर्ट से जुड़ी सभी ऑपरेशनल एक्टिविटी पूरी कर लें ताकि नववर्ष में यहां से सिविल एविएशन की उड़ान शुरू की जा सकें। डिप्टी सीएम , जिनके पास सिविल एविएशन विभाग का प्रभार भी है , ने आज यहां चंडीगढ़ में हिसार एयरपोर्ट के निर्माण को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की। अपने - अपने विभाग के कार्यों को पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य को आगे बढ़ाएं और गति दें।

## सरकार राईट ऑफ यूज व राईट ऑफ वे नीति करेगी लागू

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** सरकार प्रदेश में सीएनजी और पीएनजी के बुनियादी ढांचे के विकास हेतु एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उपयोग का अधिकार (राइट ऑफ यूज) और रास्ते का अधिकार (राईट ऑफ वे) नीति लागू करने जा रही है। इस नीति का उद्देश्य सीएनजी और पीएनजी वितरण नेटवर्क की सुचारू स्थापना को सुविधाजनक बनाना है। यह जानकारी मुख्य सचिव संजीव कौशल की अध्यक्षता में आज यहां प्रदेशभर में कंप्रेस्ड प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) के बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी लाने के लिए हुई समीक्षा बैठक में दी गई।

# भिवानी में किरण चौधरी का शक्ति प्रदर्शन

- कांग्रेस रैली में सुरजेवाला नहीं आए, सैलजा के साथ किरण बोलीं- हमने डंका बजा दिया



**टीम एक्शन इंडिय/भिवानी**
**हरियाणा के** भिवानी में कांग्रेस ने सोमवार को भाजपा- जजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। एमएलए किरण चौधरी के शक्ति प्रदर्शन में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष कुमारी सैलजा और पूर्व सांसद श्रुति चौधरी शामिल हुई। राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला कार्यक्रम में नहीं पहुंचे। कार्यकर्ता किरोड़ी मल पार्क से प्रदर्शन करते हुए लघु सचिवालय पहुंचे। सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की गई। लघु सचिवालय के बाहर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता एवं विधायक किरण चौधरी ने कहा कि भिवानी जिला किसी को भी टक्कर देने में सक्षम है। आज डंका बजा दिया है। इससे सभी विरोधियों के कान खड़े हो जाएंगे। दिसंबर के दूसरे सप्ताह में बड़ी रैली करेंगे, जिसमें 2 लाख लोग शामिल होंगे। चरखी दादरी में भी प्रदर्शन करेंगी। चौधरी बंसीलाल, सुरेन्द्र, श्रुति व मैं जहां खड़े हैं, वो आपके कारण हैं। आपके हम हमेशा ऋणी रहेंगे। किरण चौधरी ने कहा कि राज लाकर दिखाएंगे हम। भाजपा ने हरियाणा को प्रयोगशाला बना दिया है। हर घर में एक आदमी कागजों की थैली लिए घुमता है। आज घोटाले पर घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेंशन घोटाला, प्रॉपर्टी आईडी घोटाला हुआ है। किसानों की 2022 में आय दोगुना का वादा किया था। कानून व्यवस्था पूरी तरह विफल है। इससे पहले कुमारी सैलजा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्रुति चौधरी फिर से सांसद बनेगी। भाजपा ने सेना व सैनिकों से धोखा किया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 2024 के चुनाव में सारी सीटें किरण चौधरी के नेतृत्व में जीता देना।

# अंबाला-कुरुक्षेत्र के किसान नेताओं की धरपकड़

चंडीगढ़ कूच से एक दिन पहले पुलिस ने पकड़े; लाइव आकर बोले- किसान खुद करें अगुवाई



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला**
**हरियाणा** और पंजाब की 16 किसान यूनियन ने 22 अगस्त को चंडीगढ़ कूच करने का ऐलान किया हुआ है, लेकिन प्रशासन ने एक दिन पहले ही किसान नेताओं को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया है। अंबाला और कुरुक्षेत्र समेत अन्य जिलों में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। अंबाला में मीटिंग के लिए बुलाए बीकेयू शहीद भगत सिंह के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरजीत सिंह मोहड़ी समेत अन्य कई किसानों को भी गिरफ्तार किया गया है। वहीं, कुरुक्षेत्र में किसान नेता संदीप सिंह को भी पुलिस ने घर से उठा लिया है। किसानों से अपनी अगुवाई खुद करने की अपील हिरासत में लेने के बाद किसान नेता अमर जीत सिंह मोहड़ी ने सोशल मीडिया पर लाइव आकर किसानों से एकजुटता दिखाने की अपील की है। कहा कल 22 अगस्त को किसान शंभू बॉर्डर पर एकत्रित होकर चंडीगढ़ के लिए कूच करें। प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है, लेकिन किसान खुद की अगुवाई करते हुए आंदोलन की लड़ाई लड़े। कानून को अपने साथ में न लें।

**सरकार पर किसानों की सुध न लेने के आरोपः** भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के अध्यक्ष अमरजीत मोहड़ी ने कहा कि भारी बारिश के बाद आई बाढ़ ने खूब तबाही मचाई। हरियाणा और पंजाब की लाखों एकड़ जमीन पर खड़ी फसल खत्म हो गई, लेकिन सरकार ने किसानों की सुध तक नहीं ली। ऐसे में किसान अब 22 अगस्त को चंडीगढ़ कूच करेंगे।

# 'बिजली की औसतन मांग प्रतिदिन 11378 मेगावाट'



**मांग**

▶▶ खेदड़ के एक संयत्र व अडानी पावर स्टेशन की एक यूनिट में रिसाव के कारण उत्पादन हुआ प्रभावित

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के ऊर्जा मंत्री चौधरी रणजीत सिंह ने कहा है कि पिछले सप्ताह हरियाणा में बिजली की औसतन मांग प्रतिदिन 11378 मेगावाट रही। बिजली वितरण कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं की मांग को पूरा करने की हर हाल में प्रयास किये जा रहे हैं। खेदड़ के एक संयत्र व अडानी पावर स्टेशन की एक यूनिट में रिसाव के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ। इस कारण नाममात्र के बिजली कट भी लगाने पड़े। चौधरी रणजीत सिंह आज यहाँ अपने कार्यालय में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। आम आदमी पार्टी द्वारा चलाये जा रहे बिजली आंदोलनों के मुद्दे पर पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पिछले दिनों बाढ़ के कारण भी 12 सब-स्टेशनों पर पानी भर गया था, उस पानी को निकाला जा रहा है। इस कारण वहाँ से भी बिजली सप्लाई बंद करनी पड़ी। दिल्ली के उद्योगों का हरियाणा की तरफ शिफ्ट होना और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ग्रुप हाउसिंग सोसाइटी बनने से भी बिजली की मांग बढ़ी है। आम आदमी पार्टी पिछले 17 वर्षों से देश के अन्य राज्यों में अपनी राजनीतिक गतिविधियां चला रही है, परंतु कुछ नहीं मिला और हरियाणा में भी जब कुछ नहीं मिलेगा क्योंकि हरियाणा के लोग राजनीतिक रूप से बड़े जागरूक हैं। केंद्रीय मंत्री श्री अमित शाह के साथ गत दिनों नई दिल्ली में हुई मुलाकात के संबंध में पूछे जाने पर चौधरी रणजीत सिंह ने कहा कि श्री शाह के साथ उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। सिरसा रैली में आने के लिए वे उनका धन्यवाद व्यक्त करने के लिए गए थे। लगभग आधे घंटे उनसे बातचीत हुई। भाजपा को सबसे पहले बिना शर्त समर्थन देने वाले चौधरी रणजीत सिंह पहले विधायक थे और पिछले 4 वर्षों में पार्टी ने उन्हें सम्मान दिया। आगामी लोकसभा, विधानसभा व राजस्थान चुनावों पर भी चर्चा हुई। कांग्रेस का 'विपक्ष आपके समक्ष' कार्यक्रम के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि वे कांग्रेस में भी लंबे समय तक रहे हैं। वे आपस में मतभेदों में उलझे रहते हैं।

# हारट्रोन की नई वेबसाइट लॉन्च, नई साझेदारियां व सहयोग पर दिया जाएगा बल

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई साझेदारियां व सहयोग बनाने पर दिया जाएगा जोर, सूचना प्रौद्योगिकी में हारट्रोन के प्रयासों से हरियाणा को होगा फायदा

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (हारट्रोन) द्वारा आज आईटी हितधारकों के साथ एक दिवसीय अहम बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 21वीं सदी की आईटी स्किल एवं इनोवेशन इकोसिस्टम पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री वी उमाशंकर, हारट्रोन के प्रबंध निदेशक व अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा हारट्रोन की नई वेबसाइट को लॉन्च किया गया। यह वेबसाइट केवल एक पोर्टल नहीं बल्कि डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन का गेट-वे होगा, जिसके माध्यम से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नई साझेदारियां व सहयोग स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। इस मौके पर उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आनंद मोहन शरण ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने के नाते हारट्रोन के पास कई प्रतिष्ठित परियोजनाएं हैं, जिनका आगामी समय में हरियाणा को लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि आज की इस बैठक का उद्देश्य हमारे हारट्रोन फ्रेंचाइजी और सूचीबद्ध विक्रेताओं के सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना करना है, जो 1982 से हारट्रोन की अभी तक की यात्रा का हिस्सा रहे हैं।

**डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में हारट्रोन ओर मजबूत होगाः** मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने कहा कि हारट्रोन ने अपने पारंपरिक खरीद कार्य के साथ-साथ परामर्श और आईटी सेवाओं को शामिल करके अपनी भूमिका का जो विस्तार किया है, वह सराहनीय है। आज के आधुनिक युग में डेटा का अपना एक महत्व है और डिजिटल दुनिया में डेटा की महत्वपूर्ण भूमिका है। हारट्रोन के सहयोग से हरियाणा में विभिन्न ई-गवर्नेंस की परियोजनाओं को अमलीजामा पहनाया गया है और आज नई वेबसाइट के लॉन्च होने से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की दिशा में हारट्रोन ओर मजबूत होगा।

**सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, नेटवर्किंग इत्यादि क्षेत्रों में कौशल विकास व आईटी प्रशिक्षण की अपार संभानवाएं:** हारट्रोन के प्रबंध निदेशक जे गणेशन ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में हरियाणा से बाहर भी संगठन की पहुंच बढ़ाने के लिए नई साझेदारियां और सहयोग बनाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि हारट्रॉन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, नेटवर्किंग, हार्डवेयर रखरखाव और अन्य क्षेत्रों में कौशल को बढ़ाने के लिए आईटी प्रशिक्षण प्रदान करता है। इस क्षेत्र में नई साझेदारियां और सहयोग की अपार संभावनाएं हैं।
बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व विभिन्न क्षेत्रों में इसके उपयोग, भारत में डेटा सुरक्षा एवं गोपनीयता विनियम, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं ई-गवर्नेंस, स्वास्थ्य क्षेत्र में उभरती नई प्रौद्योगिकियाँ, स्टार्टअप एवं इनोवेशन इकोसिस्टम और 21वीं सदी के आईटी कौशल एवं लर्निंग इत्यादि विषयों पर भी सभी हितधारकों ने विस्तार से चर्चा की।

## सर्व कर्मचारी संघ ने 23 को हड़ताल का आह्वान किया

चण्डीगढः सर्व कर्मचारी संघ द्वारा 23 अगस्त, 2023 को राज्य स्तरीय हड़ताल का आह्वान किया गया है तथा मांगपत्र प्रस्तुत किया गया है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के स्तर पर उक्त मांगपत्र में वर्णित कोई भी मांग विभागीय स्तर पर लंबित नहीं है। उन्होंने कहा कि हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद, पंचकूला में अनुबंध के आधार पर तथा परिषद के उपनियमों के तहत कार्यरत सभी कर्मचारियों को परिषद के उपनियमों के अनुसार वेतनमानों का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

# तीन दिवसीय सांग उत्सव-2023 की शुरूआत

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा चंडीगढ़ में किया जा रहा है आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा द्वारा भारतीय संस्कृति को नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाई जा रही है। इसी कड़ी में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत विभाग द्वारा तीन दिवसीय सांग उत्सव-2023 का आयोजन करने की पहल की गई है। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस तीन दिवसीय सांग उत्सव का आयोजन 21 से 23 अगस्त, 2023 तक टैगोर थियेटर सेक्टर 18, चंडीगढ़ में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सांग उत्सव की शुरूआत आज सतीश जार्जी कश्यप द्वारा निर्देशित सांग कृष्णा से होगी जोकि एक अंतरराष्ट्रीय कलाकार है तथा विदेशों में भी अपनी कला का लोहा मनवा चुके हैं।
यह सांग श्लोकों पर संस्कृत में आधारित है जो कि पंडित सूर्यभानु शास्त्री और सतीश जॉर्जी कश्यप ने लिखा है।
रंगमंच में उनके निरंतर रचनात्मक योगदान के लिए भारत के राष्ट्रपति द्वारा 2007 में राष्ट्रीय संगीत नाटक अकादमी के सर्वोच्च पुरस्कार से अलंकृत किया गया।

## 'प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित करने पर पाएं 15 प्रतिशत की विशेष छूट'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि राज्य सरकार ने आम जनता के हितों का ध्यान रखते हुए वर्ष 2023-24 का प्रॉपर्टी डाटा सत्यापित करने के लिए 15 प्रतिशत की विशेष छूट प्रदान करने का निर्णय लिया है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2023-24 के प्रॉपर्टी टैक्स की पूर्ण अदायगी करने पर सीमित समय के लिए छूट दी है जो छूट 30 सितंबर, 2023 तक जारी रहेगा। अब प्रॉपर्टी धारक किसी भी प्रकार की त्रुटि के निवारण हेतु विभागीय पोर्टल पर स्वयं भी अपनी प्रॉपर्टी का डाटा सत्यापित कर सकते हैं।

# मूलचंद शर्मा ने बिजली वितरण निगम से सम्बंधित समस्याओं की बैठक में दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश

**समस्याओं को दूर करने का निर्देश**

▶▶ एचवीपीएन द्वारा सेक्टर 64 में 66 केवी पावर सब स्टेशन के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से मांगी गई जमीन को तुरंत प्रभाव से हैंडोवर करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं।

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को आमजन को बिजली विभाग की तरफ से आने वाली समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। मूल चंद शर्मा ने बल्लभगढ़ में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम और हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम के अधिकारियों के साथ बैठक की।
परिवहन मंत्री ने अधिकारियों को बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र की बिजली सप्लाई और खंभों से जुड़ी समस्याओं बारे समीक्षा बैठक की। उन्होंने दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बल्लभगढ़ विधानसभा के अंदर अर्थिंग, लाइनों के नीचे से गुजर रहे पेड़ों की कटिंग के अलावा अन्य मेंटेनेंस के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें, ताकि बिजली कटों से निजात मिल सके और लोगों को भरपूर बिजली दी जा सके। श्री मूल चंद शर्मा ने एचवीपीएन द्वारा सेक्टर 64 में 66 केवी पावर सब स्टेशन के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण से मांगी गई जमीन को तुरंत प्रभाव से हैंडोवर करने के लिए हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वे एक सप्ताह के अंदर-अंदर सारी प्रक्रिया को पूरा कर जमीन हरियाणा विद्युत प्रसारण निगम को सौंप दें। ताकि पावर सब स्टेशन लगाने की आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# ड्रग फ्री हरियाणा अभियान के तहत 1 सितंबर को होगा मेगा साइक्लोथॉन का आयोजन



**नो टू ड्रग्स**

▶▶ मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल से हरी झंडी दिखाकर करेंगे आगाज

▶▶ 25 सितंबर को यमुनानगर में होगा समापन

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**हरियाणा** से नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए ड्रग फ्री हरियाणा अभियान को तीव्र गति प्रदान करने और एक स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा 1 सितंबर से 25 सितंबर तक एक महीने का साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 1 सितंबर को करनाल से हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन का आगाज करेंगे और इसका समापन 25 सितंबर को यमुनानगर में होगा। इसके अलावा, जिलों में भी अपने स्तर पर साइक्लोथॉन का आयोजन किया जाएगा, जिनके माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और फिटनेस को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर ने यह जानकारी आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ आयोजित महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। वी उमाशंकर ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नशे की बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने के साथ-साथ युवाओं को स्वस्थ और नशा मुक्त जीवन शैली की ओर प्रोत्साहित करना। साइक्लोथॉन के माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली के महत्व के प्रति जागरूक किया जाएगा और उन्हें नशे के हानिकारक प्रभावों के बारे में भी अवगत करवाया जाएगा। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस साइक्लोथॉन में कॉलेज व सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा, जिला उपायुक्त स्वास्थ्य, आबकारी एवं कराधान, विकास एवं पंचायत और उच्च शिक्षा विभागों के सहयोग से इस कार्यक्रम का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि 1 सितंबर को करनाल से आरंभ हुई साइक्लोथॉन विभिन्न जिलों से होते हुए 25 सितंबर को यमुनानगर पहुंचेगी। इसके अलावा, तैयार कैलेंडर के अनुसार प्रत्येक जिले में भी साइकिल रैली व कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**जन-साधारण को स्वास्थ्य पर जीवनशैली अपनाने का दिया जाएगा संदेशः** वी उमाशंकर ने इस अभियान के माध्यम से जनसाधारण को स्वास्थ्य पर जीवनशैली अपनाने की ओर प्रोत्साहित करने के संकल्प को दशार्या। उन्होंने स्थानीय जन समुदाय के सहयोग से नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति एक सशक्त अभियान की आवश्यकता को भी उजागर किया। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में स्वास्थ्य और फिटनेस की संस्कृति का प्रचार करने के दृढ़ संकल्प के साथ जिला प्रशासन और संबद्ध विभागों द्वारा समर्पित प्रयास किए जाने चाहिएं। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने कहा कि साइक्लोथॉन का अहम विषय नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति लोगों को जागरूक करना है, इसलिए दवाओं की बिक्री और उपयोग के खिलाफ सशक्त अभियान के लिए ड्रग संभावित जिलों व क्षेत्रों में केमिस्ट एसोसिएशन के सहयोग से एक अनूठी रणनीति की योजना बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनसंपर्क और संस्कृति विभाग के नेतृत्व में व्यापक एवं आईटी का उपयोग करते हुए मादक पदार्थों के सेवन से होन वाले नुकसान से संबंधित संदेशों व लघु फिल्मों का प्रचार-प्रसार करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि साइक्लोथॉन के बाद प्रतिभागियों को नशीली दवाओं से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देने की शपथ भी दिलाई जाएगी। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव ने कहा कि पुलिस विभाग नोडल एजेंसी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए कार्यक्रम की सुरक्षा और लॉजिस्टिक्स की निगरानी करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नशे की समस्या जिन क्षेत्रों में अधिक है, उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए और साइक्लोथॉन का रूट इन क्षेत्रों को शामिल करके निर्धारित किया जाए।